डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 82,890.94 -71.77
डॉलर 83.880 -0.050
रांची सर्राफा
10 ग्राम ₹ 73,450 | 01 किलो ₹95,000

ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 16 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक- 333, पृष्ठ-12 | ₹ 3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 मोदी 3.0 : पहले 100 दिनों में 3...



# सर्वजन की सरकार
# सभी के हितों से सरोकार

गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की स्वीकृति मिल गई है। मेरे आवेदन को बैंक से जोड़कर उच्च शिक्षा हेतु रियायती दर पर मुझे ऋण उपलब्ध हो सकेगा। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मुझे उच्च शिक्षा ग्रहण करने में समस्या आ रही थी। योजना का लाभ मिलने से मेरे जैसे कई युवाओं को पढ़ाई में काफी मदद मिलेगी।
**आदित्य कुमार, बोकारो**



रक्षा बंधन पर हेमन्त भैया ने हमें उपहार दिया है। हर माह हमें एक हजार और साल में 12 हजार रुपया प्राप्त होगा। मुझे दूसरी किस्त भी प्राप्त हो गई है। यह पैसा मेरी जरूरतों को पूरा करने में सहयोग करेगा।
**दिव्या तिवारी, विश्रामपुर, पलामू।**



**झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना**
राज्य की 18 से 50 वर्ष तक की लाखों बहनों को हर साल **₹12 हजार** की सम्मान राशि

**बैंक क्रेडिट/लिंकेज**
राज्य की **2,60,994** महिला समूह को **₹11,225 करोड़** की राशि उपलब्ध करायी गयी

**मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना**
**20 हजार** से अधिक स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार हेतु करोड़ों की राशि वितरित

**राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना**
**20 लाख** गरीब परिवार को रसोई घर युक्त तीन कमरे का पक्का आवास

**मुख्यमंत्री बिरसा स्वास्थ्य सुरक्षा योजना**
**15 लाख** तक का स्वास्थ्य बिमा, **66 लाख** राशनकार्ड धारियों को लाभ

**मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना**
**200 यूनिट** तक बिजली उपभोग करने वाले **38.41 लाख** लाभुक का बिजली बकाया माफ

**झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना**
लगभग **6.5 लाख** किसानों को राहत, **₹1 हजार 900 करोड़** का ऋण माफ
ऋण माफी की राशि ₹50 हजार से बढ़कर **₹2 लाख** की गई

**साइकिल वितरण योजना**
**8 लाख** बच्चों को मिली साइकिल

**CM उत्कृष्ट विद्यालय**
80 स्कूलों में CBSE माध्यम से पढ़ाई शुरू, पंचायत स्तर पर कुल **5 हजार** स्कूलों को उत्कृष्ट बनाया जा रहा है

**प्री एवं पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप**
**35 लाख** बच्चों को मिला लाभ

**सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना**
**9 लाख** किशोरियों को **₹40 हजार** (प्रति किशोरी) की सहायता राशि

**गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड**
**15 लाख** तक का ऋण, हजारों युवाओं को मिल रहा लाभ

**मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना**
विदेश में उच्च शिक्षा के लिए वंचित वर्ग के युवाओं को राज्य सरकार दे रही **100% स्कॉलरशिप**





साइकिल की राशि मिलने से हम जैसे ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के लिए स्कूल जाने में सहूलियत रहती है। साइकिल मिल जाने से अब आने-जाने का कोई खर्च अलग से नहीं उठाना पड़ेगा, इसके लिए राज्य सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद।
**गायत्री मुंडा, कुडापूर्ति, मुरहू, खूंटी**



अबुआ आवास के लिए मुझे दूसरी किस्त की राशि मिल चुकी है। इस राशि से मैंने घर के छत लेवल का काम पूर्ण कर लिया है। तीसरी किस्त की राशि जल्द मिलेगी, ऐसा प्रखंड कार्यालय द्वारा बताया गया है। किस्त मिलते ही घर के छत की ढलाई पूरा करूँगा। मेरा घर मिट्टी का था, लेकिन सरकार ने मुझे पक्का आवास दिया है। हेमंत सोरेन को जोहार।
**सुजीत मुंडा, कांके, ग्राम चौबे खटंगा, रांची**

PR No. 335855 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## मूसलाधार बारिश से सभी छोटी नदियां उफान पर

# भीमबराज के 27 गेट खोले गए, नदी में बह रहा 87 हजार क्यूसेक पानी

**किसानों ने खरीफ व रबी फसलों के लिए बताया फायदेमंद**

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** अब तक की सबसे अच्छी घंटों की मूसलाधार बारिश से शनिवार देर रात से रविवार की सुबह तक हुई। इससे आसपास की काशीसोत, राजबारा सहित अन्य छोटी नदियों में इस मौसम में पहली बार उफान आ गया। जबकि कोयल नदी में दूसरी बार ऐसा देखने को मिला। इस बार की बारिश से काशीसोत डैम सहित अन्य सभी आहर लबालब हो गए हैं। इससे खरीफ फसलों की अच्छी पैदावार और रबी की बोवाई के लिए फायदा पहुंचने की उम्मीद किसान रामजन्म राम, कृष्णा यादव व अन्य ने जताई है। राजबारा नदी में उफान से इसमें बनी सड़क पर काफी देर तक जलप्रवाह होता रहा। इससे लोगों को आवागमन में थोड़ी परेशानी हुई। हालांकि रामनगर के ग्रामीणों के श्रमदान से बनी पुलिया को नुकसान नहीं पहुंचा है। वहीं ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में बारिश के कारण कोयल में उफान को देखते हुए एहतियातन भीमबराज के 27 गेट खोल दिए गए हैं। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि कोयल नदी में 87000 क्यूसेक पानी प्रवाहित किया गया है। जबकि मुख्य नहर के जलप्रवाह को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।



### पहली बारिश में पुलिया की एप्रोच सड़क ध्वस्त, उद्घाटन भी नहीं हो पाया



**उंटारी रोड।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गुरहाकला के ग्राम मल्लाहटोली में वर्ष 2024- 25 योजना अंतर्गत धनकाई नदी पर बनी पुलिया की एप्रोच सड़क व गार्डवाल बारिश को नहीं सह पाया। ज्ञात हो किअप्रैल 2024 मे कार्य प्रारम्भ हुआ और सितम्बर 2024 पांच माह में बारिश का पहला पानी भी पुलिया का खंभा व दीवाल नहीं सह पाया भार और ध्वस्त हो गया । इस पुलिया का उद्घाटन भी नहीं हुआ था। मुखिया प्रत्याशी बच्चनदेव चौधरी ने बताया कि पुलिया का निर्माण किस फण्ड से और कितनी राशि की योजना थी। इसका ना कोई बोर्ड लगा है और ना ही कोई शिलान्यास या उद्घाटन हुआ है। सड़क के बह जाने से मल्लाह टोली ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाई हो सकती है। आजादी के 78साल बाद पुलिया निर्माण के बाद उम्मीद जगी थी, लेकिन पांच माह में ही उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया।

### दो दिनों तक रहेगी बिजली आपूर्ति बाधित



**हुसैनाबाद।** शनिवार की रात व रविवार की सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश से हुसैनाबाद की सभी नदियां उफान पर हैं। हड़ही नदी जपला हैदरनगर मुख्य सड़क पर बने पुल के ऊपर से पानी बह रहा है।

हुसैनाबाद के पचंबा ग्रिड से निकलने वाली 33 हजार वोल्ट का बिजली का खंभा बारिश से गिर गया है। बिजली विभाग के सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो व कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि हुसैनाबाद, मोहम्मदगंज व हैदरनगर में दो दिनों तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। बताया जा रहा है कि केवल बैरांव फीडर लाइन चालू रहेगी। जबकि बारिश का पानी कम होने के बाद विद्युत खंभे गाड़कर बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी।

### हुसैनाबाद में बारिश से ब्लैक आउट की स्थिति



**हुसैनाबाद।** शनिवार की रात व रविवार की सुबह अधिक वर्षा होने के करण हरही नदी में अधिक पानी होने के कारण बहाव से देवरी सब स्टेशन पर जाने वाला 33 हजार डीपी टूट कर हैदरनगर, मोहम्मदगंज बिजली सब स्टेशन में जाने वाला 33 हजार डीपी में गिर जाने से डीपी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस कारण हुसैनाबाद शहरी, ग्रामीण, हैदरनगर, पंसा, मोहम्दगंज क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति दो दिनों तक बाधित रहेगी। इसकी जानकारी विद्युत कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया की इसकी सूचना विद्युत विभाग के वरीय पदाधिकारियों को दे दी गई है। फिलहाल बारिश के कारण क्षेत्रों में सभी नदियां उफान पर है। वहीं हुसैनाबाद,हैदरनगर व मोहम्मदगंज में ब्लैक आउट हो गई है। लोगों को घरेलू के अलावा मोबाइल चार्ज करने में भी परेशानी हो गई है।

## पंचायत सचिवालय में पानी भरा, कागजात नष्ट होने की आशंका

नवीन मेल संवाददाता

**पांडू।** पांडू प्रखंड में दिन शनिवार की रात्रि से हो रही भारी बारिश से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। प्रखंड की बाकी, धुरिया झांसी, खुझा सहित कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पांडू पंचायत सचिवालय में बारिश का पानी के प्रवेश कर जाने से वहां रखे कई कागजात खराब होने की आशंका है। वहीं पीडीएस के गोदाम में दो से ढाई फीट तक नदी का पानी घुस जाने के कारण चावल और गेहूं के बोरे पानी में डूब गये हैं। सब्जी मार्केट में कई झोपड़ियां नदी की तेजी धार में बह गई हैं। वहीं, ग्राम करमडीह में संत कुमार सिंह उर्फ अलकारी सिंह के घर में नदी का पानी प्रवेश कर गया है,जिसके कारण घर में रखा सारा सामान हुआ बर्बाद हो गया है। बेलहरा में बने पुल के एप्रोच रास्ता तेज धार में बह जाने से आवागमन बाधित हो गया है। भारी बारिश को देखते हुए पांडू पुलिस के कुमार सौरभ द्वारा लोगों से सावधान रहने की अपील की जा रही है।



## बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त, सभी नदी-नाले उफान पर

**- कई गांव बने टापू, घरों में घुसा बरसात का पानी**

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** शनिवार शाम से लगातार हो रही बारिश से विश्रामपुर क्षेत्र में जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। क्षेत्र के सभी नदी नाले उफान पर हैं.कई जगह पर सड़क व पुल के ऊपर से पानी बह रहा है, जिसके कारण नदी किनारे के गांव की हालत टापू जैसी हो गई है.लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। दर्जनों कच्चे मकान ध्वस्त हो गए। वहीं कई कच्चे रास्ते पानी के तेज बहाव में बह गए। नदी किनारे के कुछ गांवों में बरसात का पानी घुस गया है। बरसात के इस पानी से हुए नुकसान का पूरा आकलन तो बारिश रुकने के बाद ही लगाता जा सकता है। गोदरमा लारंगहा टोला के पास से गुजरने वाली भेलवा नदी का पानी पुल के ऊपर से गुजर रहा है। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय की सूचना पर रेहला पुलिस पुल किनारे पहुंची और लोगों को नदी पार नहीं करने का आग्रह किया। यहां पर नदी किनारे के गांव टापू बन गए हैं। इतना ही नहीं बी मोड़ - उंटारी रोड पर यातायात बंद हो गया है। गुरी ग्राम पंचायत का एक कच्चा ग्रामीण रास्ता तेज बहाव में बह गया।

### पुलिस ने रेस्क्यू कर 12 लोगों को बचाया



रेहला के विशुनपुर टोला के घरों में पानी घुस गया, जिससे वहां पर कई लोग फंस गए। पार्षद नरेंद्र राम गुड्डु की सूचना पर रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार गांव के पास पहुंचे। यहां नंदकिशोर साव के घर में पांच फीट से भी ऊपर पानी घुस गया, जिससे उनका पूरा परिवार फंस गया था। थाना प्रभारी संतोष कुमार, एसआई जगन्नाथ चक्रवर्ती ने पुलिस बल व स्थानीय लोगों के साथ मिलकर रेस्क्यू चलाया। पुलिस ने बच्चों और वृद्धों सहित 12 लोगों को गोदी में उठाकर बाहर निकाला। यहां के लोगों ने बताया कि घरों में पानी घुसने से खाने के समान से लेकर सभी कुछ बरबाद हो गया है।

## एक नजर

### पूर्व मुखिया के निधन से अपूरणीय क्षति : कामेश्वर

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड के खरगाड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया नागेंद्र मेहता के असामायिक निधन से क्षेत्र के कुशवाहा समाज को गहरा झटका लगा हैं। उक्त बातें भाजपा नेता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा ने कही। वे मृतक के पिता सहित परिजनों को धैर्य बंधाते हुए कहा कि इनके निधन से कुशवाहा समाज की क्षति की भरपाई नहीं की जा सकती। इस मौके पर उनके अलावा जयप्रकाश कुशवाहा, वीरेंद्र मेहता, अर्जुन मेहता साहित सनाज के सैकड़ों लोग शामिल थे।

### डाक अभिकर्ताओं ने निदेशक को सौंपा ज्ञापन

**हुसैनाबाद।** जपला मुख्य डाकघर के अभिकर्ताओं ने डाक निदेशक को निवेशकों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया है कि पूर्व में के भी पी एवं एनएससी का निवेशक एक वर्ष बाद एक दूसरे निवेशक से ट्रांसफर करते थे जो अब नही हो रहा है जिसके कारण उन्हें परेशानी हो रही है इसके अलावे के भी पी व एन एस सी ऑन लाइन नही रहने के कारण भुगतान की जटिल प्रक्रिया से महीनों समय लगता है इसपर डाक निदेशक पंकज कुमार मिश्र व डाक अधीक्षक प्रेमजीत कुमार ने ज्ञापन को पढ़ा और अभिकताओं की बातों को ध्यान पूर्वक सुना और कहा कि आपलोग धैर्य रखें जल्द ही एक नया ऐप्प आ रहा है उसी से सभी का निदान हो जाएगा ज्ञापन देने वालों में श्रवण कुमार,देवेन्द्र नाथ गुप्ता, डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, रंजीत सिंह,कैलास मेहता, रविकांत सिंह,नरेन्द्र प्रसाद , राजकुमार, रमेश कुमार, सौरभ कुमार, शम्भू नाथ शर्मा आदि का नाम शामिल है।

### विधायक ने तीन सड़कों के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

## सम्पूर्ण इलाके में बिना भेद भाव के कार्य किया है : कमलेश

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने रविवार को हुसैनाबाद प्रखंड की तीन महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन सड़कों पर विगत दस वर्षो से कोई कार्य नहीं हुआ था। ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। जिन सड़कों का शिलान्यास किया गया, उसमें पीडब्ल्यूडी पथ से बनसप्ति भाया पतरा कला चारकोल झरगड़ा तक, सबानो रोड से सरहु, झरगड़ा तक व दूअरा देवी मंदिर से झरहा पिच रोड बड़हिया झरहा गांव तक पथ निर्माण कार्य शामिल है। शिलान्यास के मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की एक-एक सड़क व पुल-पुलिया का निर्माण कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण इलाके में बिना भेद भाव कार्य किया है,



जिससे सभी जात,धर्म व समुदाय के लोगों को फायदा हो रहा है। विधायक ने विरोधियों पर प्रहार करते हुए कहा कि दस वर्ष वह विधायक नहीं थे, तब उन्होंने क्षेत्र में क्या काम किया, जनता को हिसाब देना चाहिए। विधायक ने कहा कि अगर कुछ समस्या रह गई होगी तो उसका भी समाधान आने वाले समय में करा दिया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डु सिंह, विनय पासवान, अभिषेक सिंह हरी, ओमप्रकाश राजवंशी, गोरख पासवान, सुबास पासवान, चंदन कुमार, श्रीकांत, सतेंद्र सिंह, सुनील कुमार, पिंटू सिंह, अवधेश शर्मा, बीटू मिश्रा, प्रमोद यादव, संजय व्यास, अनुज पासवान, पप्पू सिंह, रत्न प्रसाद, हंसराज सिंह, अजय सिंह, एवं ग्रामीण उपस्थित रहें।

## 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए पदाधिकारी

नवीन मेल संवादाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड के पांकी पूर्वी पंचायत के राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय में रविवार को 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया शंकर प्रसाद, उप मुखिया अनारिक राम, डॉ. रियाज अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी- अपनी समस्या से पदाधिकारियों को अवगत कराया। पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता ने शिविर में लगे विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में समस्याओं का निष्पादन ससमय हो और ज्यादा से ज्यादा लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए जिला स्तर से कार्यक्रम की नियमित मानीटरिंग हो रही है। पांकी पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सरकार आपकी हर समस्या से रूबरू होने आपके द्वार पहुंची है।

**बच्चों के बीच साइकिल का हुआ वितरण :** शिविर में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता के द्वारा महिला समूह के बीच में आई कार्ड का वितरण एवं 30 लाख रुपए का चेक भी दिया गया। बच्चों के बीच में साइकिल का भी वितरण किया गया है। मौके पर सी.आई उपेंद्र कुमार, पंचायत समिति मिथिलेश यादव, इनामुल आजाद, केदार प्रसाद, चिंटू गुप्ता, लखन प्रसाद, वार्ड सदस्य विमला पांडे, चंचला देवी सहित प्रखंड कर्मी सह अंचल कर्मी एवं सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## झमाझम बारिश में भी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

**● सरकार द्वारा आयोजित महत्वाकांक्षी शिविर का लाभ उठाएं : सीओ**

नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के जामुनडीह पंचायत सचिवालय सभागार में' आपकी योजना 'आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया कृष्णकांत चौबे ने अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, बीएएचओ प्रमोद कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी को पुष्पगुच्छ देकर किया। मुखिया चौबे ने बताया कि इस विशेष अभियान का एक मात्र उद्देश्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का है। वहीं अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने



बताया कि ग्रामीणों को कई बार सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं की जानकारी नहीं होती है, इसलिए सरकार आपके द्वार तक पहुंच रही है। अभी लोगों को कहीं जाने की जरूरत नहीं है सभी पदाधिकारी पूरे कार्यालय के सेटअप के साथ आपके द्वार तक पहुंचे है। आप सभी राज्य सरकार द्वारा आयोजित महत्वाकांक्षी शिविर का लाभ उठाएं।

**19 को कोटखास व 21 को जूरू में लगेगा शिविर :** साथ ही उन्होंने ने बताया कि 19-सितम्बर को कोटखास तथा 21 सितम्बर को जूरू पंचायत में पुनः सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं 24 सितंबर को प्रखंड स्तरीय 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम शिविर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आयोजित किया जाएगा जिसमें जो लोग पंचायत स्तरीय शिविर में शामिल नहीं हो सके, वे लोग वहां पहुंच कर सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। वहां पर सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। साथ ही शिविर में सरकार द्वारा चिन्हित किए गए सभी विभागों के स्टॉल लगे हुए थे।

### परिसंपत्तियों का वितरण किया गया

वहीं,कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस दौरान सोना-सोबरन योजना के तहत 35 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी ,जेएसएलपीएस के तहत दीदीयों को चेक,जल सहियाओं बीच पोशाक का वितरण किया गया। शिविर विभिन्न मामलों के कुल 546 आवेदन प्राप्त हुए । कार्यक्रम के मौके पर सीआई रितेश रंजन तिवारी , राजस्व कर्मचारी महेंद्र राम ,एटीएम प्रकाश रंजन सिंह, दिलीप तिवारी योगेंद्र सिंह, पेयजल ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ओम प्रकाश कंप्यूटर ऑपरेटर साकेत सिंह, दिलीप कुमार,सनोज कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीण एवं संबंधित प्रखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मी शिविर में उपस्थित रहे। वहीं,भारी बारिश की संभावना को देखते हुए लेस्लीगंज अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के आम आवाम से अपील करते हुए कहा है कि आप नदी तालाब या जहां बारिश का पानी ज्यादा जमा होने कि संभावना हो वहां जाने से परहेज करें। ताकि अनहोनी से बचा जा सके।

## न्यूज बॉक्स

### पानी के तेज बहाव में रबदा स्कूल के समीप पुलिया बही, आवागमन बाधित

**नावाबाजार।** शनिवार की देर रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश से नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र की सभी छोटी-बड़ी नदी नाले उफान पर आ गई है। रबदा गांव स्थित स्कूल के पास अवस्थित पुलिया तेज बहाव में बह गया। जिससे रबदा सहित नेनुआ, खमडीहा सहित पंडवा प्रखंड के चिल्ही, बरवाडीह आदि गांवों का एनएच98 से सड़क सम्पर्क टूट गया है। लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में नाले पर बनी कलभट व पुलिया के उपर से पानी बह रहा है। जिससे आवागमन ठप हो गया। जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया।

### ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक

**मोहम्मदगंज।** थाना परिसर में शनिवार को करमा पर्व, ईद मिलादुन्नबी व विश्वकर्मा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक सीओ रणवीर कुमार की अध्यक्षता में हुई। संचालन थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने किया। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने इन सभी त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया। पर्व में खलल डालने वाले तत्वों पर निगरानी व वैसे लोगों की सूचना पुलिस-प्रशासन को तत्काल देने की बात कही। गोड़ाडीह के पूर्व मुखिया पंचम खान ने कहा कि इस प्रखंड में सभी समुदाय के साथ मिलजुल कर त्यौहार मनाने की पुरानी परंपरा है। इस मौके पर रामवचन बैठा, सुदर्शन पासवान मुखिया, रामजन्म राम, नदीम खान कांग्रेस, महेंद्र प्रसाद सिंह सांसद प्रतिनिधि, सीबी रमन सिंह, जावेद खान, मनोज सिंह, सिद्धार्थ कुमार, विश्वनाथ उर्फ मुन्ना चौधरी, एएसआई सुबीर किस्कू, बिपिन ठाकुर समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### खेलो झारखंड जिला स्तरीय प्रतियोगिता में रहमानिया विद्यालय के दो छात्रों ने स्वर्ण पदक जीता



**मोहम्मदगंज।** खेलो झारखंड-2024 के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में इस बार भी प्रखंड के रामबांध पंचायत के तारा स्थित आदर्श राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रहमानिया के हिमेश राम ने दौड़ स्पर्धा में परचम लहराया है। प्राचार्य मनोज कुमार ने बताया कि हिमेश ने अंडर-19 के 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर खुद का और विद्यालय का नाम रोशन किया है। पिछली बार भी हिमेश इस प्रतियोगिता में विजेता बना था। राज्य स्तर की इसी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। वहीं रमेश कुमार पाल ने इस बार की 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। विद्यालय परिवार इन दोनों ही होनहार धावकों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। उक्त प्रतियोगिता में प्रखंड के अन्य विद्यालयों के छात्रों ने भी पदक हासिल किया है। इनमें स्तरोन्नत उच्च विद्यालय रानीदेवा के सनी कुमार ने अंडर-17 लौंग जंप और अंडर-19 हाई जंप जबकि राजकीयकृत मध्य विद्यालय पंसा के नीतीश कुमार ने अंडर-14 लंबी कूद में स्वर्ण, गौतम कुमार ने ऊंची कूद में कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय और प्रखंड का नाम रोशन किया है।

### भगत तेंदुआ में आरसीसी नाली निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास



**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के भगत तेंदुआ गांव में सुरेश पासवान के घर से ब्रह्म स्थान तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को एनसीपी नेता तथा सांसद प्रतिनिधि ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया। मुहल्ले में नाली निर्माण नही होने से ग्रामीणों को एक साथ कई परेशानियों से गुजरना पड़ रहा था। अब नाली बन जाने के बाद मुहल्ले वासियों को जल निकासी की समस्या का निदान हो जाएगा। वहीं लोगों ने नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किए जाने पर प्रसन्नता जताई है। उक्त कार्य आध्या कंट्रक्शन के द्वारा कराया जाना है. शिलान्यास के मौके पर संवेदक एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, अविनाश सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, उपाध्यक्ष उदय सिंह, शिक्षक सुरेश सिंह, राम प्रसाद भुईयां, रंजन पासवान, ओमप्रकाश सिंह, विजय सिंह, सुरजीत सिंह, रेशमी देवी, बिनोद पासवान, विनीत सिंह, जयंत सिंह, बीरेंद्र सिंह, गौतम, सुमित सिंह, रवि सिंह आदि कई ग्रामीण मौजूद थे।

### सारथी सामुदायिक पुलिसिंग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में मोहम्मदगंज टीम ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**मोहम्मदगंज।** सिंचाई विभाग के मैदान में सारथी सामुदायिक पुलिसिंग फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को मोहम्मदगंज बनाम जपला के बीच खेला गया। राष्ट्र गान के पश्चात मुकाबला शुरू हुआ। बीच में थोड़ी देर झमाझम बारिश भी हुई। बावजूद मैदान के चारों ओर भारी संख्या में दर्शक डटे रहे। मुकाबले का आनंद उठाया। जब पहले हाफ के अंतिम समय में मोहम्मदगंज की जपला पर 1-0 की बढत हो गई, तो टीम के खिलाड़ियों के साथ ही स्थानीय दर्शकों का उत्साह दोगुना हो गया। जपला टीम के खिलाड़ी पूरे मुकाबले के दौरान जवाबी हमला के लिए संघर्ष करते रहे। इसी बीच दुसरे हाफ में मोहम्मदगंज टीम की ब्यूह रचना को भेद कर जपला ने मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। मुकाबले का अंत बराबरी की स्थिति में पेनाल्टी शूट का निर्णय लिया गया। इसमें भी 5-5 की बराबरी रहा। अंत में आयोजन समिति ने टॉस का निर्णय लिया। मगर दोनों टीम इस पर राजी नहीं हुए।दोबारा पेनाल्टी शूट में भी मुकाबला बराबरी रहा। फिर 3-3 पेनाल्टी शूट में मोहम्मदगंज ने मुकाबले को जीत लिया। आगत अतिथियों ने विजेता उपविजेता टीम को ट्रॉफी और खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किया। मोहम्मदगंज मुखिया कमला देवी की ओर से विजेता टीम को 1500 ? का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। इस टूनार्मेंट के सफल आयोजन के लिए थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी के प्रयास की सराहना बतौर मुख्य अतिथि एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने सराहना की। उन्होंने मोहम्मदगंज के खिलाड़ी मुखराम को बेस्ट ऑफ ट्वेंटी-2 के खिताब से नवाजा। मौके पर विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी रणवीर कुमार के अलावा हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, उंटारी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, एसआइ आशुतोष रजक, स्थानीय एसआई हरेराम सिंह, शेख अमिनुल्ला, सुरेंद्र तिवारी,सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, मुखिया सुदर्शन पासवान, पूर्व फुटबॉलर माणिकचंद सिंह, सीबी रमन सिंह, नागेंद्र शर्मा पत्रकार सहित अन्य कई गणमान्य लोगों ने भी मुकाबले का आनंद लिया। मैच रेफरी और लाइंसमैन की भूमिका धीरेंद्र बैठा, सत्येंद्र कुमार और विजय ठाकुर ने निभाई।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 16 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक-333, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10



मोदी 3.0 : पहले 100 दिनों में 3 लाख करोड़ ...

संसेक्स
82,890.94 ↑ -71.77

डॉलर
83.880 ↑ -0.050

पलामू सर्राफा

10 ग्राम 73,700

01 किलो 89,030

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# झारखंड के तीन दुश्मन-झामुमो कांग्रेस और आरजेडी : पीएम मोदी





- कांग्रेस देश की सबसे बेईमान और महाभ्रष्ट पार्टी, जेएमएम ने उनसे ट्रेनिंग ली
- यहां मंत्री, सांसदों और उनके नौकरों के घर से सैकड़ों करोड़ कैश मिलते हैं

**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में परिवर्तन रैली में सत्तारूढ़ गठबंधन पर जमकर हमला बोला। इस दौरान प्रधानमंत्री ने राज्य में बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठ, व्यापक भ्रष्टाचार और युवाओं की उपेक्षा और सिपाही भर्ती दौड़ में सरकार की अव्यवस्था के कारण 15 युवाओं की जान जाने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड के तीन दुश्मन हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल। इन दुश्मनों को झारखंड के लोग जितनी जल्दी पहचान लेंगे, उतना झारखंड का भाग्य सुनिश्चित होगा। कांग्रेस को देश की सबसे बेईमान और महाभ्रष्ट पार्टी बताते हुए पीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार की सारी धाराएं वहीं से निकलती हैं और जेएमएम उसी स्कूल से ट्रेनिंग लेते हैं। इस स्कूल का नाम कांग्रेस स्कूल ऑफ करप्शन है। झामुमो ने पांच साल में एक शेष पृष्ठ 09 पर

### झारखंड का सपना, भाजपा का अपना सपना

उन्होंने कहा कि झारखंड का सपना, भाजपा का अपना सपना है। भाजपा की सरकार ने झारखंड के पिछड़े जिलों के विकास की चिंता की। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत भाजपा की सरकार ने की। पिछड़े आदिवासी युवाओं की चिंता की। उनकी शिक्षा के लिए एकलव्य विद्यालय हमने बनाए। भाजपा ने आदिवासी समाज की एक महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया। अब तक की सरकारें खनिज संपदा से संपन्न झारखंड से केवल वसूली करती थी। हमने डीएमएफ बनाया। आपको आपका हक दिलाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में आपका आशीर्वाद झूठ बोलने की मशीन और देश को बांटने और तोड़ने वाली ताकतों पर भारी पड़ा।

## जमशेदपुर से लौटने पर बिरसा एयरपोर्ट पर पीएम का मुख्यमंत्री ने किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को रांची के बिरसा एयरपोर्ट पर मुलाकात की। ये मुलाकात तब हुई जब प्रधानमंत्री जमशेदपुर में सभा करने के बाद लौट रहे थे। बिरसा मुंडा हवाई अड्डा परिसर में मुख्यमंत्री सोरेन ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। साथ ही प्रधानमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट कर उन्हें विदाई दी। इसके पूर्व रांची से वर्चुअली वंदे भारत ट्रेनों के उद्घाटन समारोह में भी मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुए थे।

## एक नजर

### आरती कुजूर ने पीएम मोदी का किया 'जावा' से स्वागत

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने करमा पर्व के प्रतीक 'जावा' कनखोंसी कर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पर्व में बहनें अपने भाईयों की कुशलता की कामना करती हैं। मैं झारखंड के लोगों को करमा पर्व की बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि पूरे देश के आदिवासी भाई-बहनों के लिए 'पीएम जनमन योजना' चलाई जा रही है। इस योजना के माध्यम से उन जनजातियों तक पहुंचने का प्रयास हो रहा है, जो बहुत पिछड़े हैं।

### रांची से वर्चुअली 6 वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी, हेमंत नहीं हुए शामिल

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रांची से वर्चुअल माध्यम से रविवार को छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शामिल नहीं होने की चर्चा होती रही है। खराब मौसम के कारण प्रधानमंत्री पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक जमशेदपुर नहीं जा सके हैं। उन्हें रांची पहुंच कर जमशेदपुर के लिए रवाना होना था लेकिन मौसम ठीक नहीं होने के कारण बाद में उन्हें सड़क मार्ग से जमशेदपुर जाना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने जिन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी है उनमें बरहामपुर-टाटा, राउरकेला-हावड़ा, देवघर-बनारस, हावड़ा-गया और हावड़ा-भागलपुर शामिल है।

## हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका तो पीएम मोदी सड़क मार्ग से जमशेदपुर गए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची हवाई अड्डे पर करीब दो से ढाई घंटे मौसम के ठीक होने का इंतजार करने के बाद भी जब हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका तो आखिरकार प्रधानमंत्री का काफिला सड़क मार्ग से जमशेदपुर के लिए रवाना हुआ। जमशेदपुर से वापस रांची लौटते वक्त भी वे सड़क मार्ग से ही आए। प्रधानमंत्री के झारखंड में रविवार को चार कार्यक्रम तय थे। इनमें से दो कार्यक्रमों में वह आभासी रूप से शामिल हुए। एक कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री की यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा। पहली बार ऐसा हुआ जब झारखंड में कोई प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से इतनी लंबी यात्रा करते हुए सभा स्थल तक पहुंचें। मालूम हो कि प्रधानमंत्री लंबी दूरी की सड़क मार्ग से यात्रा करने से हिचकते नहीं हैं। पहली बार अफगानिस्तान से लौटते वक्त अचानक प्रधानमंत्री पाकिस्तान में उतर गए और वहां के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के घर सड़क मार्ग से गए। इसी तरह प्रधानमंत्री बनने के पूर्व 2013 में पटना में एक रैली के दौरान उनके सभास्थल पर आतंकी समूह द्वारा कई बम विस्फोट कराए गए लेकिन सभा में अफरा-तफरी न फैले इसलिए मोदी ने इसे साधारण पटाखा बता लोगों का हौसला बनाए रखा था।

## सरकार बनी तो युवकों की मौत की जांच कराएंगे



**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में उत्पाद विभाग में कांस्टेबल की नौकरी के लिए दौड़ के दौरान 15 युवकों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इसके लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। कहा, मां के लाडले और बहनों के प्यारे भाई प्रदेश सरकार की अव्यवस्था के शिकार हो गए। पीएम ने कहा, झारखंड सरकार मृत युवकों के परिवार वालों का दर्द समझने के बदले उनके जख्मों को कुरेदने में लगी है। मैं जान गंवाने वाले युवाओं को श्रद्धांजलि देता हूं। झारखंड में कुछ ही महीनों के बाद भाजपा सरकार बनेगी तो सारे मामले की जांच कराई जाएगी। जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसा जाएगा। पीएम मोदी ने अपने भाषण के दौरान युवाओं से जुड़ी समस्याओं का प्रमुखता से जिक्र किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार को युवाओं की कोई चिंता नहीं। इस सरकार ने हर साल जेपीएससी, जेएसएससी की परीक्षाएं कराने का वादा किया था, लेकिन उसके बदले यहां नौकरी बेचने वाले गिरोह पनप रहे हैं। पेपर लीक करने वालों को शह दी जा रही है। हर परीक्षा गड़बड़ियों का शिकार है। ऐसी राज्य सरकार को झारखंड से हटाना ही होगा।

## पलामू एसपी रीष्मा ने धूमधाम से मनाया ओणम, जिलेवासियों को दी शुभकामनाएं







### एसीबी एसपी अंजनी अंजन ने भी दी शुभकामनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूरे देश की तरह पलामू में भी रविवार को ओणम का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। केरल समाज के लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ इस पर्व को मनाया। इस अवसर पर पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन, जो खुद केरल की मूल निवासी हैं, ने फूलों की रंगोली बनाई और पलामूवासियों को ओणम की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि यह त्योहार 10 दिनों तक मनाया जाता है और इसका महत्व फसल की अच्छी उपज और शेष पृष्ठ 09 पर

## राष्ट्रपति ने मिलाद-उन-नबी की पूर्व संध्या पर दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मिलाद-उन-नबी की पूर्व संध्या पर देशवासियों विशेष कर मुसलमानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि पैगंबर मुहम्मद ने हमें प्रेम और भाईचारे की भावनाओं को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। हमें पवित्र कुरान की पवित्र शिक्षाओं को आत्मसात कर एक शांतिपूर्ण समाज बनाने का संकल्प करना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू ने मिलाद-उन-नबी की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में कहा, पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन पर, जिसे मिलाद-उन-नबी के रूप में मनाया जाता है, मैं सभी साथी नागरिकों, विशेष रूप से हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को अपनी हार्दिक बधाई देती हूँ। उन्होंने कहा कि पैगंबर मुहम्मद ने हमें प्रेम और भाईचारे की भावनाओं को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज में समानता और सद्भाव के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लोगों को दूसरों के प्रति दयालु होने और मानवता की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। आइए हम पवित्र कुरान की पवित्र शिक्षाओं को आत्मसात करें और एक शांतिपूर्ण समाज बनाने का संकल्प लें।

## मुख्यमंत्री केजरीवाल देंगे अपने पद से इस्तीफा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आखिरकार अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला कर लिया है। उन्होंने आज पार्टी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में इसकी घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे और जनता की अदालत में जाएंगे। दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद आज पार्टी मुख्यालय में उनके स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की जनता, दिल्ली की जनता उन्हें ईमानदार मानती है। उन पर चल रहा मामला लंबा खिंच सकता है। उन्हें एक ऐसे मामले में जमानत मिली है, जिसमें जमानत मिलने की संभावना नहीं थी। अब उन्होंने फैसला किया है कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे। वह तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती। उन्होंने कहा, अगर आपको (जनता) लगता है कि मैं ईमानदार हूं, तो मुझे बड़ी संख्या में वोट दें। मैं अब चुने जाने के बाद ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। चुनाव फरवरी में होने हैं। मेरी मांग है कि नवंबर में महाराष्ट्र चुनाव के साथ ही दिल्ली में चुनाव कराए जाएं। चुनाव होने तक पार्टी से कोई और मुख्यमंत्री रहेगा। अगले 2-3 दिनों में विधायकों की बैठक होगी, जिसमें अगला सीएम तय किया जाएगा। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने जेल जाने पर इस्तीफा इसलिए नहीं दिया क्योंकि वे जनतंत्र को बचाना चाहते थे। जेल से इस्तीफा देने पर विपक्ष के सभी मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल कर सरकार गिरा देते। वे विपक्ष के सभी मुख्यमंत्रियों से विनती करते हैं कि अगर आपको जेल में डालें तो इस्तीफा मत देना क्योंकि हमने दिखाया है जेल से सरकार चल सकती है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा को लग रहा था कि उन्हें जेल भेजकर आम आदमी पार्टी तोड़ देंगे। विधायकों को तोड़कर दिल्ली और पंजाब में सरकार गिरा देंगे। इनकी साज़िशों के खिलाफ आम आदमी पार्टी लड़ रही है।

## औरंगा नदी में फंसे पांच युवक, पुलिस और पब्लिक ने मिलकर किया बहादुरी भरा रेस्क्यू



**सतबरवा।** औरंगा नदी में अचानक आई बाढ़ के बाद सतबरवा थाना क्षेत्र के लेदवाखाड़ में पांच युवक नौ घंटे तक फंसे रहे। गांव के ही अमृत कुमार नामक युवक ने अपनी बहादुरी से सभी का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। इस दौरान प्रशासन और पुलिस ने ड्रोन के जरिए मदद पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी।

**शौच के दौरान अचानक बाढ़ में फंसा युवक :** नवाजयपुर थाना क्षेत्र का निवासी मुकेश परहिया सतबरवा के लेदवाखाड़ स्थित अपनी बहन के घर आया हुआ था। रविवार की सुबह मुकेश शौच के लिए औरंगा नदी की तरफ गया। जैसे ही वह नदी के बीचों-बीच पहुंचा, अचानक बाढ़ आ गई, और वह पानी के तेज बहाव में फंस गया। मुकेश ने किसी तरह अपने बहन के परिजनों को इस बारे में जानकारी दी। कई घंटों तक ग्रामीणों ने मुकेश को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

**अमृत ने दिखाया साहस, मानव श्रृंखला बनाकर किया रेस्क्यू :** लेदवाखाड़ के ग्रामीण अमृत और थाना पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए युवकों को बचाने का निर्णय लिया। वह तैरकर नदी के बीच फंसे मुकेश और अन्य चार युवकों के पास पहुंचा। युवकों को तैरने की जानकारी देते हुए, अमृत ने उन्हें हौसला बढ़ाया और मानव श्रृंखला बनाकर सुरक्षित स्थान की ओर ले जाना शुरू किया। नदी में पेड़ों की एक श्रृंखला से होते हुए, एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद पांचों युवकों को किनारे से करीब 30 फीट की दूरी तक पहुंचा दिया। ग्रामीणों की मदद से मानव श्रृंखला बनाकर पांचों युवकों को नदी से बाहर निकाला गया। अमृत ने बताया कि समय पर रेस्क्यू न करने की स्थिति में पानी का स्तर और बढ़ने का खतरा था। सभी युवक सुबह सात बजे नदी में फंसे थे, और शाम करीब पांच बजे बाहर निकाले जा सके।

**रेस्क्यू के दौरान अन्य चार युवक भी बाढ़ में फंसे :** रेस्क्यू के दौरान मुकेश को मदद और भोजन पहुंचाने गए गांव के चार अन्य युवक–छोटू कुमार, वीरेंद्र परहिया, अनिल कुमार और एक अन्य युवक–भी बाढ़ में फंस गए थे। जैसे ही वे मुकेश के पास पहुंचे, नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे पांचों युवक नदी की तेज धार में फंस गए। ग्रामीणों ने तुरंत सतबरवा थाना को सूचित किया, जिसके बाद थाना प्रभारी अंचित कुमार और अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान चलाया। समय पर पहुंची सहायता और सभी युवक सुरक्षित बाहर निकल पाए।

## आज | कल

### तीसरी आंख




## इंडिया

# स्मृतियों में बसे दूरदर्शन को बाजार नहीं नवाचार की है जरूरत



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

आकाशवाणी के बाद जब एक दुर्लभ अनुभव से भरा दूरदर्शन का प्रसारण 15 सितंबर 1959 को शुरू हुआ था तो लोगों में दीवानगी थी जिसकी झलक 25 सितंबर 1984 को रांची दूरदर्शन की स्थापना के समय भी थी जब टावर लगा रहा था तब समाचार पत्रों की प्रमुख पंक्तियां हुआ करतीं थीं कि इतने दिनों बाद दूरदर्शन का प्रसारण होगा। दूर दराज के लोग रांची आने पर उसे दर्शनीय स्थल के रूप में देखने जाते थे और जब प्रसारण शुरू हुआ था तब भरत नाट्यम जैसे अंतिम कार्यक्रम तक लोग टीवी के सामने जमे रहते थे। दूरदर्शन शायद ही किसी ने न देखी हो इसका नाम सुनते ही, कई लोगों के कानों में उसकी सिग्नेचर ट्यून गूंजने लगती है। एक समय था जब लगभग हर घर में सिर्फ दूरदर्शन ही देखा जाता था। इसपर रामायण, कृषि दर्शन, महाभारत, आप और हम, शक्तिमान, जैसे कई ऐसे शोज प्रसारित होते थे, जिन्होंने लोगों के दिलो-दिमाग पर अमिट छाप छोड़ी है। दूरदर्शन की शुरूआत साल 1959 एक प्रायोगिक तौर पर हुई थी। प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने दिल्ली के आकाशवाणी स्टूडियो में इसे टेलीविजन इंडिया के नाम से शुरू किया था। इसे शुरू करने के लिए यूनेस्को ने 20 हजार डॉलर की सहयोग राशि और 180 फिलिप्स के टीवी सेट दिए थे। शुरूआत में दूरदर्शन पर तब रोज प्रसारण नहीं होता था बल्कि, हफ्ते में दो-तीन दिन ही प्रसारण होता था, वह भी आधे-आधे घंटे के लिए। 1965 में पहली बार इस पर दैनिक एक घंटे का प्रसारण शुरू किया गया। इसके बाद इस पर ऐसे कार्यक्रम आए जिन्होने देश में सूचना और मनोरंजन की दर्शनीय क्रांति की शुरूआत की। आकाशवाणी कि ही तरह सभी आयुवर्गों और महिला पुरुषों पर केन्द्रित कार्यक्रम प्रसारित जिए गए पहला था कृषि दर्शन जिसकी शुरूआत साल 1966 में की गई थी। इस कार्यक्रम ने रेडियो राइस की तरह देश में हरित क्रांति की पहल की। भारत का लोक सेवा प्रसारक दूरदर्शन इस वर्ष बेहद गर्व के साथ अपनी 65वीं वर्षगांठ मना रहा है। अपनी स्थापना के बाद से ही दूरदर्शन शालीनता,भारतीयता और साहित्य संस्कृति का भी आधार रहा है, जो राष्ट्र




की आवाज के रूप में सेवा प्रदान करते हुए सूचना, मनोरंजन और शिक्षा को बढ़ावा देता रहा है। उच्च कोटि की विश्वस्तरीय तकनीकी से दूरदर्शन आज दुनिया के सबसे बड़े प्रसारण संगठनों में से एक बन चुका है। बीते दशकों में यह लोक सेवा प्रसारण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़ता से कायम रखते हुए प्रौद्योगिकी और दर्शकों की सहभागिता में आए महत्वपूर्ण परिवर्तनों का साक्षी रहा है। श्वेत-श्याम टेलीविजन के दिनों से लेकर डिजिटल और उपग्रह प्रसारण के वर्तमान युग तक, दूरदर्शन अपने विविध दर्शकों की बदलती रुचियों और पसंद की कसौटी पर खरा उतरने के लिए लगातार खुद को विकसित करता आया है। श्वेत-श्याम प्रसारण के युग से लेकर अपने नेटवर्क में 35 चैनलों तक, अपने 6 राष्ट्रीय चैनलों, 28 क्षेत्रीय चैनलों और 1 अंतर्राष्ट्रीय चैनल के माध्यम से हर क्षेत्र को उसकी अपनी भाषा में अनुभव प्रदान करते हुए; दूरदर्शन अग्रणी लोक सेवा प्रसारक की प्रतिबद्धता के साथ अपनी यात्रा जारी रखे हुए है। बीते 65 वर्षों में बाजारवाद की दौड़ से दूरी बनाते हुए जनसेवा को मूलमंत्र मानकर सत्यम शिवम सुंदरम के आदर्श वाक्य वाले दूरदर्शन ने भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह पौराणिक महाकाव्यों रामायण और महाभारत से लेकर लोकप्रिय चित्रहार, सुरभि और हम लोग जैसे कालजयी टीवी कार्यक्रमों का मंच रहा है, जिन्होंने कई पीढ़ियों को परिभाषित किया है। राजनीतिक कारणों से इसका आदर्श वाक्य हटाया गया था पर इसकी मूल भावना कभी नहीं बदली। दूरदर्शन ने भारत के लुप्तप्राय गीत संगीत और ललित कला को न सिर्फ आर्थिक बल्कि सामाजिक आधार प्रदान किया है। बनावटी और दिखावटी चमक दमक वाले निजी चैनलों की तुलना में आम आदमी से जुड़े विभिन्न शैक्षिक और सूचनाप्रद कार्यक्रमों के माध्यम से महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाई है। समय की मांग है कि स्थानीय दूरदर्शन चैनलों में कुछ नवाचार के साथ कार्यक्रमों की प्रस्तुति में नयापन लाया जाए और निजी टीवी चैनलों की तरह आम आदमी से जोड़ा जाए। अभी कुछ खास लोग लगातार दूरदर्शन के कार्यक्रमों में दिखते हैं। कार्यक्रमों की गुणवत्ता ककई मॉनिटरिंग के लिए स्वतंत्र एजेंसी हो। भ्रष्टाचार और कलाकारों से वसूली जैसे आरोपों से बचाने के लिए नियमित रूप से ट्रांसफर पोस्टिंग की नीति को दृढ़ता से लागू किया जाना चाहिए।

# शहरी क्षेत्र में बारिश से जनजीवन प्रभावित

## चारों तरफ फैले पानी और सड़क में बने गड्ढे से परेशान दिखे लोग



छह मुहान पर जल जमाव से परेशान लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू शनिवार रात से शुरू हुई लगातार बारिश ने मेदिनीनगर और उसके आसपास के इलाकों को जलमग्न कर दिया है। शहर के प्रमुख क्षेत्रों में जलजमाव से लोग बेहाल हैं। रविवार को भी रुक-रुक कर बारिश जारी रही, जिससे कोयल नदी समेत अन्य नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। कोयल रिवर फ्रंट पर जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी के बाद लोगों का जमावड़ा देखा गया, जो बारिश और बढ़ते जलप्रवाह का नजारा देखने पहुंचे थे। हालांकि, बारिश के चलते शहर के कचहरी चौक, छह मुहान चौक, बाजार क्षेत्र, आबदगंज, पुलिस लाइन रोड, रांची रोड, पांकी रोड और बाईपास रोड समेत कई इलाकों में भारी जलभराव हो गया। सड़कें पानी में डूब गईं, जिससे वाहनों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई। कई जगह सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भर गया, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई। वाहन चालक दाहिने-बाएं मुड़ते हुए इन गड्ढों से बचते दिखे, लेकिन इसके बावजूद समान चौक पर पानी से भरे एक बड़े गड्ढे में स्कॉर्पियो और ई-रिक्शा में टक्कर हो गई, जिससे यातायात बाधित हो गया। गाड़ियां निकाल रहे हैं, लेकिन इससे यातायात धीमा पड़ गया है।

**प्रमुख प्रभावित क्षेत्र :** शहर के मुख्य इलाकों जैसे कचहरी चौक, छह मुहान चौक, पुलिस लाइन रोड, रांची रोड, पांकी रोड, बाईपास रोड, आबदगंज, और अन्य प्रमुख सड़कों पर भारी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन द्वारा अभी तक जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


### कोयल नदी समेत अन्य नदियों का जलस्तर बढ़ा



लगातार बारिश से न केवल कोयल नदी, बल्कि गुरुसूती टेढ़वा नाला, मलय और अमानत नदी के जलस्तर में भी अचानक बढ़ोतरी देखने को मिली। शहर के बाहर स्थित नदियों के किनारे बसे इलाकों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है, क्योंकि जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा बना हुआ है।

### बाजारों में सन्नाटा और दुकानें बंद

बारिश के चलते रविवार को मेदिनीनगर के बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। सामान्य दिनों की अपेक्षा बाजारों में भीड़ कम दिखी और अधिकांश दुकानें भी बंद रहीं। बारिश के कारण लोग अपने घरों में ही रहने को मजबूर हुए, जबकि जो लोग बाहर निकले, वे छाते लेकर बारिश से बचते हुए चल रहे थे। कचहरी चौक और अन्य सरकारी कार्यालयों में रविवार होने के कारण कामकाज ठप रहा और लोगों की संख्या नगण्य रही।



#### सब्जी मंडी में बारिस से विक्रेताओं को परेशानी



मेदिनीनगर के मुख्य बाजार स्थित सब्जी मंडी में जलभराव और कीचड़ की समस्या ने विक्रेताओं और ग्राहकों की मुश्किलें बढ़ा दीं। सब्जी विक्रेताओं को लगातार बारिश के बीच अपनी सब्जियों को ढकने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कीचड़ और पानी से मंडी में चलना-फिरना भी दूभर हो गया, जिससे बिक्री पर भी असर पड़ा।

### मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने पलामू जिले के लिए 15 और 16 सितंबर को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग का अनुमान है कि इन दो दिनों में भारी बारिश होने की पूरी संभावना है, जिससे शहर और आसपास के इलाकों में जलभराव की स्थिति और गंभीर हो सकती है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें।

### असुविधाओं से जूझ रहे वाहन चालक



लगातार बारिश के कारण सबसे अधिक परेशानी ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को हो रही है। सड़कों पर पानी भरने और गड्ढों के कारण उन्हें अपने वाहन सावधानीपूर्वक चलाने पड़ रहे हैं। वहीं, गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की भी संभावना बढ़ गई है। वाहन चालक पानी से भरे सड़कों और गड्ढों से बचते हुए किसी तरह अपनी गाड़ियां निकाल रहे हैं, लेकिन इससे यातायात धीमा पड़ गया है।

## विवाहिता ने आपसी विवाद में की फांसी लगाकर आत्महत्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के जीएलए कॉलेज के निकट सीआरपीएफ कैंप के पीछे बारालोटा की रहने वाली चंदन यादव की 21 वर्षीय पत्नी रंजीता कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रात चंदन का अपनी पत्नी से घर देर से आने को लेकर विवाद हुआ था। वह अपने मायके जाने की जिद कर रही थी। रात को कहा सुनी के बाद सभी लोग सो गए। चंदन और रंजीता की शादी 4 साल पहले हुई थी और उनका 3 साल का एक बेटा भी है। आत्महत्या की जानकारी मिलने पर महिला के मायके से कई लोग मौके पर पहुंचे और पोस्टमार्टम के लिए पुलिस से अनुरोध किया।

### मायकेवालों से पुलिस ने की पूछताछ

मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर शहर थाना पुलिस पहुंची जिसके बाद महिला के परिजनों तथा मायके वालों से पूछताछ की गई। मृतका के शव के साथ उसके पति और सास -ससुर को भी पुलिस अपने साथ थाने ले गई। मौके पर उपस्थित सहायक अवर निरीक्षक स्वाति गुप्ता ने बताया कि महिला का एमएचसीएच अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है जिसके बाद ही कुछ स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है।

## नौशाद आलम को कांग्रेस से उम्मीदवार बनाने की मांग

**मेदिनीनगर।** स्क्रीनिंग कमेटी के चैयरमैन गिरीश चोडानकर स्वयं सदस्य प्रकाश जोशी,पूनम पासवान डालटनगंज में उनके प्रवास के दौरान विभिन्न मुस्लिम संगठनों और छात्र प्रतिनिधि मंडल ने सहित गणमान्य लोगों ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस बार डालटनगंज विधानसभा से कांग्रेस को विजयी बनायेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के हाथों में देश सुरक्षित है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व पार्टी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। मुस्लिम संगठनों ने मांग की कि इस बार डालटनगंज विधानसभा से किसी मुस्लिम समाज के व्यक्ति को टिकट दिया जाये।

## करमा पर्व प्रकृति से जुड़ा हुआ पर्व है : संतोष पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** करमा पर्व प्रकृति से जुड़ा हुआ पर्व है। लोग प्रकृति की पूजा कर अच्छे फसल की कामना करते हैं । कर्म और धर्म के बीच समन्वय स्थापित कर चलने का संदेश देता है करमा पर्व। उक्त बातें अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने कही। वे सदर प्रखंड के गणके में रविवार को कर्मा पूजा के अवसर पर एक समारोह में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि बहनें अपने भाइयों के सुख समृद्धि के लिए कर्म देव की पूजा करती है। कर्म और धर्म दो भाई थे, जिन्होंने अपनी बहन की रक्षा के लिए अपनी जान को दांव पर लगा दिया था। जीवन को खुशहाल बनाने के लिए कर्म और धर्म दोनों की आवश्यकता होती हैं। जब तक दोनों का योग नही होता विकास नहीं हो सकता है। यह त्यौहार हमें कई सीख देता है। हमें दूसरों को कैसे मदद करनी चाहिए। इस मौके पर बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने कहा कि कर्मा पर्व से आपसी सौहार्द बढ़ता है । साथ ही सामाजिक समरसता बढ़ती है। यह भाई बहन का अनूठा प्यार का त्यौहार है। बहन भाई की दीघार्यु होने की कामना करती है । वहीं भाई बहन का रक्षा का संकल्प लेता है। कार्यक्रम में शामिल लोग मांदर की थाप पर जमकर थिरके। मौके पर महिलाए व पुरुषों ने एक साथ कर्मा गीत गाकर व नृत्य कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। मौके बुधन उरांव, विनोद उरांव देवदत उरांव,छोटू उरांव, उदय नाथ उरांव, सोनी कुमारी, मालती कुमारी, संतोष प्रसाद, दीपक प्रसाद, ललित प्रजापति,करमी देवी,मनिया देवी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सुदना की जर्जर सड़क बनी दुर्घटनाओं का अड्डा, प्रशासन बेखबर





**मनीष तिवारी**

**मेदिनीनगर।** सुदना क्षेत्र की मुख्य सड़क, जो बाहरी राज्यों से आने वाले हजारों वाहनों को बस स्टैंड और मुख्य बाजार तक पहुंचने का प्रमुख मार्ग है, अब पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। बैरिया से सुदना ओवरब्रिज तक का यह रास्ता हर दिन दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है, खासकर बारिश के दौरान जब सड़क पर बने गड्ढे पानी से भर जाते हैं। इन गड्ढों में पानी के जमाव के कारण वाहन चालकों को यह पता नहीं चल पाता कि गड्ढे कितने गहरे हैं, जिससे रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। बावजूद इसके, जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से अब तक इस समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

**वर्षा और नाली की समस्या ने बिगाड़ी स्थिति :** सुदना की इस सड़क पर बारिश और नाली की उचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क का पानी खुली जगहों पर बहता है। स्थिति इतनी विकट है कि स्थानीय निवासी मनिक चंद्र सिंह का घर, जो सुदना स्थित एसबीआई बैंक के सामने है, हर बारिश के दौरान डूब जाता है। बारिश के पानी और नाली की कमी के कारण उनके घर में पानी घुस जाता है, जिससे घर के सदस्यों को निकालने में काफी दिक्कत होती है। सिंह ने कई बार इस समस्या को जनप्रतिनिधियों के समक्ष उठाया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है।

### भाजपा नेता ने दी आंदोलन की चेतावनी



सुदना के रहने वाले युवा व्यवसायी भाजपा नेता रोहित पाठक ने अपनी चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि गायत्री मंदिर रोड से लेकर उदय पेट्रोल पंप तक की सड़क में बने गड्ढों के कारण रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं। सुदना की इस सड़क का शहर की प्रमुख सड़कों में गिनती होती है, और प्रतिदिन हजारों वाहन इस रास्ते से गुजरते हैं। बीते छह महीनों से यहां के लोग इस समस्या का सामना कर रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन, नगर निगम और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## एमआरएमसीएच में सांसद निधि से स्थापित आरओ प्लांट वर्षों से बंद

**मेदिनीनगर।** एमएमसीएच परिसर में मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सांसद क्षेत्रीय विकास निधि से स्थापित आरओ प्लांट पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा है। यह प्लांट वर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम के कर-कमलों से उद्घाटित किया गया था, ताकि जिला के विभिन्न गांवों से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ जल की सुविधा मिल सके। हालांकि, प्लांट कई वर्षों से अनुपयोगी पड़ा है और इस पर किसी का ध्यान नहीं है। प्लांट के बंद होने से अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके साथ आने वालों को स्वच्छ पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

**कार्यक्रम**

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

# शिक्षक ही देश को महान बनाता है: डॉ. दुर्गानंद झा



### शिक्षक उन बच्चों को शिक्षा दान दे रहे हैं जो आगे चलकर देश का भविष्य बनेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा रविवार को शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पूरे जिले तथा मेदिनीनगर नगर मुख्यालय के प्राइवेट स्कूल के निदेशक, प्रिंसिपल एवं शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. दुगानंद झा मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा, संगठन के संरक्षक अविनाश वर्मा संरक्षक मुमताज खान, संरक्षक सनू सिद्दीकी ,स्टेट कोऑर्डिनेटर चंद्रभूषण सिन्हा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सतीश अग्रवाल, वीरेंद्र दुबे आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. दुगानंद झा ने कहा कि शिक्षक उन बच्चों को शिक्षा दान दे रहे हैं जो आगे चलकर देश का भविष्य बनेंगे। शिक्षक देश व समाज की आधारशिला रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । शिक्षक ही देश को महान बनाता है, इसलिए आवश्यक है कि हम सभी अपने कर्तव्य का निष्ठा से पालन करें। गीता में भगवान श्री कृष्णा में युधिष्ठिर से कहा था कि अपेक्षा का त्याग करना ही परम धर्म है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि संगठन हम सभी के सहयोग से चल रहा है। जब हमने इसकी शुरूआत की थी तो काफी कम लोग इसके सदस्य थे, परंतु लगातार यह कारवां जुड़ता गया और आज संगठन रूपी कारवां का कोई ब्रेक; कोई इंजन तथा कोई पहिए के रूप में कार्य कर रहा है।

### शिक्षकों और निदेशकों किया गया सम्मानित

शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान होली क्रॉस स्कूल के चंद्र भूषण सिंह और बृजेश कुमार ,विवेकानंद पब्लिक स्कूल के रामानुज सिंह तथा ज्योत्सना कुमारी, ब्लूमिंग बड्स स्कूल के आशुतोष सिंह तथा रानी कुमारी, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल के रजनीश सिंह और किरण देवी, इन्नोवेटिव स्कूल के निदेशक राकेश वर्मा तथा महमूद खान ,आदर्श ज्ञान पब्लिक स्कूल के शशि रंजन प्रकाश गुप्ता व प्रीतम कुमार सिंह, संत जेवियर पब्लिक स्कूल के रामाशंकर उपाध्याय तथा मीरा उपाध्याय, शिक्षा निकेतन के सतीश अग्रवाल तथा आशुतोष मिश्रा समेत उपस्थित सभी स्कूल के निदेशक तथा प्रिंसिपल इत्यादि को शॉल तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संरक्षक सानू सिद्दीकी ने कहा कि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन अनवरत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को प्रतिबद्ध है। आप सभी इस कार्यक्रम में पधारे जिसे हम सभी आभार प्रकट करते हैं।

### संस्कारयुक्त शिक्षा डीएवी की परंपरा: डॉ.दुगार्नंद झा



मेदिनीनगर 15 सितंबर को एमके डीएवी पब्लिक स्कूल, डालटेनगंज में डी.ए.वी. प्रबंधकर्त्री समिति नई दिल्ली और सीबीएसई. पटना के दिशा-निदेर्शों के तहत दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक डॉ. दुगार्नंद झा ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि डीएवी. भारतीय संस्कृति और संस्कारों को बढ़ावा देने वाली संस्था है और प्रत्येक बच्चे में छिपी प्रतिभा को निखारने का कार्य करती है। सहायक क्षेत्रीय अधिकारी आशीष कुमार जेना ने कहा कि डीएवी. की पुरानी शिक्षण पद्धति में बदलाव की आवश्यकता है, और यह कार्यशाला इस दिशा में मददगार होगी। कार्यक्रम में झारखंड के आठ विद्यालयों के 340 शिक्षकों ने भाग लिया। एमके डी.ए.वी. के प्राचार्य डॉ. जी. एन. खान ने अतिथियों को सम्मानित किया और नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रशिक्षण की अनिवार्यता पर जोर दिया।

## न्यूज बॉक्स

### भाद्रपद शुक्ल द्वादशी को भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया: जीयर स्वामी



**मेदिनीनगर।** निगम क्षेत्र के सिंगरा अमानत नदी तट स्थित चातुर्मास व्रत कथा में लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि सतयुग में दैत्यराज प्रह्लाद के पौत्र बलि ने स्वर्ग में अधिकार जमा लिया था। सभी देवता इस विपत्ति से मुक्ति पाने के लिए भगवान विष्णु के पास गए, तब भगवान विष्णु ने देवताओ से कहा कि में स्वयं देवमाता अदिति के गर्भ से जन्म लेकर तुम्हे स्वर्ग का राज्य दिलाऊंगा। कुछ समय पश्चात भाद्रपद शुक्ल द्वादशी को भगवान विष्णु ने वामन अवतार के रूप में जन्म लिया। इधर दैत्यराज बलि ने अपने गुरु शुक्रचार्य और मुनियों के साथ दीर्घकाल तक चलने वाले यज्ञ का आयोजन किया। बलि के इस महायज्ञ में ब्रह्मचारी वामन जी भी गए. वे अपनी मुस्कान से सब लोगों के मन मोह लेते थे। दैत्य गुरु शुक्राचार्य ने अपने तपो बल से वामन के रूप में अवतरित भगवान विष्णु को पहचान लिया और दैत्य राज बलि को बताया कि तुम्हारा राज्य समाप्त करने के लिए भगवान विष्णु वामनरूपी अवतार में आये हैं। गुरुदेव की बातों को सुन कर राजा बलि ने कहा, हे गुरुदेव आप क्यों धर्म विरोधी वचन कह रहे हैं, भगवान विष्णु स्वयं मुझ से दान मांगने आये है। इस से बढ़कर और क्या हो सकता है. मैं तो केवल भगवान विष्णु की प्रसन्नता के लिए यह यज्ञ कर रहा हूं। यदि भगवान विष्णु स्वयं पधारे है तो में कृतार्थ हो गया।

### युवा उद्यमियों का सहयोग करने के लिए सभी को आगे आना होगा: देवेन्द्र तिवारी



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के तरहसी प्रखंड अंतर्गत किशुनपुर जाने वाली राह में महादेव इंटरप्राइजेज का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने फीता काटकर किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने प्रोपराइटर श्रवण पाण्डेय एवं परिवार को शुभकामना देते हुए बताया कि युवा उद्यमियों को सहयोग करने के लिए हम सभी को आगे आना चाहिए, तभी जाकर सशक्त समाज का निर्माण संभव होगा। विप्र परिवार का सबसे बड़ा संगठन राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने समाज को बांटने के बजाय बांधने का आह्वान किया है। वहीं स्थानीय दुकानदारों से सामग्री खरीदने की अपील की, ताकि उनकी उपयोगिता स्थानीय स्तर पर बनी रहे। मौके पर प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय 'लकी' ने कहा कि हार्डवेयर का दुकान का शुभारंभ होने से स्थानीय स्तर के कारीगरों को भी काम मिलेगा। सनातन समाज को बांटने के बजाय एक दूसरे के प्रति प्रेम, लगाव से व्यापार में सहयोग करने से गंदी राजनीति करने वालों की मंशा टूटेगी। इस दौरान अभिभावक राजेन्द्र पाण्डेय, रामधनी पाण्डेय, आशुतोष मिश्रा, युवा वाहक संजय पाण्डेय, परितोष पाण्डेय, विक्रांत त्रिपाठी, कृष्ण कन्हैया दूबे, अमित पाण्डेय, आशीष प्रकाश दुबे, चंद्रशेखर पाण्डेय, हिमांशु पाण्डेय, दिलीप तिवारी, सौरभ दूबे, चंदन तिवारी, राहुल पाण्डेय, धीरज तिवारी, नीरज दुबे, अंकित उपाध्याय समेत दर्जनों आगंतुक मौजूद रहे।

### महिला कांग्रेस की स्थापना दिवस पर सदस्यता अभियान शुरू



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में कांग्रेस की महिला विंग के द्वारा अखिल भारतीय महिला कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर 15 सितंबर से महिला सदस्य बनाने का अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने दीप प्रज्वलित के किया। कार्यक्रम का अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष इंदु भगत ने किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह द्वारा सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका सर्वोपरि है, परंतु उनके हक एवं अधिकार की बात कोई नहीं करता । कांग्रेस पार्टी महिलाओं के प्रति सजग एवं सुव्यवस्थित समाज बनाने के लिए अग्रसर है। आज हर क्षेत्र में महिला अपनी काबिलियत साबित कर रही है । जननायक राहुल गांधी आज जिस तरह महिलाओं को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं, निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं को हमेशा सम्मान देने का काम किया है और महिलाएं इस देश में आधी आबादी है तो निश्चित रूप से आधी आबादी को पूरा हक मिलना चाहिए।

### संत मरियम विद्यालय में अर्द्धवार्षिक परीक्षा को लेकर समीक्षा बैठक



**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय में 21 सितंबर से प्रारंभ होने वाले अर्धवार्षिक परीक्षा को लेकर शनिवार को विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव के अध्यक्षता में समस्त शिक्षकों के साथ आवासीय सभागार में समीक्षा बैठक की गई। चेयरमैन ने निर्धारित अवधि पर पाठ्यक्रम पूर्ण होने का जायजा लिया। साथ ही परीक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभ्यर्थियों पर परीक्षा के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का दबाव किसी भी प्रकार से नहीं होनी चाहिए, क्योंकि कोई भी परीक्षा विद्यार्थी के जीवन की अंतिम परीक्षा नहीं होती है और किसी एक परीक्षा परिणाम पर सब कुछ निर्भर नहीं करता है। जीवन अवसर देता है प्रायः कई बार देता है और अंततः ज्ञान और प्रतिभा ही मायने रखते हैं और इन्हीं पर स्थाई सफलता और असफलता निर्भर किया करती है। श्री देव ने समस्त शिक्षकों को आभार प्रकट करते हुए कहा कि इसी तरह का सामंजस्य विद्यालय प्रबंधन के साथ बना रहा तो निश्चित रूप से विद्यालय में अध्यनरत बच्चे सफलता के नए शिखर तक पहुंचेंगे, जिसका श्रेय यह विद्यालय अथवा इस विद्यालय के समस्त सम्मानित शिक्षक होंगे। मौके पर विद्यालय के उप्राचार्य, समन्वयक व समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# विवाहिता ने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी पंचायत के बजरमारवा गांव निवासी गिरवर गुप्ता ने अपनी विवाहिता पुत्री पार्वती गुप्ता के ससुराल केतार प्रखंड के सिंहपुर गांव निवासी शिवबरन साह एवं पुत्र के साथ मिलकर दहेज उत्पीड़न, मारपीट कर घर से निकालने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़िता पार्वती देवी ने बताया कि मेरा मायके खरौंधी प्रखंड़ के बजरमारवा में है। मेरी शादी 2021 में हुई थी। मेरे माता-पिता ने बड़े धूमधाम से मेरा विवाह किया था। शादी के एक साल बाद से ही ससुराल वाले मुझसे दहेज के रूप में कार एवं स्कूटी के साथ साथ सोने के चैन का मांग कर रहे हैं। जब उसने उनकी मांग पूरी नहीं की तो उन्होंने मुझे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। विवाहिता का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने कई बार उसके साथ मारपीट की और अंततः उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने स्थानीय पंचों में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। इस बात की सूचना मिलने पर पीड़िता के पिता गिरवर गुप्ता सहित अन्य लोगों के साथ रविवार को उसके ससुराल पहुँचे, लेकिन ससुराल वाले घर मे ताला लगाकर घर से फरार है। पीड़िता का कहना है कि मेरा 2 साल का एक लड़का भी है। मेरे पिताजी समाज के लोगों के साथ आकर मेरे ससुराल पहुंचाए है अगर किसी भी तरह की अनहोनी होती है तो इसकी सारी जबाबदेही मेरे ससुराल वालों की होगी। अगर पंचायत में मामला नही सुलझता है तो मैं न्यायालय के शरण में जाऊंगी। विवाहिता ने प्रसाशन से न्याय एवं सुरक्षा की गुहार लगाई है।

**पिता का कहना है**

पिता गिरवर गुप्ता ने बताया कि मैं अपनी बेटी का शादी केतार प्रखण्ड के सिंहपुर निवासी शिवबरन साह के पुत्र धर्मेंद्र गुप्ता के साथ 2021 में हिंदू रीतिरिवाज के साथ पूरा दान दहेज देकर शादी की थी। एक साल तक सब कुछ ठीक ठाक चला उससे एक बच्चा भी है, लेकिन एक साल बाद से एक कार,स्कूटी,एवं सोने की चैन के लिए मेरी पुत्री को लगातार मारपीट करने लगे एवं कुछ दिन पहले मारपीट कर घर से निकाल दिये। उसके बाद मेरी बेटी मायके आ गयी। रविवार को गांव समाज को लेकर के बेटी को ससुराल में छोड़ने आये थे, लेकिन ससुराल वाले घर मे ताला लगाकर फरार है। मैं बेटी को दरवाजे पर छोड़कर जा रहा हूं। किसी भी तरह की अनहोनी मेरी बेटी के साथ होगी तो इसकी सारी जबाबदेही ससुराल वालों की होगी।

## एक नजर

### दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने हितन साह

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत सिंदुरिया पंचायत केपी एम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के प्रांगण में सिंदुरिया पुनर्वास के ग्रामीणों ने दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर एक बैठक किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया निर्णय लिया गया।पूजा धूम धाम से मनाने को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष हितन साह, उपाध्यक्ष ददूली साह, सचिव उपेंद्र कुमार गुप्ता, सह सचिव रविंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष विकास वियार, सहकोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह, संगठन मंत्री श्याम लाल पासवान, विवेक गुप्ता, मुख्य संरक्षक सुजीत पासवान, अंन्तु साह, संरक्षक आनंद पासवन, निर्देशक लल्लू प्रसाद गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य सुनील कुमार, सुनील गुप्ता, दिनेश साह, वीरेंद्र भूइयां, हंसराज गुप्ता, अरविंद्र गुप्ता, आशीष कुमार पासवान, दिनेश भूइयां को बनाया गया।कमिटी के पूर्व अध्यक्ष उदय गुप्ता ने नय अध्यक्ष को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

### ट्रैक्टर नें टेम्पो सवार को मारी टक्कर

**रमना।** शनिवार की शाम सोनेहारा रमना मुख्य पथ पर आरओ प्लांट के पास शाम साढ़े सात बजे के आस-पास टेम्पू सवार को सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने सीधी टक्कर मार दी। टक्कर के कारण टेम्पू सवार का पैर में गंभीर चोट आयी। घटना के बाद परिजनों नें घायल को उपचार हेतु निजी चिकित्सक के पास ले गये। जानकारी के अनुसार धीरेन्द्र कुमार सिंह के पुत्र कारू सिंह अपने परिवार के साथ रमना उच्च विद्यालय में लगा मेला देखने जा रहे थे। इसी क्रम में आरओ पानी प्लांट के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी । इस घटना में टेम्पू सवार बाल बाल बच गये।

## प्रखंड क्षेत्र में प्रकृति का पर्व करमा धूमधाम से सम्पन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में करमा पर्व का उत्साह बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने लोगों को शुभकामनाएं दी और पर्व में सक्रिय रूप से भाग लिया। भाजपा, झारखंड मुक्ति मोर्चा , बहुजन समाज पार्टी आदि पार्टियों के नेताओं ने गांव-गांव जाकर लोगों को बधाई दी और उनके साथ करमा खेला। कर्मा पर्व झारखंड का प्रमुख प्रकृति पर्व है, जिसे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। प्रखंड के कई गांवों और टोलों में करम डाढ़ रखकर पूजा-अर्चना की गई। करम देवता की पूजा कर लोग अच्छे फसल, परिवार की समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं। इस मौके पर गांव के युवा, बुजुर्ग और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजकर कर्मा गीत गाते हुए करम डाढ़ के चारों ओर नृत्य करते नजर आए। सामुदायिक भावना और एकजुटता का यह पर्व स्थानीय ग्रामीणों के लिए विशेष महत्व रखता है। स्थानीय नेताओं ने भी इस अवसर पर प्रकृति और संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे बनाए रखने की अपील की।

## भारी बारिश से घर हुआ ध्वस्त, बाल-बाल बचा परिवार

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** शनिवार रात्रि हुई मूसलाधार बारिश में प्रखंड के तसरार गांव निवासी उदय राम का खपरैल घर ध्वस्त होकर गिर गया । घर में रह रही उसकी पत्नी ललिता देवी व उसके दो बच्चे बाल- बाल बच गए। घर को गिर जाने से उदय पुरी तरह बेघर हो गया । दूसरे के घर में पनाह लेना उसकी मजबूरी हो गई है । बताया जाता है कि शनिवार रात्रि रात भर बारिश होते रहने से उसके घर के अगल-बगल घुटने भर पानी जमा हो गया, जिससे रिसाव होते-होते रविवार दोपहर में उसका घर पूरी तरह ध्वस्त होकर गिर गया । उदय की पत्नी ललिता ने जानकारी देते हुए बताया कि पति



उदय राम बहुत दिनों से बाहर में रहकर मजदूरी का काम करते हैं। वर्ष भर में एक दो बार ही वे घर आते हैं। शेष दिन मुझे ही बाल। बच्चों को देखभाल करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि एक तो पहले से ही मेरा घर पानी से भीग कर पूरी तरह दलदल हो चुका था। किसी तरह अपने बाल बच्चों के साथ में उस घर में रह रही थी। उन्होंने कहा कि शनिवार रात्रि से रविवार दोपहर तक लगातार मूसलाधार बारिश होते रहा जिसमें मेरा घर ध्वस्त होकर पूरी तरह गिर गया।

## वज्रपात की चपेट में आने से 13 वर्षीय बालक की मौत

**मेराल।** थाना क्षेत्र के बाजूडीह गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक 13 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। यह घटना रविवार की सुबह लगभग 9:00 बजे की बताई गई है। मृतक का नाम पंकज प्रजापति उम्र लगभग 13 वर्ष पिता अशोक प्रजापति बताया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पंकज शौच के लिए घर से लगभग 500 फीट की दूरी पर गया था। इसी बीच अचानक बारिश के साथ हुए बज्रपात की चपेट में आ गया। तत्काल परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा ले गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने अंतः परीक्षण के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। घटना की सूचना पर अंचलाधिकारी जसवंत नायक ने सीआई बिंदेश्वरी पासवान को बाजूडीह भेज कर स्थिति की जानकारी लिया। इस संबंध में अंचल अधिकारी यशवंत नायक ने बताया कि सरकारी प्रक्रिया के तहत परिजन को लाभ दिलाया जाएगा।

## भारी बारिश ने मचाई तबाही, जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त, लगातार बारिश बनी परेशानी का सबब



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** प्रखंड में शनिवार की रात्रि से लगातार हो रहे बारिश से प्रखंड क्षेत्र में जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, वहीं प्रखंड क्षेत्र के सभी नदी-नाले उफान पर हैं। मुख्यालय के चिरका डैम का पानी से लबालब भर गया है तथा ओवरफ्लो होने लगा, जिससे रानी चेरी के नदी में बाढ़ आ गई है।, बाढ़ आ जाने से रानीचेरी स्थित मदरसा का भवन पानी में डूब गया जिससे मदरसे के रसोई घर में पानी चले जाने से खाने-पीने की सामग्री भी बर्बाद हो गई है। साथ ही नदी के पास ही पीएचडी का भवन भी पानी में डूब गया, समय रहते रानीचेरी गांव मे बना ढेंगुरा नदी में बियर का गेट भी खोल दिया गया है। उधर, अधिक वर्षा होने के कारण चिनिया तहले सिगसिगाकला होते हुए रंका जाने वाली मुख्य सड़क पर सिगसिगाकला गांव में कलभर्ट के बह जाने से आवागमन अवरूद्ध हो गया है। चिरका पुल के ऊपर से पानी गुजरने के साथ-साथ उक्त स्थल पर स्थित गनी अंसारी के घर में तेज रफ्तार नदी की धारा बहने लगी है। इस कारण मकान के नीचे की भरावट मिट्टी बह जाने से घर कभी भी धाराशायी हो सकता है। वहीं,जमुनियाटांड़ प्रभु प्रकाश विद्यालय के भवन पर एक विशाल पेड़ गिर पड़ा जिससे विद्यालय भवन क्षतिग्रस्त हो गया तथा उक्त स्थल पर ही स्थित बिजली का ट्रांसफर भी नीचे जमीन पर गिर पड़ा । रविवार की वजह से आज विद्यालय छुट्टी थी जिसके कारण बच्चे विद्यालय नहीं आए थे,नहीं तो एक बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी।

### बवई नाले पर बनी हुई पुलिया बारिश में बही

मेराल प्रखंड के पेशका तीसरटेटूका मुख्य मार्ग में पड़ने वाला बवई नाला पर बनी हुई पुलिया भारी बारिश के कारण बह गई। पुलिया बह जाने से तीसरटेटूका होते पेशका भाया प्रखंड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय जाने वाला मुख्य सड़क से कई गांव का संपर्क मार्ग कट गया है। अब तीसरटेटूका पंचायत भवन में आने जाने तथा गढ़वा एवं मेराल प्रखंड मुख्यालय आने के लिए लगभग पांच किलोमीटर की अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी। बवई नाला पर पूर्व से बना हुआ पुलिया पहले से ही क्षतिग्रस्त हो गई है। नया निर्माण के लिए स्थानीय लोगों द्वारा लगातार मंत्री से मांग की जा रही थी। इसी तरह प्रखंड मुख्यालय के बगल स्थित सरस्वतिया नदी पुल के उपर से लगभग तीन फीट पानी बह रहा था। जिस कारण मेराल थाना एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मेराल तीन कोनिया तक आने जाने का सड़क लगभग तीन घंटे तक बंद रहा। पानी का बहाव कुछ कम होने पर लोग हिम्मत करके किसी तरह आते जाते देखे गए।



## कलवार समाज का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है: डॉ. ओम प्रकाश



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के चेचरिया स्थित अलका मैरिज हॉल में युवा ब्याहुत कलवार समाज के द्वारा आराध्य देव श्री बलभद्र भगवान की जयंती व पूजन समारोह का आयोजन किया गया। शुरूआत कुल देवता भगवान बलभद्र के पूजन-हवन से हुआ। जहां पंडित रामचंद्र पाठक ने विधि पूर्वक मंत्रोच्चार से भगवान बलभद्र जी की प्रतिमा का पूजन सम्पन्न कराया। भजन आरती एवं प्रतिमा पूजन के उपरांत श्रद्धालूओ के द्वारा भगवान बलभद्र जी के कच्ची प्रसाद का जमकर आनंद उठाया गया। इस अवसर पर स्वजातीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संरक्षक डॉ. ओम प्रकाश ने कहा कि भगवान बलभद्र का मुख्य अस्त्र हल एवं मूसल है, ऐसे में इनका पूजा कृषक समाज के लिए अहम हो जाता है। कलवार समाज का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। यह समाज हजारों वर्ष पहले भगवान बलभद्र के कुल खानदान के हैं। कलवार समाज का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है इसे भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर जोखू प्रसाद,प्रभु प्रसाद, उमा प्रसाद, रामू प्रसाद,रविन्द्र प्रसाद, भारत भूषण प्रसाद,अशोक कुमार,सुधीर प्रसाद,संतोष प्रसाद,राजकुमार प्रसाद,ईश्वरी प्रसाद,बहादुर प्रसाद,आकाश कुमार,अजीत कुमार,शुभम कुमार, रामाश्रय प्रसाद गुप्ता,जगरनाथ प्रसाद,हीरा प्रसाद,मनोज कुमार,अरविंद कुमार,सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित थे।

## असुविधा

### कोविड काल 2019- 20 में बंद होने से आम लोग हैं परेशान

# मेराल होते हुए चोपन-चुनार यात्री ट्रेन चलाने की मांग




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** ग्राम रेलवे स्टेशन होते हुए बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 को चलाने का अनुरोध पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से किया है। इसकी जानकारी देते हुए गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे ने बताया कि कोविड-19 के दौरान बंद की गयी बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन अभी तक प्रारम्भ नहीं हो सका है। उक्त ट्रेन का परिचालन प्रारम्भ नहीं होने से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों को आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन जनता की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पुनः प्रारम्भ करने की मांग सांसद ने भारत सरकार के रेल मंत्री से मिलकर की है। उक्त ट्रेन को पुनः चलाने हेतु भी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सहमति प्रदान की है।

### सप्ताह में एक दिन का परिचालन प्रारंभ होगा

सांसद ने बताया है कि उम्मीद है कि बहुत जल्द बरवाडीह चोपन-चुनार सवारी गाड़ी प्रति दिन एवं गढ़वा रोड होते वंदे भारत ट्रेन सप्ताह में एक दिन का परिचालन प्रारंभ होगा, जिससे जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों से निजात मिल सकेगी। इस ट्रेन सवारी गाड़ी के परिचालन से संबंधित जानकारी पूछने पर मेराल ग्राम रेलवे स्टेशन प्रबंधक मिथिलेश कुमार ने बताया कि आम लोगों के आवागमन के लिए बरवाडीह चोपन चुनार सवारी गाड़ी बहुत ही उपयोगी था, लेकिन कोविड काल में सरकार द्वारा बंद कर दिए जाने से लोगों को काफी परेशानी हो रहा है। विगत 2 अगस्त को मेराल ग्राम रेलवे स्टेशन में रेलवे परामर्शदात्री समिति के बैठक में बरवाडीह चोपन चुनार सवारी गाड़ी को चलाने की प्रस्ताव पारित कर रेलवे डिविजन धनबाद एवं पलामू सांसद के पास भेजा गया है। कोविड काल 2019- 20 में बंद होने से जहां आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### डंडई के कलवार समाज ने की भगवान बलभद्र की पूजा



**डंडई ।** प्रखंड की डंडई गांव में रविवार को ब्याहुत समाज की ओर से भगवान बलभद्र की पूजा-अर्चना की गई । भगवान बलभद्र की तस्वीर रख रामनाथ साह के द्वारा स परिवार विधि -विधान के साथ उनका पूजन किया । इससे पहले उनके द्वारा डंडई के जानकी मंदिर में भी भगवान बलभद्र का पूजा अर्चना करने का काम किया गया। डंडाई के किसान उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित पूजन उत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वनाथ भगत का लोगों ने भगवान बलभद्र का प्रतीक चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान कई लोगों के द्वारा समाज के उत्थान पर प्रकाश डाला गया ।

### उर्वरक अधिनियम का पालन नहीं करने पर स्पष्टिकरण मांगा

**रमना।** शनिवार की शाम करीब सात बजे शिवशंकर प्रसाद जिला कृषि पदाधिकारी,गढ़वा ने भगत सिंह चौक रमना पीपलतर स्थित गुप्ता खाद बीज भंडार का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां पाया गया कि उर्वरक अधिनियम- 1985 के दिशा निदेशों का पालन नहीं किया गया है। अनुज्ञप्तिधारी द्वारा दुकान का नाम पट,डीलर का नाम और उर्वरक की मूल्य सूची पट नहीं लगाई गई है। किसानों नें बताया कि हमलोगों को 450-500 रूपये प्रति बोरा यूरिया दिया जा रहा है। इस पर शिवशंकर प्रसाद ने कहा कि किस दुकानदार ने निर्धारित मूल्य से अधिक रकम लिया है तो उनके विरुद्ध लिखित आवेदन दीजिये, उनपर कारवाई होगी। किसी भी दुकानदार को निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य नहीं लेना है। साथ ही कहा कि सभी किसान खाद विक्रेता से भुगतान रसीद मांगे। यदि किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो प्रखंड कृषि पदाधिकारी से इसकी शिकायत करें। उन्होंने गुप्ता खाद बीज भंडार को सरकारी दिशा- निर्देशोका पालन नहीं करने के लिए दो दिनों के अंदर स्पष्टिकरण माँगा है।

### 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में 225 सखी मंडल के बीच 38 लाख 25 हजार रुपए का डमी चेक दिया गया।



**मेरल।** प्रखंड मुख्यालय के मेराल पूर्वी पंचायत में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड मुख्यालय भवन में किया गया। इसकी शुरूआत मुखिया राम सागर महतो, प्रमुख दीप माला कुमारी, उप मुखिया अलीशेर अंसारी, डॉ अनिल कुमार साह, अंसारी डॉ कुमार शशांक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर लालमोहन ने किया। मौके पर मुखिया रामसागर महतो एवं प्रमुख दीप माला कुमारी ने मेराल पूर्वी के विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों के छः गर्भवती महिलाओं का गोदभराई तथा छः माह के उम्र के बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन किया गया। शिविर में 225 सखी मंडल के बीच 38 लाख 25 हजार रुपए का डमी चेक महिला समूह के सदस्यों के बीच मुखिया एवं प्रमुख के हाथों दिया गया। शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुषों ने आवेदन दिया। इस कार्यक्रम में राशन कार्ड ,सर्वजन पेंशन, जाति, निवास ,ऑनलाइन ,आधार कार्ड, मईयां सम्मान योजना, शौचालय,अबुआ आवास सहित 1179 आवेदन प्राप्त हुआ। इसमें सर्वाधिक 841 आवेदन अबुआ आवास का प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में अंचल अधिकारी यशवंत नायक वीडियो जागो महतो नाजीर सुनील कुमार, उर्दू टंकण रिजवान अख्तर, सी आई बिंदेश्वरी कुमार, आशुतोष झा, राहुल कुमार, संजय गुप्ता, विनोद चौधरी,शमीला बीबी, विनेश कुमार मेहता, रहीमुद्दीन अंसारी, देवब्रत, भोलाराम ,सोरबरन महतो, सुनील कुमार, राजकुमार महतो, रामकुमार महतो, पंचायत सेवक परमानंद पाठक, रामनाथ चौधरी सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

### इलाज के दौरान मरीज की हुई मौत,

**भवनाथपुर।** पंडरिया पंचायत के सरैया गांव निवासी सरयू साह की मौत इलाज के लिए गढ़वा ले जाने के दौरान नगर उटारी में हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया है। समाचार के अनुसार सरैया निवासी सरयू साह 50 वर्ष को पड़ोसी ब्रजेश कुमार गुप्ता व साला मुरली साह रविवार को दोपहर करीब दो बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाए थे। सरयू साह को बुखार तथा उल्टी में खुन आने की शिकायत थी। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर नितिश भारती ने इलाज किया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए गढ़वा रेफर कर दिया गया। एम्बुलेंस आने में थोड़ी देर हुई। इलाज के लिए गढ़वा ले जाने के क्रम में नगर उटारी में मौत हो गई। डॉ. नितिश भारती ने कहा कि मरीज को सांस लेने में दिक्कत थी, तथा रात में उल्टी के साथ खून आने की शिकायत थी. मामला को गंभीर देखते हुए गढ़वा रेफर किया गया था. टीबी की जांच के लिए लिखा गया था। एम्बुलेंस अस्पताल प्रबंधन के हाथ में नहीं होता है। इधर, पड़ोसी ब्रजेश कुमार गुप्ता,साला मुरली साह ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि इलाज के लिए लाए जाने पर आक्सीजन लेबल कम था लेकिन चिकित्सक ने आक्सीजन नहीं लगाया। कहा एम्बुलेंस 40 मिनट विलम्ब से मिला, जिस कारण मरीज की मौत हो गई। बताया कि 108 एम्बुलेंस को फोन करने के बाद चालक ने कहा रमुना में है ,चालीस मिनट लगेगा। कुछ देर के बाद चालक अस्पताल के पिछे से निकला. समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध होता तो मरीज की जान बच जाती। सूत्रों के अनुसार सरयू साह को पिछले एक सप्ताह से बुखार की शिकायत थी। वह गांव में ही झोलाछाप डॉक्टर से इलाज करा रहा था. तबियत बिगड़ने लगी तो आज अस्पताल लाया गया था। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मरिज को गढ़वा रेफर किया गया था. एम्बुलेंस 24 घंटे सेवा में रहता है। एम्बुलेंस में हो सकता है तेल लेने में विलम्ब हुआ हो। कहा कि लोग गांव में झोलाछाप डॉक्टर से इलाज करा लेते हैं और हालत बिगड़ने पर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही बताते हैं।




## बसिया के सुकुरडा गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने किया हमला

# हाथी के डर से भागती गर्भवती ने दिया बच्चे को जन्म

**नवीन मेल संवाददाता। बसिया (गुमला)**

बसिया के सुदूरवर्ती क्षेत्र में शनिवार की रात को राखे राम तो मारे कौन सार्थक हो गया, जब एक नवजात शिशु की किलकारी से जंगल गुलजार नजर आया। यहां हाथियों के हमले के बीच जंगल में एक शिशु ने जन्म लिया और सबसे आश्चर्यजनक बात यह थी कि नवजात के जन्म के बाद घरों को तोड़ रहे और लोगों को दौड़ा रहे गजराज विपरीत दिशा में चले गए।

मामला बसिया के सुकुरडा गांव का है। यहां जंगली हाथियों के झुंड ने एक घर पर हमला कर दिया। हाथियों का यह हमला काफी डरावना था और डर के इस माहौल के बीच पास-पड़ोस के साथ-साथ भुक्तभोगी परिवार के सभी सदस्य जंगल की ओर

**बच्चे के जन्म के बाद हाथी लोगों को दौड़ाना छोड़ विपरीत दिशा में चले गए**

भागने लगे। इस भागदौड़ में भुक्तभोगी परिवार की गर्भवती महिला खुशबू कुमारी भी बदहवास भागने को विवश थीं। इस संबंध में जानकारी देते हुए परिवार के मुखिया गणेश सिंह ने बताया कि शनिवार की रात एक बजे के आसपास घटी इस भागदौड़ के बीच उनकी पत्नी हाथियों की पकड़ से अभी बाहर भी नहीं निकल पाई थी कि अचानक उन्हें प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि हाथियों का चिघाड़ना और उनका तहस-नहस करना जारी था और इसी बीच रास्ते में उनकी पत्नी खुशबू ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया।

गणेश सिंह ने बताया कि सुखद संयोग यह था कि उनके घर को तहस-नहस करने वाले हाथियों को जैसे ही नवजात के जन्म का आभास हुआ, वैसे ही वे लोगों को दौड़ाना छोड़ विपरीत दिशा में चले गए। हाथियों के प्रस्थान करते ही गर्भवती महिला व उसके पति गणेश सिंह को ढूंढते ग्रामीण वहां पहुंचे और जच्चा-बच्चा को तुरंत बसिया के रेफरल अस्पताल ले गए। नवजात और उसकी मां अभी अस्पताल में पूरी तरह सुरक्षित व स्वस्थ हैं। वहीं, यह मामला इलाके में पर्याप्त चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एक नजर

### डीयू छात्रसंघ चुनाव में शामिल होने एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव रवाना



**लोहरदगा।** दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्र संघ का चुनाव 27 सितंबर को होना तय हुआ है। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के आदेशानुसार पूरे भारत से सभी राज्यों की टीम पहुंचेगी। दिल्ली विश्वविद्यालय में झारखंड व बिहार के हजारों विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं। उनसे संपर्क साधने तथा पार्टी के विचारधारा से जोड़ने व संगठन को मजबूती करने के लिए के लिए झारखंड से 25 सदस्य टीम के साथ एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव दिल्ली रवाना हुए।

### अलग अलग मोटर साइकिल दुर्घटना में चार घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा घाघरा पथ पर मोटर साइकिल नंबर जे एच 01डी डब्लू 7943 में गुमला जिला अन्तर्गत सिसई थाना क्षेत्र निवासी बसंत लोहरा का 21 वर्षीय पुत्र रमेश लोहरा एवं बंधना उरांव का पुत्र पवन उरांव अनियंत्रित होकर गिर कर दोनों घायल हो गये.वही स्थानीय ग्रामीणों ने इलाज के लिये सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा पहुंचाया जहाँ दोनों का इलाज चल रहा है.वही दूसरी घटना मोटर साइकिल संख्या जे एच 01डी एफ 9945 में सवार शांति बाखला का पुत्र विकास बखला और विलियम बडा का पुत्र अभिषेक बड़ा जानवर को बचाने में गिर कर दुर्घटना घायल हो गये।

# आज रे करम गोसाईं घरे दुआरे रे...करमा गीतों से गूंज रहीं क्षेत्र की गलियां

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

करमा पूजा उत्सव एवं गीत-संगीत को लेकर पिछले एक सप्ताह से खुशी और उमंग का माहौल क्षेत्र में बना हुआ है। सुबह-शाम करमा गीत से क्षेत्र गूंजायमान हो रहा है। आज रे करम गोसाई घारे द्वारे रे, काल रे करम गोसाई कांस नदी पारे., भाई हामर बाढतो राखबो आशीष रे., केकर दियल दियवा केकर दियल बाती जलो रे दियवा आझो के राती., जा हो जा हो करम गोसाय आपन ससुराल हो., आदि करमा गीतों से इस समय वातावरण गूंज उठा है।इन करमा गीतों में झारखंड की संस्कृति झलकती है। वही चैनपुर मुख्यालय के पीपल चौक, एमएलए रोड़, दुर्गा मंदिर परिसर, प्रेमनगर, बीच बस्ती, रामपुर सहित कई जगहों पर करमा पछजआ का आयोजन किया गया।करमा पर्व भादो माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को हर्षोल्लास के साथ गांव-गांव में मनाया जाता है।विशेष रूप से झारखंड राज्य में यह मनाया जाता है।



धार्मिक मान्यता के अनुसार बहनें अपने भाइयों के उज्जवल भविष्य के लिए यह पर्व मनाते हैं। लोग कहते भी हैं कि अपना कर्म भैया के धर्म अर्थात बहनें अपने कर्म के साथ-साथ भाइयों के धर्म भी करती हैं। भादो माह की चतुर्थी के दिन से ही करमा की नींव गांव में रखी गई है। उस दिन बहनें डलिया में बालू मिट्टी रख उसमें पांच प्रकार के अनाज बुनते हैं तभी से दिन भर में कम से कम तीन बार और ज्यादा से ज्यादा पांच बार उस डलिया को पूजा के स्थान पर रख रूप देती हैं और उसके चारों ओर घूमते हुए झूमर लगाती हैं और गाती हैं। इस प्रकार इन एक सप्ताह में जिधर जाए उधर ही करमा के गीत सुनने को मिले हैं। जिससे वातावरण में मधुर गीतों की गूंज गुंजायमान होते रहता है। सबसे बड़ी बात यह कि शादीशुदा बहनें भी इस त्यौहार को मनाने अपने भाई के घर आती हैं और सभी परिवार मिलकर त्यौहार मनाते हैं। आज शनिवार शाम बहन अपने भाईयों के लिए करमा व्रत करेंगी। रविवार की सुबह जलाशय में करमा डाली विसर्जन किया गया । इसे देखने एवं करमा गीत सुनने के लिए आसपास क्षेत्र के लोग काफी संख्या में शामिल हुए।

## नृत्य-संगीत के साथ हुई करम की पूजा-अर्चना

**भंडरा ।** भंडरा प्रखंड क्षेत्र में करमा पर्व पूरे विधि-विधान के साथ नृत्य-संगीत के साथ प्रकृति पर्व करम की पूजा-अर्चना हुई. हालांकि बारिश के कारण कुछ परेशानी हुई. शनिवार को युवतियां दिनभर उपवास कर शाम में करम डाली की पूजा की। इसके बाद ढोल नगाड़े की थाप पर रातभर रिझ रंग किया। प्रखंड से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में करमा पूजा का खास उत्साह देखा जा रहा है। करमा पूजा करने वाली यूवतियां सोमवार हीं तैयारी में जुटी थी। बताया गया कि प्रखंड बस्ती के अखाडा पूजा स्थल में सामूहिक करमा पूजा का आयोजन किया गया है। जहां युवतियां विधि विधान से करम पूजा की। हालांकि लगातार हो रही बारिश के कारण पूजा करने में परेशानी भी हुई है। करम पर्व को शांति और खुशहाली का प्रतिक माना जाता है। इसे भाई बहनों के प्यार का पर्व भी माना जाता है। प्रखंड बस्ती के अखाडा स्थल पर पूजा अर्चना के बाद देर रात अखरा में ढोल-नगाड़ा के बीच लोग थिरकते रहे। पूरे प्रखंड में करम पर्व की धूम रही। आदिवासी समाज में इसको लेकर उत्साह दिखा। अखरा में एक दिन पूर्व मिट्टी के बर्तन में रखे गए जावा फूल को अखरा में लाया गया।










## कुडू में करम पर्व धूमधाम से मनाया गया

**कुडू।** कुडू प्रखंड क्षेत्र में कर्मा त्योहार काफी धूमधाम एवं भक्ति भाव से मनाया गया। शनिवार को रात्रि में कर्मा डाली में पुरोहित, पाहन के द्वारा व्रतियों ने विधिवत पूजन कर अपने परिवार की मंगलकामना की। इस मौके पर शनिवार रात्रि से लेकर रविवार पूरे दिन कर्मा नृत्य,संगीत से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। प्रखंड क्षेत्र के जरिओ,कुंडगड़ा,बड़की चाँपि,सलगी,जिमा,ओपा, कुडू,चिरी जिमा,चुन्द, बहेराटोली, चुन्द,होटवार,बंदुआ , दुबांग,छोटकी चाँपि ,सहित पूरा प्रखंड क्षेत्र प्रकृति पूजा कर्मा के उत्साह से सरोबार रहा। इस मौके पर व्रतियों ने करम ओर धर्म के कहानियां पूरे भक्ति भाव से सुनी,पूजन की,प्रसाद वितरण की एवं अपने भाइयों की रक्षा करने को लेकर कर्म डाली से प्रार्थना की।इस मौके पर कुडू प्रखंड प्रमुख मुनि देवी , बड़की चाँपि मुखिया राजधन भगत,बड़की चाँपि उप मुखिया हेना तिवारी,मनेश्वर उरांव,गंदरु उरांव,एतवा भगत,सोमा उरांवक,फूलदेव भगत, ललित भगत,रविन्द्र भगत,पाहन एतवा उराँव मुनि पाहन,वीफई भगत, हरिश्चन्द्र भगत, बंधन उराँव, राजेन्द्र उराँव, सुनील उराँव, फूलदेव उराँव,जसमनी उराँव सहित काफी संख्या में महिला पुरुषो ने कर्मा पर्व के मौके पर उपस्थित थे।

## करम डाल विसर्जन के साथ पूरे कुडू प्रखंड में करम त्योहार धूमधाम से संपन्न

**कुडू-लोहरदगा ।** करम डाल विसर्जन के साथ पूरे कुडू प्रखंड में रविवार को कर्मा का त्योहार धूम-धाम से सम्पन्न हो गया। अपने भाइयों की रक्षा, परिवार में खुशहाली, खेतो में हरियाली की कामना के साथ महिलाओं ने प्रखंड के विभिन्न अखाड़ो व घरों में शनिवार को करम डाल गाड़कर विधिवत पूजा-अर्चना की। शनिवार को रातभर हुए बारिश ने पूजा में थोडा खलल डाला। अत्यधिक बारिश के कारण अखाड़ों को अन्य वर्षो की तुलना में थोड़ी साज सज्जा में कमी रही। बावजूद इसके अखराटोली, जामुनटोली, नावाटोली, जामडी, जिंगी, तान, राहे, लावागाई, ओपा, चापी, बंदुआ, सुकमार, कोलसिमरी आदि अखाड़ो में देर रात तक पूजा-पाठ के बाद मांदर, नगाड़ा, घंट की धुन पर आदिवासी बालाएं, महिला-पुरूष झूमर खेलते रहे। रविवार को सुबह से देर शाम तक विभिन्न अखाड़ो व टोला मुहल्ला में स्थापित करम डाल का विषर्जन जुलूस के साथ नाचते-गाते जलाशयों में किया गया।

### युवतियों ने की करम राजा की उपासना, भाई की सुख समृद्धि की कामना की

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को प्रकृति पर्व करमा पूजा धूमधाम से की गई। भाई बहन के अटूट प्रेम के पर्व करमा को लेकर क्षेत्रो में सुबह से ही चहल पहल देखने को मिली। पर्व को लेकर गांव की युवतियों में उत्साह दिखा। गांव की युवती टोली बनाकर पारंपरिक लोक नृत्य कर रही थी। सड़कों पर करम की डाली रखकर नृत्य करते हुए नजर आई तो कहीं अपने घर के आसपास। रात्रि में युवतियों ने करम डाल की पूजा कर अपने भाई के सुख समृद्धि की कामना की। करम पर्व भाई-बहन के अटूट और निश्छल प्रेम का प्रतीक हैं। प्रखंड क्षेत्र में करमा पूजा धूमधाम से की गई।

## तीन बच्चों समेत मां की मौत मामले में आया नया मोड़

# मृतका की बहन ने हत्या का आरोप लगा जीजा पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कुडू थाना क्षेत्र के कुएं में मां और उसके तीन मासूम बच्चों के मिले शव मामले में एक नया मोड़ आया है। मृतका उषा मुंडा की छोटी बहन अनिशा कुमारी पति सरहुल मुंडा, कसपुर थाना भंडरा जिला लोहरदगा ने कुडू थाना में आवेदन देकर अपनी बहन और तीन बच्चों की हत्या का आरोप लगाया है। अपने आवेदन में बताया है कि उसका जीजा कैरो थाना क्षेत्र के हुदू गांव निवासी फूलदेव मुंडा पिता गोरिया मुंडा अपराधी प्रवृति का व्यक्ति है और उसपर थाने में कई मामले दर्ज हैं और वो जेल भी जा चुका है।

आगे लिखा है कि उसकी बहन और मां हमेशा बताते थे कि उसको दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता है और उसके साथ मारपीट की जाती है। एक बार उसके भाई प्रकाश मुंडा को जीजा फूलदेव ने धमकी भी दी थी कि तुम्हारी बहन और बच्चों को मार डालेंगे। बहन के आवेदन के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कारवाई में जुटी है। ज्ञात हो कि बीते गुरुवार की दोपहर कुडू थाना क्षेत्र के जिंगी पंचायत अंतर्गत मकरा गांव के मकरा घाट स्थित एक कुंए में फूलदेव मुंडा की पत्नी उषा मुंडा 26 और उसकी बेटी दिव्या मुंडा 7, बेटा शिवम मुंडा 4, और एक वर्षीय बेटे सत्यम मुंडा का शव कुंवे में तैरता मिले थे। सभी बच्चे मां से बंधे हुए थे।

### सीताराम येचुरी के निधन पर शोक जताया

**लोहरदगा।** भाजपा लिब्रेशन, लोहरदगा जिलाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने कहा कि गरीबों एवं मेहनतकशों का सच्चे साथियों में एक सीताराम येचुरी की कमी सदा खलती रहेगी। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली दी गई तथा शोक संतप्त परिवार एवं साथियों को दुःख सहने की कामना की गई। शोक सभा में कॉ महेश कुमार सिंह, बी पी गुप्ता, चर्न्दकाँत सिंह, सुखदेव भगत, हजारी उराँव, दिलमोहन साहू, मनु ठाकुर, अल्ताफ कुरैशी, पारसनाथ महतो, एम जेड आलम, आर के महतो, बलराम भगत, राजेन्द्र उराँव, ललिता देवी, दमयन्ती देवी , बुधमनियां उरांव, कृष्णा सिंह आदि शामिल थे।

## देश हित के लिए बीजेपी का संकल्प पत्र अभियान जरूरी : सत्यम कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लोहरदगा नगर पालिका के समीप भाजपा संकल्प पत्र नगर संयोजक सत्यम कुमार के नेतृत्व में संकल्प पत्र सुझाव संग्रह अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। उन्होंने कहा कि देश की स्थिति को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संकल्प अभियान पत्र पूरे देश में चलाया जा रहा है देश हित के लिए संकल्प पत्र अभियान से जुड़कर अपने-अपने बातों को रखें। मौके पर ओम प्रकाश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, नगर उपाध्यक्ष अशोक कासकार, शक्ति केंद्र संयोजक कमलेश कुशवाहा, प्रमोद प्रजापति, रीता पांडे, छवि सिंह, कविता देवी, मंजू अग्रवाल, लक्ष्मी गोयल, माधुरी देवी, रेनू अग्रवाल, सीमा देवी, चंदू देवी, सुनीता अग्रवाल, किरण गुप्ता, सुनीता केसरी, सरिता देवी, फिर मंजू देवी, छवि सिन्हा, पूनम देवी, सरिता साहू, अनु रोय एवं आदि लोग उपस्थित थे।

### बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**डुमरी।** चैनपुर अनुमंडल के डुमरी थाना क्षेत्र के रतासिली ग्राम के समीप दो बाईक के आमने सामने टक्कर हो जाने से एक वृद्ध सहित एक युवक को गंभीर चोट लगी है। घटना रविवार की है भागीरथ बड़ाईक उम्र 25 वर्ष ग्राम परहाटोली बरवेनगर अपने बाइक से छत्तीसगढ़ की ओर से आ रहा था वहीं इसके बाईक की भिडंत विपरीत दिशा से आ रहे राकेश कुमार 29 वर्ष ग्राम बरवेनगर एवं श्रीराम कवर उम्र 75 ग्राम रतासीली से हो गई। जिसमें एक बाइक चालक एवं वृद्ध को सिर एवं पैर में गंभीर चोटें आई है। उक्त दोनों घायल एक ही दाह संस्कार कार्यक्रम में शामिल होकर छत्तीसगढ़ से अपने घर वापस लौट रहे थे। घटना की सूचना पर परिजनों ने आनन फानन में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी लेकर आए जहां चिकित्सा कर्मियों के द्वारा इनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया है।

## सेवा सुरक्षा बंधुत्व की भावना को आगे बढ़ाते हुए एसएसबी ने लगाया स्वास्थ जांच शिविर

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के सिलफरी गांव स्कूल समीप ग्रामीणों का स्वस्थ जांच किया जिसमें ग्रामीणों का जांच तथा दावा का वितरण किया गया।32वी वाहिनी सशत्र सिमा बल सिलम गुमला के कमाण्डेन्ट श्री राजेश सिंह के दिशा निर्देश में उ कंपनी चैनपुर प्रखंड के बरवेनगर पंचायत अंतर्गत सिल्फडी में मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में कंपनी कमाण्डेन्ट श्री उपेंद्र मिश्रा एवं चिकित्साह पताधिकारी श्री हिमांषु गिरी के द्वार गरीब तथा जरूरतमंदों का निषुल्क जांच किया गया एवं दवायो का भी वितरण कराया गया। कार्यक्रम में सेकड़ो की भीड़ थी तथा शास्त्र बल के जवान उनकी सेवा में लगे हुए थे कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक रवि कुमार ,उप निरीक्षक अमित कुमार, रामपुर उप मुखिया अजित बाडा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**कैरो/ लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र के कुडू-चट्टी मुख्य पथ पर खंडा जोड़ा पुल के समीप रविवार देर शाम को सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत हो गई। साथ ही एक बच्चा व एक युवक घायल हो गए। जानकारी अनुसार कैरो थाना क्षेत्र के सढ़ाबे गांव निवासी भैरो उरांव का 33 वर्षीय पुत्र सोमनाथ उरांव अपने छह वर्ष के बेटे को लेकर उदरंगी से सढाबे अपने घर आ रहा था।वहीं कैरो की ओर से जा रहे थाना क्षेत्र के गजनी निवासी नवीन उराँव की मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई। सोमनाथ उराँव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं नवीन उरांव की मौत हॉस्पिटल ले जाने के क्रम में रास्ते पर हो गई। अर्जुन उरांव घायल हो गए। इधर घटना की सूचना पर कैरो थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्यवाई में जुट गई है।

# गुमला पॉलीटेक्निक कॉलेज में परियोजनाओं के भव्य प्रदर्शन के साथ मनाया गया इंजीनियर दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

15 सितंबर 2024 को गुमला पॉलिटेक्निक में इंजीनियर दिवस को बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी को माला और पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया। सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी की जयंती 15 सितंबर को इंजीनियर दिवस के रूप में मनाकर भारत एक महान सिविल इंजीनियर, एक दूरदर्शी राजनेता को श्रद्धांजलि देता है, जिनके अग्रणी कार्य ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में क्रांति ला दी और भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह कार्यक्रम 15.09.2024 को गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज की कार्यशाला में हुआ, जहाँ मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल, माइनिंग और



ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न शाखाओं के छात्रों ने 91 से अधिक प्रभावशाली प्रोजेक्ट मॉडल के माध्यम से अपनी प्रतिभा और नवाचार का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गुमला जिला के उपायुक्त श्री कर्ण सत्यर्थी और विशिष्ट अतिथि गुमला जिला के वन अधिकारी श्री अहमद बेलाल अनवर ने किया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के छात्रों द्वारा प्रोजेक्ट मॉडल का उल्लेखनीय प्रदर्शन था। इन परियोजनाओं में उनकी लगन, कड़ी मेहनत और विषयों की गहरी समझ झलक रही थी। पर्यावरण अनुकूल विद्युत प्रणालियों से लेकर अत्याधुनिक यांत्रिक डिजाइन तक बनाए गए थे। बड़ी संख्या में लोग प्रदर्शनी देखने आए। आगंतुकों में विभिन्न स्थानीय स्कूलों के शिक्षक और छात्र शामिल थे। वे प्रदर्शित मॉडलों को देखकर काफी प्रभावित हुए। कई प्रोजेक्ट मॉडल उद्यमिता व्यवसाय विकास के लिए उपयुक्त पाए गए और सभी प्रोजेक्ट आज की आधुनिक दुनिया के वास्तविक जीवन के अनुप्रयोग के आधार पर विकसित किए गए थे। कार्यक्रम में गुमला के जिला आयुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की उपस्थिति रही। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों की प्रशंसा की तथा उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने समाज के विकास में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया तथा छात्रों को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्टता की खोज जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

# करमा पर्व पूर्वजों की बहुत बड़ी धरोहर है, संजोकर रखना है : सुखदेव भगत

- *करमा आदिवासियों का महान पर्व है : उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण*
- *करम पर्व पर्यावरण के संरक्षण की देता है प्रेरणा : हारिस बिन जमा*



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

नव युवक संघ मैना बगीचा के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी करमा पूजनोत्सव का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, लोहरदगा उपायुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्णा ,पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा ,डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की, नजारत सह उपसमाहर्ता अभिनीत सूरज ,नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अनुपमा भगत सहित काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भारी बारिश होने के बाद भी करमा महोत्सव में आस्था पर कहीं कोई कमी नजर नहीं आयी। व्रत रखने वाले बालिकाएं -महिलाओं ने भक्ति भाव से करम पूजा स्थल पहुंची। विधि विधान से पाहन सोमा भगत द्वारा पूजा अर्चना कराया गया शिक्षक सुकरात उरांव कर्मा धर्मा दो भाइयों की कहानी से सबको श्रवण कराया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि करमा परब हमारे पूर्वजों का बहुत बड़ा धरोहर है जिसे हमें संजोग कर रखना है। करमा पूजा में बहने अपने भाइयों की सुख समृद्धि और दीघायों के लिए पूजा करती है। प्रकृति से आदिवासी समाज का गहरा लगाव रहता है। प्रकृति आदिवासियों के जीवन का अंग है ।करमा पर्व हम सबो को पर्यावरण को संरक्षित करने का प्रेरणा देने का काम करता है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को करमा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

लोहरदगा उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि करमा आदिवासियों का बहुत बड़ा पर्व है। आदिवासियों का पूरा जीवन पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए समर्पित है।

## एक नजर

### एक लाख का इनामी नक्सली लक्ष्मण राय गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह एसपी डॉक्टर विमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को इनामी नक्सली को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली है। डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस ने एक लाख के इनामी नक्सली लक्ष्मण राय को उसके गांव लेढवाटांड से गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार एक लाख का इनामी नक्सली लक्ष्मण राय दस लाख के इनामी नक्सली रामदयाल महतो का बेहद करीबी है। रामदयाल महतो ठेकेदारों से लेवी वसूलने समेत नक्सली संगठन के दस्ते के पास नगदी व हथियारों की आपूर्ति के लिए लक्ष्मण राय पर ही भरोसा करता था। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### गोलीमार कर पांच लाख की लूट

**धनबाद।** धनबाद के झरिया स्थित पाथलडीह में एक रिकवरी एजेंट को अज्ञात अपराधियों ने गोलीमार कर उससे पांच लाख रुपये छीनकर फरार हो गए। घायल रिकवरी एजेंट को इलाज के लिए धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। बताया जाता है कि रिकवरी एजेंट मुकुल मिश्रा धनबाद से सिंदरी जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए अज्ञात बदमाशों ने चासनाला बी टाइप के पास ओवरटेक करके उनके बाइक को रोक दिया और उनके पास रखे रुपयों से भरे बैग को छिनने का प्रयास करने लगें। जब मुकुल ने इसका विरोध किया तो अपराधियों ने मुकुल को गोली मार दी, जिससे रिकवरी एजेंट मुकुल वहीं सड़क पर गिर गाया।

### 24 को बरही आएंगे योगी, पदमा में होगा रोड शो

**बरही।** आगामी विस चुनाव को देखते हुए राजनीतिक पार्टियां अपने विसात बिछाने प्रारंभ कर दिए हैं। भाजपा के लिए बरही विस का यह एक प्रतिष्ठा का सीट माना जा रहा है। इसका मुख्य कारण 2019 के चुनाव में पीएम मोदी के चुनावी सभा के बाबजूद भी भाजपा ने कांग्रेस के परंपरागत सीट छीनने में असफल रही थी। इस बार के चुनाव में भाजपा अपनी राजनीतिक शक्तियां अभी से ही लगाना प्रारंभ कर दिया है। यही कारण है कि 24 सितंबर को बरही में भाजपा के कद्दावर नेता व यूपी के मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी के कार्यक्रम तय हो चुके हैं। उक्त तिथि को सीएम योगी की बरही में जनसभा और पद्मा में रोड शो के कार्यक्रम रखे गए है।

# करम डाल विसर्जन के दौरान डूबीं 4 बच्चियां, 1 की मौत

*तीन बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, राजमहल थाना क्षेत्र की घटना*



**साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र में रविवार सुबह करमा पूजा के करम डाल विसर्जन करने के दौरान तेंनवा नाला नदी में चार बच्चियां डूब गईं। तीन बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया जबकि एक बच्ची की मौत हो गई। बताया जाता है कि राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत टेकबथान गांव निवासी मुकेश यादव के 09 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी एवं रिया कुमारी (12) चचेरी बहन विकास यादव की पुत्री सोनाक्षी कुमारी(10) तथा प्रदीप यादव पुत्री चांदनी कुमारी (9)के साथ रविवार की सुबह करीब पांच बजे गांव से लगभग 500 मीटर की दूर डेढ़गामा-टेकबथान गांव के बीच बने तेंदुवा नाला (नदी) में करमा पूजा समाप्ति की झुंड़ (घांस) अन्य सामग्री की विसर्जन करने गई थीं। विसर्जन करने के दौरान चारों बच्ची डूबने लगी। बगल में मछली मार रहे डेढ़गामा गांव निवासी संजय मंडल ने देखा कि कुछ बच्चियां बच्ची डूब रहीं हैं। संजय मंडल ने अकेले ही तेंनुवा नाला नदी में छलांग मार कर जैसे-तैसे एक-एक कर तीन बच्चियों को बाहर निकाला। तीनों बच्ची घबराई हुई, सहमी हुई थी। लगभग 10 मिनट के बाद मुकेश यादव की 11 वर्षीय दूसरी पुत्री रिया कुमारी ने कहा कि मेरी छोटी बहन प्रियंका कुमारी नदी में रह गई है। यह कहते हुए तीनों बच्ची चिल्लाते हुए रोने लगीं और कहने लगीं मेरी बहन डूबी हुई है। कोई उनको बचाओ।

इतने में ही परिजनों के साथ दोनों गांव के सैकड़ों लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। दोनों गांव के ग्रामीण व परिजन प्रकाश मंडल, सनोज यादव, अशोक यादव, शिव कुमार, सुदर्शन यादव,मुन्ना यादव,हरेराम यादव अन्य लोगों ने मछली मारने वाले जाल वह अन्य सामग्रियों से खोजबीन करना शुरू किया। लगभग तीन घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आठ बजे बच्ची को बाहर निकाला। जांच करने के बाद डॉ उदय कुमार टुडू ने बच्ची प्रियंका कुमारी (9)को मृत घोषित किया। इस बीच राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि बच्ची डूबने से मौत हुई है। पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई।

### गिरिडीह में कोढा गिरोह का शातिर हुआ गिरफ्तार

**गिरिडीह।** नगर थाना पुलिस ने झपट्टामार गिरोह के शातिर अपराधी अनुज कुमार को बिहार के कटिहार से गिरफ्तार किया है। वह कटिहार का रहने वाला है और कोढ़ा गिरोह से जुड़ा है। एसपी डॉ. विमल कुमार ने रविवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि आरोपित राह चलती महिलाओं के गले से सोने की चेन छीनकर भागता रहा है। नगर थाना पुलिस पिछले कई दिनों से इस गिरोह की रेकी कर रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि एक अपराधी बाइक से शहर के कई हिस्सों का चक्कर लगा रहा है। सूचना के आधार पर शनिवार को नगर थाना प्रभारी और मुफ्फसिल थाना प्रभारी सक्रिय हुए और कई टीमों ने शहर के अलग-अलग हिस्सों में घूमना शुरू किया। पुलिस ने रणनीति बनाकर अनुज कुमार को दबोचा जबकि उसका एक अन्य साथी भीड़ का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा।

दुमका-हावड़ा बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का हुआ उद्घाटन, बोलीं सीता सोरेन

# संताल में बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठ से बदल गई है डेमोग्राफी

नवीन मेल संवाददाता

**दुमका।** वंदे भारत एक्सप्रेस उद्घाटन कार्यक्रम में पक्ष व विपक्ष समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। हंगामा दुमका रेलवे स्टेशन पर भागलपुर हावड़ा वंदेभारत एक्सप्रेस के उदघाटन कार्यक्रम में उस समय हुआ जब जामा की पूर्व विधायक सीता सोरेन ने उदघाटन संबोधत में राज्य सरकार की आलोचना करना करने लगी।



सीता सोरेन ने कहा कि संताल परगना में बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठ से डेमोग्राफी बदल गई है। आदिवासियों की लगातार संख्या घट रही है। लेकिन यहां की सरकार अपनी जेब गर्म करने में लगी है। जनता से झूठेवादे करने का आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन जेल की यात्रा कर लौट कर आ गये, लेकिन सुधरने का नाम नहीं ले रहे है। इसके बाद झामुमो कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी शुरू कर दिया। नारेबाजी सभा के अंत तक चलता रहा। इस दौरान वन्देभारत एक्सप्रेस भागलपुर से दुमका पहुंच गई। लेकिन शोर गुल नहीं थमा। इसी शोरगुल के बीच झामुमों सांसद नलिन सोरेन और गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे लोगों को सम्बोधित किया।

सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि मोदी का फोकस इस दुमका सहित पूरे राज्य में है। आज मोदी सरकार ने राज्य को छह वन्देभारत ट्रेन की सौगात दीं है। इसमें संताल परगना को फोकस किया गया है। इसके बाद भी लम्बी दूरी की ट्रेने मिलने की ज्यादा संभावना है।

### वंदे भारत ट्रेन को लेकर धनबाद वासियों में दिखा गजब का उत्साह

**धनबाद।** पीएम ने रांची में रविवार को डिजिटल माध्यम से झारखंड, ओडिशा, बिहार और यूपी के लिए छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वैसे जमशेदपुर के टाटानगर स्टेशन से इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने का कार्यक्रम था लेकिन खराब मौसम के कारण पीएम का हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। इस खराब मौसम में भी इस ट्रेन को लेकर धनबाद वासियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। गया-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ को लेकर धनबाद स्टेशन पर भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

## ढोड़ा कोला माइका खदान ने तिसरी के एक मजदूर की जिंदगी निगली



*बाबूलाल मरांडी के पुत्र सनातन मरांडी ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, आर्थिक सहयोग कर ढाढंस बंधाया*

नवीन मेल संवाददाता

**तिसरी (गिरिडीह)।** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड के एक और मजदूर की जिंदगी माइका खदान ने निगल ली। प्रखंड क्षेत्र के थानसिंहडीह पंचायत अंतर्गत बाराटांड़ गांव के रहने वाले मजदूर बबुआ मरांडी की मौत कोडरमा के ढोडा कोला माइका खदान में हो गई है। इसकी जानकारी मिलते ही सुबे के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के पुत्र सनातन मरांडी मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने मृत मजदूर बबुआ मरांडी के घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात कर ढाढंस बँधाया। साथ ही आर्थिक सहयोग करते हुए हर सम्भव मदद का आश्वासन भी दिया।बताया गया कि मृतक बबुआ मरांडी की चार पुत्रियां हैं,अब इनके परिवार में कमाने वाला कोई भी सदस्य नहीं है। इस परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बता दें कि ढोडा कोला माइका खदान में पिछ्ले जुलाई माह में भी तिसरी प्रखंड के मनसाडीह पंचायत के दो मजदूरों की मौत हो चुकी है। एक मजदूर कुंडी गांव का और एक नाबालिग मजदूर घसनी गांव का रहने वाला था। इसके अलावे छः माह पूर्व भी तिसरी के लोकाय - छतरमार के मजदूर की भी मौत इसी खदान में चाल धसने से हो गई थी। बताया जाता है कि खदान में हादसा होने के बाद खदान में दबने वाले मजदूरों के परिवार के सदस्यों को खदान संचालक द्वारा धमकाया भी जाता है।

झारखंड राज्य जिम्नास्टिक चैंपियनशिप का सफल आयोजन

# जिम्नास्टिक से विकसित होता है आत्मविश्वास : शिवेंद्र कुमार



**पदक विजेता खिलाड़ी**

जसिता रंजन, वेद ठाकुर, अथर्व कुमार, आरोही प्रमाणिक, विधानी, वैष्णवी कुमारी, अल्फामिस्टी, अंकन घोष, श्रेयांश चक्रवर्ती, अभिषेक बाउरी, अन्नपूर्णा बोस, मेघा वर्मा, मजूमदार, लेखा दत्त, प्रीतम घोष, श्रेयांश चक्रवर्ती, अंकन घोष, ईशानी भट्टाचार्य, अभिषेक गुड़िया, नयन कच्छप, सूरज बाऊरी, कर्म नायक, ओम कुमार नायक, आकाश बाऊरी, रूपेश कुमार, श्रेया मिश्रा, सृष्टि राज पोखरेल, कुमारी दृष्टि, श्रेया मिश्रा, चंदा कुमारी, दशमी कुमारी।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गणपत राय इंडोर स्टेडियम में रविवार को झारखंड राज्य जिम्नास्टिक चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में झारखंड के जिम्नास्टिक खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्टता और कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में राज्य की कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें रांची, सेरसा चक्रधरपुर, जामताड़ा, दुमका, धनबाद, गिरीडीह, खूंटी, लोहरदगा, हजारीबाग, देवघर, डे वोर्डिंग, खेलगांव एवं गुमला शामिल हैं। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रांची के जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार, डीआरडीए, रांची के डॉ रितुराज, झारखंड जिम्नास्टिक संघ के उपाध्यक्ष तुलिका श्रीवास्तव, प्रशासनिक सचिव, दीपक कुमार, कार्यकारी सचिव राजीव कुमार, निर्णायक, विकास गोप, हेमा कुमारी, नीलम, राजवीर उपस्थित थे। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन रांची जिले के प्रमुख खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में खेलों के प्रति समर्पण और खिलाड़ियों की मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा, जिम्नास्टिक जैसे खेल न केवल शारीरिक फिटनेस के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह आत्म-विश्वास और समर्पण भी विकसित करते हैं। हम इस प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें भविष्य में और अधिक सफलता की दिशा में मार्गदर्शित करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आयोजन के दौरान, दर्शकों ने भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भरपूर समर्थन और उत्साह के साथ सराहा। चैंपियनशिप के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार दिए गए, जिनमें स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक शामिल थे। इस अवसर पर खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

शैक्षिक महासंघ के उच्च शिक्षा संवर्ग के झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी की हुई बैठक

# शिक्षा को शिक्षार्थी केंद्रित बनाया जाना चाहिए : महेंद्र कुमार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के वरीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने रविवार को कहा कि महासंघ आगामी वर्ष में सभी प्रकार के शैक्षणिक संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्यों, स्व-जागरण तथा सभी भारतीय एक हैं विषयों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाएगा। यह वक्तव्य महेंद्र कुमार ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू), रांची में रविवार को आयोजित महासंघ के उच्च शिक्षा संवर्ग के झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए दिया। महेंद्र कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से भारतीयता के मूल सिद्धांतों का प्रसार करने में हम समर्थ होंगे। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा को शिक्षार्थी केंद्रित बनाया जाना चाहिए, जिससे विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास हो सके और वह बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक, नैतिक तथा आध्यात्मिक स्तर पर सशक्त हो। उन्होंने महासंघ की प्रदेश इकाई को लक्ष्यों को निर्धारित कर उन्हें पूरा करने की दिशा में तत्परता से कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि महासंघ की केंद्रीय इकाई आवश्यकतानुसार राज्य इकाई को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि महासंघ की राज्य इकाई के विभिन्न प्रकोष्ठों को पूरी सक्रियता के साथ अपने लक्ष्य की सिद्धि में संलग्न होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं को चिह्नित कर उनके समाधान के लिए समर्पित प्रयास करने पर जोर दिया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रो सुदेश कुमार साहू ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि शैक्षिक महासंघ का उद्देश्य केवल शिक्षकों के हितों की रक्षा करना नहीं है, बल्कि शिक्षा प्रणाली में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामूहिक प्रयास करना भी है। उन्होंने शिक्षा के उच्चतम मानकों को स्थापित करने और उनके पालन में सहयोग देने के प्रति महासंघ की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का दायित्व शिक्षकों के कंधों पर है और चाहे हम किसी भी विषय के शिक्षक हों, हमारा उद्देश्य छात्रों को पाठ्यक्रम की जानकारी देने के साथ-साथ समाज और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देना भी होना चाहिए।



**दिसंबर में होगा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन**

बैठक में यह निश्चय किया गया कि शैक्षिक महासंघ की प्रादेशिक इकाई द्वारा सितंबर मास में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के संबंध में व्याख्यान मालाओं तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। दिसंबर मास में वैश्विक मंच पर भारत का पुनरुत्थान विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धरोहर एवं पुनरुत्थान की दिशा में महत्त्वपूर्ण संवाद स्थापित होगा, जिससे जनमानस में राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना जागृत हो सकेगी। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन और सांस्कृतिक अभ्युत्थान को प्रोत्साहित करना है।

## डीसी ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंच लिया जायजा



नवीन मेल संवाददाता

**गांडेय।** डीसी नमन प्रिय लकड़ा ने रविवार को गांडेय प्रखंड के फुलझरिया व बांकिक्ला पंचायत में लगे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे इस दौरान पंचायत सचिवालय में लगे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मईया सम्मान योजना, अबुवा आवास, सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना,आबुवा स्वथय सुरछा योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना,मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लगे स्टोलो में जनता द्वारा जमा किए आवेदन का निरीक्षण किया। गांडेय प्रखंड में सरकार आपके द्वार के अंतिम दिन में कुल 22 हजार आवेदन सरकार आपके द्वार के माध्यम से जनता द्वारा जमा किए गए है। डीसी नमन प्रिये लकड़ा ने कहा कि इस शिविर से सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सुगम रूप से प्रदान किया जा रहा है। लोगों को योजना के लिए प्रखंड व जिला जाना ना पड़े इसलिए पंचायत में ही शिविर लगाया जा रहा है। डीसी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि शिविर में आने वाले लोगों को न सिर्फ सभी योजना की जानकारी दी जाए बल्कि लोगों की समस्या और निवेदन का त्वरित गति से निष्पादन करने का प्रयास किया जाए। मौके पर बीडीओ निशांत अंजुम, सी ओ मनोज कुमार ,मुखिया बांकिकला जूलेखा बीबी, फुलझरिया मुखिया मो इस्मेल, पंचायत समिति सदस्य शंकर सिंह, मुस्लिम अंसारी, मो इनामुल, मो आलम, सहित दर्जनों प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### सांगठनिक ढांचा तैयार कर विस चुनाव की तैयारी में जुटा जेएलकेएम



**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी प्रखंड में पार्टी की मजबूती को लेकर गांधी मैदान में जेएलकेएम की जिला अध्यक्ष रॉकी नवल की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी से केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज यादव मौजूद थे। केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि आज तिसरी प्रखंड में पार्टी का विस्तार किया जा रहा है। प्रखंड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव, कोषाध्यक्ष इन सभी पदों का चुनाव होना है। इस पार्टी की विचारधारा कभी नहीं मरेगी। लोगों का आना-जाना लगा रहता है और हमारी पार्टी में सब कुछ ठीक है। धनवार विधानसभा को लेकर श्री मनोज यादव ने कहा कि यह पार्टी तय करेगी। हमारा मकसद चुनाव लड़ना नहीं, चुनाव जीतना है और सभी निर्णय पार्टी ही लेगी। जिला अध्यक्ष रॉकी नवल ने कहा कि पार्टी के मुखिया का सख्त निर्देश है कि जो भी प्रत्याशी रहेगा उसके लिए हम लोग एक फाउंडेशन बनाने का कार्य करेंगे जब प्रत्याशी का नाम आ जाएगा तो उसको हम लोग बैकअप सपोर्ट दे सकें। प्रखंड कमेटी की मजबूती के लिए यह बैठक की जा रही है। कुछ दिन में उम्मीदवार की भी घोषणा हो जाएगी।

### रामगढ़ में करम डाल के विसर्जन के साथ करमा पूजा संपन्न



**रामगढ़।** जिले में रविवार को करम डाल के विसर्जन के साथ करमा पूजा संपन्न हो गया। इससे पूर्व शनिवार को रात अखरा में करम डाल को स्थापित कर श्रद्धांलुओं ने पूजा अर्चना किया। इस दौरान बहनों ने भाईयों के बेहतर स्वास्थ्य, खुशहाली और अच्छी फसल की कामना की। पूजा के दौरान कर्मा और धर्मा की कथा सुनी गई। इसके बाद युवतियों सहित सभी ने अखरा में मंदर की थाप पर नृत्य किया। रविवार को विसर्जन जुलूस निकला गया। जिसमें बारिश के बाद भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस की समाप्ति पर निकट के नदियों व तालाबों में करम डाल का विसर्जन किया गया।

### सीसीएल ढोरी के पिछरी पंचायत में कल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास



**रांची/बोकारो।** पिछरी (द.) पंचायत, पेटरवार प्रखंड, बोकारो जिला में रविवार को एक भव्य शिलान्यास कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्घाटन शांतनु ठाकुर, केंद्रीय राज्य मंत्री, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग ने किया। इस अवसर पर हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), एसएस लाल, म.प्र. (एसडी और सीएसआर), रंजय सिन्हा, महाप्रबंधक, ढोरी क्षेत्र एवं अन्य गण्यमान्य उपस्थित थे। समारोह के दौरान सीसीएल की सीएसआर के तहत 150 सोलर लालटेन और जूट बैग जनजातीय छात्रों के बीच वितरित किए गए। इसके साथ ही, 500 से अधिक लोगों ने स्वच्छता ही सेवा की शपथ ली। इस सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह का नेतृत्व उपस्थित गण्यमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में 3.63 करोड़ रुपये की लागत से पिछरी (द.) पंचायत के तहत बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिए विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। ये परियोजनाएं समुदाय को सशक्त बनाने, सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने, और स्थिरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई हैं। ग्रामीणों ने सीसीएल के इस पहल के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि सीसीएल अपने अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह के मार्गदर्शन में स्थानीय समुदाय के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में बेरमो विधायक के प्रतिनिधि उत्तम सिंह, पिछरी (द.) की मुखिया प्रमिला देवी, जिला परिषद सदस्य अशोक मुर्मू, सामाजिक कार्यकर्ता देवीदास, यूनियन प्रतिनिधि जवाहर यादव, कैलाश ठाकुर, भीम महतो, और ढोरी क्षेत्र के विभिन्न विभागाध्यक्ष और परियोजना अधिकारी उपस्थित थे।

### रक्षा मंत्री के इटखोरी आगमन की तैयारी जोरों पर



**चतरा।** केंद्रीय रक्षा मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह 21 सितंबर को चतरा जिले के इटखोरी पहुंचेंगे। वे माता भद्रकाली का दर्शन और पूजन के बाद कार्यकर्ताओं को भी संबोधित करेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने तैयारी तेज कर दी है। इसी के निमित्त भाजपा महिला मोर्चा के चतरा जिला अध्यक्ष अनामिका ने मयूरहंड प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया और महिलाओं की अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मंडल अध्यक्ष अनीता देवी की अध्यक्षता में एक बैठक कर कार्यक्रम पर चर्चा हुई।

### दारू सहित अन्य प्रखंडों में करमा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से मनी



दारू/हजारीबाग। हजारीबाग सदर, दारू एवं टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत सभी गांवों में शनिवार की रात्रि करम पूजा धूमधाम और श्रद्धा के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की और करम देवता से समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। पूजा के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। महिलाओं और युवाओं ने विशेष रूप से रात्री में नाच-गान और पारंपरिक गीतों के माध्यम से पर्व का आनंद लिया। सभी गांवों में सामाजिक एकता और सौहार्द्र का वातावरण रहा। प्रशासन द्वारा पूजा के दौरान सुरक्षा की कड़ी नजर रही। पर्व का आयोजन पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा।

संपादकीय

# हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए संकल्प जरूरी

राजभाषा हिंदी को बनाने की राह में बाधा के तौर पर हिंदी विरोधी शक्तियों ने इतनी कुशलता से एक आख्यान गढ़ा और उसका प्रचार किया कि हिंदीभाषी भी उसे सही मानने लगे। हिंदी को गैर-हिंदीभाषी इलाकों में लागू करने को लेकर जब भी सवाल उठा, ?राजनीतिक विरोध की तुलना में उस आख्यान का कहीं ज्यादा सहारा लिया गया, जिसके तहत हिंदी को वर्चस्ववादी बताया गया और उसे गैर-हिंदीभाषी इलाकों पर जबर्दस्ती थोपने का आरोप लगाया गया। आजादी के 77 साल बीत चुके हैं और संविधान लागू होने की 75वीं वर्षगांठ दस्तक दे रही है। अब समय आ गया है कि हिंदी की राह में बाधा बने इस आख्यान को तोड़ा जाए। हिंदी न तो वर्चस्ववादी है और न ही इसने कभी किसी पर हावी होने की कोशिश की है। हिंदी का जो विकास और प्रसार हुआ है, उसमें सरकारी तंत्र के बजाय संचार माध्यमों का ज्यादा योगदान रहा है। सिनेमा के जरिये हिंदी देश के हर कोने तक पहुंची। अब रील्स का जमाना है। कई ऐसे गैर-हिंदीभाषी हैं, जो हिंदी गीतों पर रील्स बना रहे हैं, वीडियो शूट कर रहे हैं और नए माध्यमों के जरिये मोटी कमाई कर रहे हैं। अगर हिंदी सचमुच वर्चस्ववादी होती, तो क्या गैर हिंदीभाषी उसे स्वीकार कर पाते? निश्चित तौर पर इसका जवाब न में है। हिंदी भाषी लोगों और सरकारी तंत्र को इस आख्यान को तोड़ना चाहिए था, लेकिन सरकारी तंत्र में ऐसी सक्रियता नहीं दिखी। वैसे भी सरकारी तंत्र लीक पर चलने की कोशिश करता है। अगर कोई व्यक्ति, कर्मचारी या अधिकारी लीक से अलग हटकर सोचता या कदम उठाता है, तो पूरा तंत्र उसका विरोधी हो जाता है या फिर उसकी राह में रोड़े अटकाने की कोशिश करता है। इसलिए हिंदी के कथित विकास के लिए संचालित विभाग और तंत्र भी लीक पर चलते रहने और हिंदी दिवस के पाखंड में खुद को समाहित करने में ही भलाई समझते हैं। इस जड़ता को तोड़ने की कोशिश ऊपर के राजनीतिक नेतृत्व को करनी चाहिए, क्योंकि नेतृत्व जैसा सोचने और करने लगता है, नीचे तक वही संदेश जाता है। बेशक नेतृत्व की वैचारिक विरोधी शक्तियां भी तंत्र में होती हैं। लेकिन एक सीमा के बाद वे विरोध का खुला साहस नहीं दिखा पातीं। अच्छी बात यह है कि इन दिनों जो राजनीतिक नेतृत्व है, वह हिंदी समर्थक है। उसे हिंदी में काम करने का अभ्यास है। वह हिंदी के पाखंड से दूर है। इसलिए हिंदी के आगे बढ़ने की उम्मीद अतीत की तुलना में कहीं ज्यादा है। महात्मा गांधी हिंदी को देश की संपर्क भाषा के रूप में पहले स्थापित करना चाहते थे। उन्हें आशंका थी कि हिंदी का दक्षिण भारत में विरोध होगा। इसीलिए उन्होंने हिंदी साहित्य सम्मेलन के इंदौर सम्मेलन से हिंदी के पांच व्रती तैयार किए और उन्हें दक्षिण भारत में हिंदी के काम के लिए भेजा। दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, कर्नाटक हिंदी प्रचार सभा, केरल हिंदी प्रचार सभा, राष्ट्रभाषा परिषद जैसी संस्थाएं उन्हीं दिनों जन्मीं और उन्होंने दक्षिण में हिंदी का प्रचार शुरू किया। गांधी के रचनात्मक शिष्य विनोबा ने तो सभी भारतीय भाषाओं को देवनागरी में ही लिखने का सुझाव दिया। गांधी की तरह विनोबा भी चाहते थे कि देश की संपर्क भाषा हिंदी बने। इस विचार को अगर हम संविधान लागू होने के बाद आगे बढ़ाए होते, तो शायद हिंदी विरोध की राजनीतिक आग, चिंगारी के रूप में भी जीवित नहीं होती।

**अगर हिंदी सचमुच वर्चस्ववादी होती, तो क्या गैर हिंदीभाषी उसे स्वीकार कर पाते? निश्चित तौर पर इसका जवाब न में है।**

# नवीकरणीय ऊर्जा भारत के आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रही है

भारत का 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के विस्तार और एकीकरण पर केंद्रित है, जो सतत विकास पथ के प्रति देश की प्रतिबद्धता का एक प्रमुख घटक है। तेजी से बढ़ती आबादी के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में से एक के रूप में, भारत कार्बन उत्सर्जन को कम करते हुए बढ़ती ऊर्जा खपत की मांग को पूरा करने की संयुक्त चुनौती का सामना कर रहा है। इन कारकों को संतुलित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा सबसे व्यवहार्य समाधान को दशार्ती है। आत्मनो मोक्षार्थं जगदहिताय च - जो स्वयं की मुक्ति और दुनिया के कल्याण का संकेत देता है। विश्व में सबसे कम प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वाले देशों में से एक होने के बावजूद, भारत न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ ऊर्जा के मुद्दे की वकालत कर रहा है बल्कि अन्य देशों को भी इस मुहिम में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है। ग्लासगो में कॉप26 में अपनी घोषणा में जलवायु परिवर्तन से निपटने के भारत के संकल्प पर जोर दिया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'पंचामृत' पहल के तहत पांच प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए। उनमें नवीकरणीय ऊर्जा महत्वपूर्ण घटक है। देश ने 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता हासिल करने और उसी वर्ष तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करने का संकल्प लिया है जिसमें सौर ऊर्जा का योगदान 58 प्रतिशत और पवन ऊर्जा का योगदान लगभग 20 प्रतिशत है। ये लक्ष्य 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को अनुमानित एक अरब टन तक कम करने और अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता में 45 प्रतिशत की कमी करने के भारत के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप हैं। नवीकरणीय ऊर्जा ऐसा क्षेत्र है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले 10 वर्षों में परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र पर प्रधानमंत्री के विशेष ध्यान ने भारत को वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में चौथे, पवन स्थापित क्षमता में चौथे और सौर क्षमता में पांचवें स्थान पर लाने में मदद की है। सौर ऊर्जा क्षमता में, भारत 2014 तक केवल 12.5 गीगावॉट तक पहुंच पाया था लेकिन अब लगभग 89 गीगावॉट हासिल रहा है, जो केवल 10 वर्षों में 30 गुना से अधिक हो गई है। यहां तक कि पवन स्थापित क्षमता में भी, 10 वर्षों में 2.2 गुना वृद्धि हुई है जो 21 गीगावॉट से बढ़कर 47 गीगावॉट हो गई है। वहनीयता के मामले में, ग्रिड कनेक्टेड सौर ऊर्जा संयंत्रों के टैरिफ में 76 प्रतिशत की कमी आई है जो 2010-11 के टैरिफ 10.95 रुपये की तुलना में घटकर 2023-24 के दौरान 2.60 रुपये हो गया। प्रधानमंत्री ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और हमें नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में दिशा दिखाई है, जिससे अब देश को काफी लाभ मिल रहा है।



पिछले 10 वर्षों में, ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का विकास एवं क्रियान्वयन मिशन मोड में किया गया है। देश में नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता 200 गीगावॉट का लगभग 55 प्रतिशत सौर ऊर्जा से आता है। लगभग 30 प्रतिशत का एक और बड़ा हिस्सा पवन ऊर्जा से आता है। भारत ने सौर मॉड्यूल के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसे कार्यक्रम भी लागू किए हैं। घरेलू सेल उत्पादन के लिए प्रोत्साहन भारत में हरित विकास के लिए वरदान साबित हुआ है, जिससे इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही, ग्रीन हाइड्रोजन में ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन (साइट) कार्यक्रम के लिए रणनीतिक उपाय इलेक्ट्रोलाइजर के विनिर्माण और हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करते हैं।

आज की बात



प्रल्हाद जोशी

भारत की हरित हाइड्रोजन की विकास गाथा प्रेरणादायक है। भारत ने कोविड से निपटने हेतु अपनी स्वयं की वैक्सीन का उत्पादन करके जो हासिल किया, ठीक उसी तरह भारत हरित हाइड्रोजन क्रांति का नेतृत्व कर रहा है। इसका उद्देश्य विश्व में उत्पादन और निर्यात का केंद्र बनना है। यहां भी पीएम मोदी द्वारा उठाए गए कदमों ने ही इस परिवर्तन को संभव बनाया! दरअसल, जब देश में ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर को अपनाने की बात आती है तो प्रधानमंत्री भविष्य में ईवी वाहन चार्जिंग के लिए केवल नवीकरणीय स्त्रोतों का उपयोग करने का मार्ग प्रशस्त करने की बात करते हैं, ताकि जीवाश्म ईंधन ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग न करना पड़े। पीएम सूर्य घर योजना सौर छतों का उपयोग करने वाले नागरिकों के साथ उनके वाहनों को बिजली उपलब्ध कराने के जरिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। भारत जिस पैमाने और गति से नवीकरणीय यात्रा को आगे बढ़ा रहा है वह बेजोड़ है और यह प्रधानमंत्री मोदी के सीधे हस्तक्षेप का परिणाम है। अब, भारत इस क्षेत्र में सिर्फ अन्य देश भर नहीं है, बल्कि हम भी अग्रणी हैं! पिछले 10 साल में नवीकरणीय क्षेत्र में भारत की परिवर्तनकारी यात्रा ने हमें अग्रणी देशों में स्थान दिया है और हमें वैश्विक पहचान दिलाई है।

इसका असर अब महसूस किया जा रहा है और ब्रांड इंडिया बिल्कुल सही धूम मचा रहा है। इसने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को 16-18 सितंबर 2024 को गुजरात के गांधीनगर में री-इन्वेस्ट 2024 का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। री-इन्वेस्ट 2024 का उद्देश्य इस क्षेत्र की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से सीखने का आदान-प्रदान करना और 2030 तक स्थापित 500 गीगावॉट स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल करने के लिए नए गठबंधन बनाना है। इसमें जर्मनी, डेनमार्क, ऑस्ट्रेलिया, नॉर्वे और संयुक्त अरब अमीरात भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्य सरकारें, बैंक, वित्तीय संस्थान, निवेशक और निजी कंपनियां भी भाग लेंगी जो शपथ-पत्र के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए अपनी योजनाओं/लक्ष्यों को निर्दिष्ट करते हुए प्रतिबद्धताएं व्यक्त करेंगी।

सरकार नवीकरणीय ऊर्जा खरीद दायित्व और नवीकरणीय उत्पादन दायित्व के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। ये शासनादेश हरित विकास की दिशा में आगे बढ़ने और दायित्वों के पालन की राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुकूल हैं जो व्यक्तिगत संस्थाओं के लिए ऊर्जा परिवर्तन के पथ पर आगे बढ़ना संभव बनाता है। भारत 2030 तक अपनी संचयी विद्युत स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों से हासिल करना चाहता है। हर साल कम से कम 50 गीगावॉट क्षमता बोली लगाने की योजना है। सरकार ने सौर, पवन, सौर-पवन हाइब्रिड, आरटीसी आरई ऊर्जा, आदि की बोलियां आमंत्रित करने के लिए एसईसीआई, एनटीपीसी लिमिटेड, एनएचपीसी और एसजेवीएन को नवीकरणीय ऊर्जा कार्यान्वयन एजेंसियों (आरईआईए) के रूप में अधिसूचित किया है। भारत में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में जबरदस्त बढ़त के बावजूद, अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कुछ मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है। उदाहरण के लिए, प्रमुख परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण, विशेष रूप से विकासशील देशों में रणनीति बनाने की आवश्यकता है। विदेशी वित्तीय संस्थान और जलवायु कोष भारत के नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन को प्रमुख सहायता प्रदान कर रहे हैं। अनुमान के अनुसार भारत को 2030 तक 500 गीगावॉट के अपने नवीनकरणीय और गैर-जीवाश्म ऊर्जा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए करीब 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होगी । भारत की नवीकरणीय ऊर्जा यात्रा को मजबूत नीति सहायता का समर्थन हासिल है। भारत और फ्रांस द्वारा स्थापित अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) जैसी पहल का उद्देश्य दुनिया भर में, विशेषकर विकासशील देशों में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है।

भारत को नवीकरणीय ऊर्जा आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन से महत्वपूर्ण सामाजिक आर्थिक लाभ होगा। इसके अलावा, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, नौकरियां उपलब्ध और स्थानीय आर्थिक विकास को प्रोत्साहित कर सकती हैं। वायु प्रदूषण के बारे में सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के समाधान के लिए आरई विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो कई शहरों में एक समस्या है। स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों की ओर परिवर्तन का परिणाम बेहतर स्वास्थ्य के रूप में सामने आ सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 10 वर्ष में आर्थिक विकास से कोई समझौता किए बिना नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य की ओर उल्लेखनीय प्रगति की है। हमारी स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता आसमान छू रही है और मार्च 2014 में 75.52 गीगावॉट से बढ़कर अब 203 गीगावॉट से अधिक हो गई है। 10 वर्ष में 165 प्रतिशत बढ़ोतरी अभूतपूर्व बात है।


यद्यपि चुनौतियां बनी हुई हैं, इसलिए 2070 तक भारत के नेट-जीरो भविष्य के दृष्टिकोण को साकार करने में निरंतर नीति समर्थन, तकनीकी नवाचार और वैश्विक सहयोग महत्वपूर्ण होगा। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के सभी संबंधि पक्षों और निवेशकों, राज्य सरकारों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह है कि टिकाऊ भविष्य के उद्देश्य से मिलकर काम करने के लिए इस प्रमुख री-इन्वेस्ट शिखर सम्मेलन में भाग लें।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और तेजी से विकासशील राष्ट्र के रूप में भारत की नवीकरणीय ऊर्जा यात्रा अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए स्थिरता के मार्ग के मॉडल के रूप में काम करेगी।

**केंद्रीय नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री।**

अलग बात

# बॉलीवुड के अनकहे किस्से : यादें हरफनमौला एके हंगल की



अजय कुमार शर्मा

अवतार कृष्ण हंगल उर्फ ए.के. हंगल हिंदी सिनेमा के जाने-माने चरित्र अभिनेता थे। पेशावर के रहने वाले ए.के. हंगल विभाजन के समय कराची में थे और कम्युनिस्ट पार्टी में सक्रिय होने के कारण पाकिस्तानी सरकार ने उन्हें जेल में डाल दिया था। राजनैतिक कैदी के रूप में उन्हें लंबा समय वहां गुजरना पड़ा। सांप्रदायिक आधार पर कैदियों की अदला-बदली के आधार पर उन्हें नवंबर 1949 में छोड़ा गया। ए.के. हंगल की मां की मृत्यु जब वह चार या पांच साल के थे तब सियालकोट स्थित उनके मामा के घर हो गई थी, जहां वे हर साल गर्मी की छुट्टियां मनाने जाते थे। उनके पूर्वज कश्मीरी पंडित थे और लखनऊ आकर बस गए थे और फिर वहीं से पंडित दयाकिशन हंगल यानी कि उनके दादा लगभग डेढ़ सौ वर्ष पूर्व पेशावर आकर बस गए थे। ए.के. हंगल की दो बड़ी बहनें थी, जिन्होंने उनकी माता की मृत्यु के बाद उनका लालन-पालन किया। उनके पिता पर पुनर्विवाह का बहुत दबाव था लेकिन उन्होंने दूसरा विवाह नहीं किया। उनकी प्राथमिक शिक्षा पेशावर में हुई। इस बीच उन्होंने बांसुरी बजाना सीख लिया था और वह स्केच यानी रेखांकन भी किया करते थे। वे पढ़ाई में खास अच्छे नहीं थे और किसी तरह खालसा हाई स्कूल से तृतीय श्रेणी में उन्होंने मैट्रिक परीक्षा पास की और उसके बाद पढ़ना-लिखना बंद कर दिया। उनके पिता उनको ब्रिटिश सरकार में सरकारी नौकरी दिलाना चाहते थे लेकिन उन्होंने मना कर दिया। तभी उनके पिताजी के एक दोस्त के बेटे ने जो इंग्लैंड से आया था उनसे दर्जी का काम सीखने के लिए कहा। हंगल को तो यह बात पसंद आई लेकिन उनके पिताजी को यह काम छोटा लगा। तब अपनी बहन के सहयोग से उन्होंने दिल्ली में लंदन से प्रशिक्षित एक व्यक्ति से दो वर्ष में यह कोर्स पूरा किया।उस जमाने में भी इसकी फीस 500 रुपए थी। काम सीख कर वह पेशावर वापस लौटे और उन्होंने अपनी दर्जी की दुकान खोल ली। पिताजी ने किशोरावस्था में ही उनकी शादी कर दी थी। इस बीच संगीत और नाटक के प्रति उनकी रुचि फिर जागृत हुई तो उन्होंने उस्ताद खुदाबख्श से बकायदा संगीत का प्रशिक्षण लेना शुरू किया। बाद में उन्होंने महाराज विशिनदास से तबला बजाना भी सीखा। उनके घर के पास ही एक श्री संगीत प्रिय मंडल था जिसके साथ वह नाटक भी करने लगे। 1938- 39 की बात है जब उन्होंने जुल्म ए कंस नाटक में नारद मुनि की भूमिका निभाई। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

**एक अस्वस्थ व्यक्ति को गंभीरतापूर्वक अपनी व्याधि से मुक्त होने का प्रयास करना चाहिए। तब, चाहे, चिकित्सक घोषित भी कर दें कि कोई आशा नहीं है, उसे शांत रहना चाहिए, क्योंकि भय सर्वशक्तिमान, दयामयी ईश्वरीय विद्यमानता के प्रति विश्वास के नेत्रों को बंद कर देता है।**

# ईश्वर में निष्ठा विकसित करना



श्री श्री परमहंस योगानंद

ईश्वर सर्वोच्च शक्ति को निरन्तर विश्वास और सतत प्रार्थना से जगाया जा सकता है। आपको उचित आहार लेना चाहिए और शरीर की उचित देखभाल के लिए जो कुछ भी करना आवश्यक है उसे करना चाहिए। परन्तु भगवान से निरन्तर प्रार्थना करनी चाहिए, प्रभो! आप मुझे स्वस्थ कर सकते हैं, क्योंकि प्राणशक्ति के अणुओं को और शरीर की सूक्ष्म अवस्थाओं को, जिन तक चिकित्सक अपनी औषधियों के साथ पहुँच नहीं सकते, आप ही नियन्त्रित करते हैं। आनन्द भरे उच्च स्वर में लाहिड़ी महाशय जी ने कहा, सदा याद रखो कि सर्वशक्तिमान परमात्मा। किसी को भी स्वस्थ कर सकते हैं, चिकित्सक हो या न हो। यह ईश्वर का संसार है। वे ही आपको ले जाते हैं; वे ही आपको रखते हैं। जब चिकित्सक कहता है, ठीक है, मैं आपको स्वस्थ कर दूँगा, यदि ईश्वर आपको ले जाने का मन बना लेते हैं तो आप चले जाएँगे। इसलिए अपना जीवन ईश्वर के लिए जीयें। एक अस्वस्थ व्यक्ति को गम्भीरतापूर्वक अपनी व्याधि से मुक्त होने का प्रयास करना चाहिए। तब, चाहे, चिकित्सक घोषित भी कर दें कि कोई आशा नहीं है, उसे शान्त रहना चाहिए, क्योंकि भय सर्वशक्तिमान, दयामयी ईश्वरीय विद्यमानता के प्रति विश्वास के नेत्रों को बन्द कर देता है। चिन्ता में संलिप्त होने की अपेक्षा उसे प्रतिज्ञापन करना चाहिएः मैं आपकी प्रेममयी देखभाल के सुरक्षा-दुर्ग में सदा सुरक्षित हूं। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से

**Praveen Priyadarshi**
1h

लालूजी का सफल एंजियोप्लास्टी मुंबई के एक अस्पताल में हुआ....मेरी रुचि ये जानने में है कि "आरक्षण वीर परिवार" ने कहीं गैर आरक्षण वाले डॉक्टर की सेवा तो नहीं ली...और ऐसा किया तो आखिर क्यों किया...वैसे उनके घर में ही दो टॉपर डॉक्टर बेटियां हैं



12 · 2 comments
Like · Comment · Send · Share

X से

**Sachin Gupta** @SachinGuptaUP · 20h

हरियाणा : फरीदाबाद में रेलवे अंडरब्रिज के नीचे भरे बारिश के पानी में महिंद्रा XUV-700 डूब गई। इसमें बैठे HDFC बैंक मैनेजर पुण्यश्रेय शर्मा और कैशियर विराज द्विवेदी की मौत हुई।

अंदाजा नहीं था कि पानी इतना भरा होगा। कार पानी में बंद होकर लॉक हो गई। वो बाहर नहीं निकल सके।



298 · 1.6K · 3.7K · 373K

देश की बात

# भारत निवेश के लिए एक अत्यंत आकर्षक स्थल के रूप के उभर रहा



शशांक भारद्वाज
वीपी, चॉइस ब्रोकिंग

पिछले सप्ताह पुनः भारतीय शेयर मार्केट ने नई सार्वकालिक ऊंचाई बनाई तथा एक धमक के साथ, गुरुवार के व्यापारिक सत्र के दौरान 515 अंको की उछाल के साथ निफ्टी ने 25433 का नया स्तर छुआ एवं दिन के अंत में 25388 पर बंद हुआ। यह पिछले सप्ताह के रहस्यमय बिकवालों, मंददियों को करारा प्रत्युत्तर था।संदेश था,वो दिन गए जब उनका प्रभुत्व चलता था,उनके कार्टल बिना किसी कारण विशेष के मार्केट गिरा देते थे। ऐसा नहीं कि मार्केट में गिरावट आयेगी ही नहीं पर वो किसी कारण विशेष से आयेगी, कोई रहस्यमय बिकवाल कार्टल कई दिनों तक मार्केट गिरा नहीं सकते जैसा पहले होता था। यह भारतीय शेयर मार्केट के लिए एक और शुभ संकेत है। चूंकि पिछले सप्ताह भारतीय शेयर मार्केट ने पिछला सर्वोच्च स्तर तोड़ा है, अतः निफ्टी 25750-25850 का स्तर आने वाले दिनों में छू सकता है। भारत में बड़े त्योहारों की तिमाही, सितंबर से नवंबर की, आरंभ हो गई है। इनमे व्यापार अपेक्षाकृत अच्छा रहता है। अच्छी व्यापारिक गतिविधियां शेयर मार्केट को भी अच्छा करती हैं। साथ ही म्यूचुअल फंड में निवेश के भी पुनः अच्छे आंकड़े आएं हैं, लगातार ही आ रहें हैं। अगस्त में इक्विटी फंड में निवेश जुलाई से 3.03 प्रतिशत बढ़ 37113 करोड़ हो गया। कोष प्रबंधन 66.70 लाख करोड़ के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया।एसआईपी मासिक निवेश 23547 करोड़ हो गया तथा इसके अंतर्गत प्रबंधन परिसंपत्तियां 13.39 लाख करोड़ के कीर्तिमान स्तर पर पहुंच गईं।भारतीय म्यूचुअल फंड का शक्तिशाली होना भारतीय शेयर मार्केट के लिए एक बड़ी शक्ति है, एफआईआई की किसी बिकवाली का एक प्रभावी प्रतिकार करने की क्षमता भी है। आने वाले दिनों में म्यूचुअल फंड में और भी अधिक राशि आने की संभावना है। चीन तथा बांग्लादेश में आर्थिक अस्थिरता से भारत के लिए औषौधि निर्माण तथा वस्त्र उद्योग के लिए नए व्यापारिक अवसर उभरें हैं। भारत अपने सुदृढ़ लोकतंत्र, न्यायपालिका तथा निगरानी तंत्र के कारण भी विदेशी राष्ट्रों, कंपनियों के लिए एक प्रिय व्यापारिक राष्ट्र बनता जा रहा है। अनेक प्रमुख वैश्विक कंपनिया भारत में अपना उत्पादन केंद्र स्थांतरित कर रहीं हैं, व्यापार का विस्तार कर रहीं हैं। यह भारतीय व्यवस्था को सुदृढता, गति तो प्रदान करेगा ही, भारत की रेटिंग भी अच्छी करेगा। इन सभी का एक अच्छा प्रभाव भारतीय शेयर मार्केट पर भी पड़ेगा। भारत में मानसून बहुत अच्छा हो चुका है, बंपर खाद्यान के उत्पादन की संभावना है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में अच्छा धन प्रवाह होगा, कंपनियों की आय में भी वृद्धि होगी। अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी भारतीय अर्थव्यवस्था का बड़ा घटक बन चुकी है। निफ्टी में पिछले सप्ताह 504 अंकों की बड़ी बढ़त रही। बैंक निफ्टी भी तेजी के मनोभाव में आता दिख रहा है। विदेशी संस्थागत निवेशक नकद संभाग में पिछले सप्ताह के पांचों व्यापारिक सत्रों में क्रेता रहें तथा 15219 करोड़ रूपए के शेयर क्रय किए।

घरेलू संस्थागत निवेशक क्रेता तो रहे परंतु उतने आक्रामक नहीं। उन्होंने 2462 करोड़ रूपए के ही शेयर खरीदे। जब एफआईआई आक्रामक विक्रेता होते हैं तब डीआईआई आक्रामक क्रेता बनते हैं। इन ऊंचे स्तरों पर भी एफआईआई इंडेक्स फ्यूचर में क्रेता ही हैं। स्टॉक फ्यूचर में एफआईआई थोड़े बिकवाल दिख रहें है। यह आंकड़े दशार्ते हैं कि एफआईआई सट्टा संभाग में बिकवाल हैं। ऐसे में यदि मार्केट के तेजी आई तो उन्हें अपने मंदी के सौदे काटने को विवश होना पड़ सकता है एवं तब शेयर विशेष में भी बड़ा उछाल आ सकता है। बैंकिंग क्षेत्र पुनः तेजी के संकेत दे रहें हैं।

वाहन क्षेत्र की मंदी त्योहारी ऋतु में समाप्त हो सकती है। औषधि क्षेत्र नया आकर्षण है। यूएस शेयर मार्केट भी नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती का समय आरंभ होना अब अवश्यंभावी हो गया है। यह वैश्विक स्तर पर शेयर मार्केट में निवेश को बढ़ाएगा। एक बहुत अच्छी बात और हुई है। हिमाचल प्रदेश में आर्थिक संकट से निःशुल्कता की राजनीति के दुष्परिणाम सामने आए हैं तथा जन सामान्य का इससे मोह भंग हो सकता है। यह भारतीय राजनीति तथा अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अच्छा होगा,एक आसन्न संकट से मुक्ति होगी। इसे दूरगामी सकारात्मक परिणाम हो सकते हैं। ध्यान रखें, शेयर मार्केट बहुत दूर की बात सूंघ लेता है तथा किसी भी महत्वपूर्ण परिवर्तन का अनुमान अन्य वर्गों की अपेक्षा पहले लगा लेता है। क्रूड में पिछले सप्ताह मैक्सिको में तूफान के कारण उछाल आया था परन्तु तूफान अस्थाई होता है, अतः ये तेजी भी अस्थाई ही होनी चाहिए। यूएस में डाउ में बुधवार को एक समय 1000 अंको की मंदी थी, मार्केट ने वो पूरी मंदी को पछाड़ दिया तथा 125 अंक चढ़ कर बंद हुआ। भारत में बजाज हाउसिंग फाइनेंस के आईपीओ में 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक के आवेदन आए। ये दोनो बातें तेजड़ियों की शक्ति तथा निवेशकों की क्षमता दशार्ती हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# भारी बारिश से नदियां उफनाई, लोध फॉल ने रौद्र रूप धारण किया

## ▶▶ प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूटा

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड में लगातार भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रखंड की पहाड़ी नदियों ने विकराल रूप धारण कर लिया है। प्रसिद्ध पर्यटक स्थल लोध फॉल ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। गांव का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। शनिवार रात जोरदार बारिश हुई। रविवार सुबह महुआडांड़-मेदिनीनगर पथ स्थित राजडंडा नदी के पुल को पार करके पानी बहने लगा, इससे यातायात घंटो तक बाधित रहा। इस से उस पार आने के लिए नदी के किनारे खड़े होकर लोग बाढ़ कम होने का इंतजार कर रहे। पिछले कई वर्षों बाद नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। बाढ़ के कारण पुल की रेलिंग का एक पाइप क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम उरवी ,परेवा, उदालखाड़, बेलवार, बाला महुआ, सुग्गा बांध, और कोतरोकोना गांव प्रखंड में भारी बारिश होने के बाद



इन गांवों का जीवन थम जाता है, क्योंकि इन गांवों में पहुंचने से पहले नदी पार करना पड़ता है और नदी में पुल नहीं बना है। उदालखाड़ गांव के रामनाथ यादव ने मोबाइल पर बताया कि राशन, दवा समेत अन्य सुविधाओं से फिलहाल वंचित हो गए है। हर वर्ष हमलोग के साथ ऐसे हलात उत्पन्न होते हैं। अगर नदी पर पुल बन जाए तो हमेशा के लिए समस्या से निजात मिल जायेगी।

## बूढ़ा नदी पार कर रहे दो लोगों में एक की बहकर हुई मौत

**महुआडांड़।** प्रखंड के चटकपूर पंचायत के अंतर्गत बूढ़ा नदी की तेज धार में बहकर रविवार सुबह पंचायत अंतर्गत ग्राम उरबी निवासी फ्रांसिस लकड़ा ( 55 ) पिता स्व थोमस लकड़ा की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से फ्रांसिस लकड़ा के शव को नदी से बाहर निकाला गया। चटकपूर पंचायत मुख्यालय से उरबी गांव की दूरी 6 किलोमीटर है। गांव पहुंचने से पहले बूढ़ा नदी पार करना पड़ता है, नदी में पूल नही बना है। फ्रांसिस लकड़ा और साथ उसबी के नीरज एक्का (25) पिता विरेन्द्र एक्का सुबह लगभग 9 बजे चटकपुर से अपने गांव उरबी जा रहे थे। लगातार भारी बारिश के कारण



नदी उफान पर थी। आस-पास मछली पकड़ने वाले कुछ ग्रामीणों ने उन दोनों को नदी को पार करने के लिए मना भी किया, इसके बाद भी दोनों एक दूसरे का हाथ पकड़कर नदी पार करने लगें। कुछ दूर तक जाकर तेज बहाव के चपेट में आकर बहने लगे।, वही निरज लकड़ा ने किसी तरह से प्रयास करके नदी को पार कर लिया, लेकिन फ्रांसिस लकड़ा तेज धारा बहकर दूर निकल गया। लगभग एक किलोमीटर दूर नदी किनारे से उसको स्थानीय लोगो की मदद से निकाला गया। लोगों ने फोन करके एंबुलेंस को बुलाया, फिर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डाक्टरों के द्वारा उसे मृत घोषित किया गया। मृतक के रिश्तेदार हेरारियुस किण्डो ने बताया कि शनिवार सुबह फ्रांसिस लकड़ा चटकपुर मेहमान आया हुआ था। बारिश के कारण रात को उरबी नही लौट पाया था। रविवार सुबह जब बारिश कम हुई तो वह घर जाने के निकला हुआ था।

## लगातार बारिश से मिट्टी के कई घर ध्वस्त घरों में घुसा पानी, जनजीवन अस्त व्यस्त

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** जिले में शनिवार की आधी रात से ही मौसम का मिजाज बदल गया था। शनिवार दिनभर झमाझम बारिश होने के कारण जिले के गिद्धौर, पत्थलगड़ा, मयूरहंड, हंटरगंज, प्रतापपुर, कुंदा, सिमरिया आदि प्रखंड क्षेत्र में कई गरीबों के मिट्टी के घर गिरकर ध्वस्त हो गए हैं। वहीं पत्थलगड़ा, गिद्धौर व मयूरहंड प्रखंड के कई गांव की सड़कों पर जल जमा हो गया है। इसके साथ कई गांव में बिजली सेवा भी बाधित हो गई है। ऐसे में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गिद्धौर प्रखंड़ के सलगा गांव में चांदो यादव का मिटी का घर घर ध्वस्त हो गया है। जबकि रुपिन गांव निवासी ब्रह्मदेव यादव का घर भी लगातार बारिश से मिट्टी का घर ध्वस्त हो गये हैं। ऐसे में पीड़ित परिवारों के समक्ष रहने की समस्या उत्पन हो गई है। दोनों पीड़ित परिवारों ने प्रखंड व जिला प्रशासन से धवस्त घर की मरम्मती कराने की मांग की है। बताया गया कि घर ध्वस्त होने से पीड़ित परिवारों को रहने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं घर ध्वस्त होने की सूचना पर पंचायत के मुखिया निर्मला देवी, सुमीरा कुमारी संबंधितों के घर पहुंचकर समस्याओं से अवगत होने के साथ सरकारी स्तर से हर संभव सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया।

## गारू प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों को सौंपी गई आवासों की चाभी

नवीन मेल संवाददाता

**गारू।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत गारू प्रखंड में वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत आवासों का पूर्ण होने पर नए घर का उद्घाटन कर गृह प्रवेश ऑनलाइन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। झारखंड के जमशेदपुर से प्रधानमंत्री ने सीधे तौर पर इस योजना से जुड़े लाभुकों के नए आवासों का उद्घाटन किया। इसके बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों ने लाभुकों के घर जाकर विधिवत पूजा-अर्चना कर चाबियां सौंपीं। गारू प्रखंड के धाँगरटोला गांव के कामेश्वर उरांव, पुरानी अरमु गांव के संतोष उरांव, बारेसाढ़ गांव के अरुण उरांव, और मायापुर की प्रियंका



मिंज सहित चार लाभुकों को इस योजना के तहत आवास की चाबी सौंपी गई। इस मौके पर गारू बीडीओ संतोष बैठा, जीप सदस्य जीरा देवी, बीस सूत्री सदस्य पवन कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधन पदाधिकारी मुकेश प्रसाद और प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक रोहित कुमार सुमित उपस्थित थे। चाबी वितरण के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में बीडीओ संतोष बैठा ने प्रधानमंत्री आवास योजना को ग्रामीणों के जीवनस्तर को सुधारने वाला एक क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। लाभुकों ने भी प्रधानमंत्री और प्रशासन का आभार जताया और बताया कि अब वे पक्के मकान में रह सकेंगे, जो उनके लिए एक सपने के पूरा होने जैसा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन के दौरान कहा कि यह योजना ग्रामीण विकास की दिशा में एक बड़ी पहल है, जो हर जरूरतमंद को एक सुरक्षित और सम्मानजनक आवास प्रदान करने का लक्ष्य रखती है।

## अभिजीत प्लांट से चोरी का लोहा सहित एक हिरासत में

**बालूमाथ।** पुलिस ने अभिजीत प्लांट से चोरी का लोहा ले जाते एक लोहा चोर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जिसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय ने बतलाया गुप्त सूचना मिली थी



कि लोहे की तस्करी की जा रही है। सूचना की पुष्टि के लिए वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान में बालूमाथ-चंदवा मुख्य मार्ग एनएच 22 पर जोगियाडीह ग्राम के मिशन स्कूल के समीप मोटरसाइकिल में अवैध लोहा लादकर बालूमाथ की ओर आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक मो मुन्ना ग्राम पदमौल, थाना- अतरी, जिला गया, बिहार का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने एक क्विंटल 30 किलोग्राम स्क्रैप लोहा बरामद किया है। यह स्क्रैप चंदवा थाना क्षेत्र स्थित बंद पड़े अभिजीत पॉवर प्लांट से चोरी किया गया था। आरोपी को बालूमाथ थाना में भारतीय दंड विधान की विभिन्न सुसंगत धाराओं के साथ कांड दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया गया है। बता दें कि पिछले वर्षों से ही अभिजीत पावर प्लांट से लोहे तस्करी का खेल हो रहा है। इस तस्करी में अंतर जिला के लोग शामिल हैं। जो स्थानीय अभिजीत पावर प्लांट के इर्द-गिर्द लोगों के सहयोग से लोहा चोरी कर बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल से दिनदहाड़े मुख्य मार्ग होते हुए बालूमाथ के कुछ कबाड़ी दुकान पर बेच दी जाती है।

## विहिप- बजरंग दल की बैठक में प्रखंड स्तर पर दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम मनाने का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और इसमें से जुड़े इकाइयों के प्रमुख दायित्व वान अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रांत सह मंत्री_ सह_प्रांत बजरंग दल संयोजक रंगनाथ महतो की सहभागिता रही और उन्होंने आगामी कार्यक्रमों के बारे में कार्यकर्ताओ का विस्तार से मार्ग दर्शन किया। मौके पर तीन अक्टूबर से 13 अक्टूबर के मध्य दुर्गाष्टमी कार्यक्रम करने की योजना बनायी गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि जिला केंद्र में दुर्गा वाहिनी का शक्ति संचलन और प्रखंड स्तर पर दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति के बहनों का नेतृत्व में की जाएगी। इसके साथ ही 16/17 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती और 09 नवंबर को गोपाष्टमी कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। देसी नस्ल के गोवंश का संवर्धन तथा जैविक खेती पर व्याख्यान आयोजित करने की योजना भी बनी। कार्यक्रमों को सुनियोजित ढंग से करने और योजना बनाने हेतु प्रखंड बैठक 16 सितंबर से 20 सितंबर के बीच प्रत्येक प्रखंड में की जाएगी। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के मुख्य जिला संरक्षक रामनाथ अग्रवाल , जिला अध्यक्ष श्याम अग्रवाल ,जिला मंत्री संजय तिवारी , पलामू विभाग संगठन मंत्री विजय यादव, प्रांत सतसंग टोली सदस्य रामप्रताप, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र प्रसाद गुप्ता, बजरंग दल संयोजक पप्पू सरदार , समाजिक समरसता प्रमुख अवधेश पाण्डेय, विशेष संपर्क प्रमुख मनमोहन प्रसाद, मातृशक्ती प्रमुख मंजु सिंह, दुगार्वाहिनी संयोजिका कंचन दीदी,सह संयोजिका श्वाती गुप्ता, बलोपासना प्रमुख उपेन्द्र रंगीला, बारियातू प्रखंड मंत्री चंदन साव, मनिका मंत्री संतोष दुबे,लालदेव गंझू, उदयनाथ यादव , आलोक हेरहंज से गुड्डू वर्मा सहित संकड़ों कार्यकताओं की सहभागिता रही।

## लातेहार जेल में अदालत-सह- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

# कैदियों को हर संभव सहायता देने के लिए डालसा प्रतिबद्ध : चौरसिया

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** मंडल कारा, में झालसा, रांची के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार मनोज कुमार सिंह के आदेशानुसार जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि शिवम चौरसिया सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार, प्रभारी न्यायाधीश सह प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट जेजेबी उत्कर्ष जैन ने कैदियों को जागरूकता कैम्प में अपने मुकदमे की स्थिति, प्ली बारगेनिंग, वन अधिनियम से संबंधित वाद, सुलहनीय वादों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव शिवम चौरसिया ने कैदियों से उनकी समस्याऐं सुनी और जल्द से जल्द उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कैदियों को हर संभव सहायता देने के लिए डालसा प्रतिबद्ध है। साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत, मासिक लोक अदालत एवं मध्यस्थता के माध्यम से वाद को सुलह के आधार पर समाप्त करने की जानकारी दी गई। साथ ही साथ वैसे बंदी जो अधिवक्ता रखने में असमर्थ है उनको सरकारी अधिवक्ता मुहैया कराये जाने के बारे में बताया गया। प्रभारी न्यायाधीश सह प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट जेजेबी उत्कर्ष जैन ने लातेहार कारा के बंदियों को रिमाण्ड के समय तथा काराधीन होने के पश्चात मिलने वाले उनके अधिकारों के बारे में बताया।




### जेल से निकलने के बाद मुख्य धारा से जुड़ने को कहा

साथ ही जेल से निकलने के बाद कैदियों को समाज के मुख्य धारा से जुड़ने का आह्वान किया। एलएडीसी के अधिवक्ताओं द्वारा कैदियों को उनके वाद संबंधित अद्यतन जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी जेलर प्रदीप मुण्डा, मंडल कारा, लातेहार के द्वारा किया गया। मौके पर मंडल कारा, लातेहार के प्रभारी जेलरप्रदीप मुण्डा, मंडल कारा, लातेहार के कर्मचारीगण, एलएडीसी के अधिवक्तागण एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय, कमेटी गठित

**हेरहंज।** थाना क्षेत्र के नवादा ग्राम में दुर्गा पूजा के त्यौहार को लेकर ग्राम प्रधान उमेश ठाकुर की अध्यक्षता में एक बैठक हुई बैठक में दुर्गा पूजा का त्यौहार धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया और दुर्गा पूजा का अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई। इसके सफल संचालन को लेकर सर्वसम्मति से एक कमेटी गठित की गई, जिसके अध्यक्ष संजय भोक्ता उपाध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल सचिव अजीत जायसवाल उप सचिव कारू साहू कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल बनाए गए इसके अलावे 11 सदस्य कार्यकारिणी समिति का भी गठन किया गया। बैठक में ग्राम क्षेत्र के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### हत्या का आरोपी पुजार नागेसिया गिरफ्तार

**महुआडाड़।** पुलिस ने परहाटोली गांव के निवासी पुजार नागेसिया को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि पुजार नागेसिया पर एक हत्या के मामले में अदालत द्वारा वारंट जारी किया गया था, लेकिन वह कई महीनों से फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी और कई बार छापेमारी के बावजूद वह हाथ नहीं आ रहा था। पुजार नागेसिया पर हत्या के आरोप के चलते परिजनों और स्थानीय लोगों में भय का माहौल था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पुजार नागेसिया परहाटोली गांव में छिपा हुआ है, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई बार प्रयास किए गए थे, लेकिन वह हर बार फरार हो जाता था। पुलिस की सतर्कता और प्रयासों के चलते आखिरकार उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में लातेहार भेज दिया है।

### जश्न-ए - ईद मिलादुन्नबी पर आज निकलेगा मोहम्मदी जुलूस

**चंदवा।** हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाईश यानि ईद मिलादुन्नबी को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इसको लेकर मुस्लिम इलाकों में काफी जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। गली-मोहल्लों में बच्चों के काफिले निकल रहे हैं तो मस्जिदों में फज्र की नमाज के बाद सलातो-सलाम का नजराना पेश किया जा रहा है। मुस्लिम धर्मावलंबी अपने अपने घरों को रंग बिरंगी लाइटों और इस्लामिक झंडों से सजाने के कार्य में जुटे हुए है। सोमवार को चंदवा प्रखंड में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाएगा। जिसके लिए रविवार को जमकर खरीदारी की गई। लोगों ने अपने घरों और मस्जिदों को आकर्षक तरीके से सजाया है। मदरसों,मस्जिदों और घरों पर लहराते हुए झंडे प्यारे नबी की आमद का अहसास करा रहे हैं। वहीं सोमवार को कामता, कुजरी, बेलवाही, शुक्रबाजार, हरैया, परसाही से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाएगा जो कामता चेकनाका, हरैया मोड़, रेलवे फाटक, सुभाष चौक, मेन रोड होते इंदिरा गांधी चौक पहुंचेंगे जहां जिला परिषद डाक बंगला परिसर में फतेहाखानी होगी और जुलुस का समापन किया जायेगा।

### ईद मिलाद-उन-नबी को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना में रविवार को ईद मिलाद-उन-नबी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें शांति एवं भाईचाराके के साथ ईद मिलाद अन नबी का पर्व मनाने पर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय केसरी एवं संचालन प्रभारी थाना प्रभारी सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर एसडीपीओ ने कहा कि जुलूस में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मौके पर .ऐनुल हक, मो. फारूक सहित काफी संख्या में दोनों समुदाय के लोग शामिल थे।

### धूम धाम से मनाया गया अभियंता दिवस

**चतरा।** जिला परिषद भवन के ग्राउंड फ्लोर में अभियंता दिवस भारत रत्न सर एम विश्वकर्मा (मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया) के जन्मदिवस पर मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल एवं वशिष्ट अतिथि जवाहर प्रसाद सेवा निवृत सहायक अभियंता ने संयुक्त रूप से सर एम विश्वेश्वरैया के तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों ने संयुक्त रूप से कहा कि स एम विश्वेश्वरैया भारत के महान इंजीनियर थे। इन्हे भारतीय इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनकी अभूतपूर्व उपलब्धियों और योगदान के लिए जाना जाता है। वे एक प्रसिद्ध सिविल इंजीनियर, विद्वान, और राजनेता थे। इनका जन्म 15 सितंबर 1861 में कर्नाटक में व मृत्यु 1962 में हुई। इन्होंने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाई थी। सर एम विश्वेश्वरैया उन युवाओं के लिए आदर्श है जो इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी में अपना कैरियर संवार रहे हैं।

### 21 को राजनाथ सिंह और 25 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर निर्देश दिया

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** रविवार को पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत लेम्बोइया पहाड़ी पर अवस्थित मां दक्षिणेश्वरी मंदिर प्रांगण में भाजपा युवा मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ सुमन उपस्थित थे। वहीं बैठक की अध्यक्षता जिला युवा मोर्चा मंत्री मनीष सिंह व संचालक सतीश सिंह ने किया। बैठक में परिवर्तन संकल्प यात्रा के तहत 21 सितम्बर को इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर परिसर में आयोजित केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सभा को सफल बनाने पर चर्चा की गई। साथ ही 25 सितम्बर को गिद्धौर में आयोजित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम पदयात्रा और और कान्हाचट्टी में कार्यकताओं के साथ युवा संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को कई निर्देश दिए। मौके पर मोर्चा के जितेंद्र पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष सतीश कुमार, प्रखंड महामंत्री तिलेश्वर राणा, बृजेश सिंह, दिनेश्वर दांगी, चंद्रदेव दांगी, अमन कुमार वर्मा, जिगर कुमार, राजेश रजक, आदित्य राणा, कृष्णा दांगी, राहुल कुमार, पवन कुमार, अखिलेश प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, प्रकाश भुइयां, धीरज कुमार, धर्मेंद्र शाह, नीतीश कुमार प्रजापति, चंदन कुमार राम, नीरज शर्मा, भोला ठाकुर आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### प्राकृतिक पर्व करमा पूजा धूमधाम से मनाया गया

**बारियातू।** प्रखण्ड के पुरे क्षेत्र मे प्रकृति पर्व करमा पूजा धूमधाम व शांतिपूर्ण वतावरण के साथ मनाया गया। अखरों में करम की डाली लगा कर पूजा-अर्चना कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और झूमर खेला गया। बहनों ने उपवास रख कर भाईयों की लंबी आयु की कामना की। करमा को लेकर दिनभर क्षेत्र में करमा के गीत गूंजते रहे। सभी सुबह से ही करमा पूजा की तैयारी में जुटे रहे। शाम में करम डाली की पूजा अर्चना की गई. प्रखण्ड के शिबला, टोंटी, गोनिया, फूलसु, डढ़ा, अमरवाडीह, साल्वे, बालूभाँग इन सभी पंचायतों भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक करमा पूजा शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तथा रविवार को पारन कर पूरे विधि-विधान से करम डाली का शांतिपूर्ण वातावरण में विसर्जन किया गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र में पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही।

### चंदवा में धूमधाम से संपन्न हुआ करमा पर्व

**चंदवा।** शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भाई बहन के प्रेम का त्योहार करमा पर्व शनिवार को धूमधाम व शांतिपूर्वक तरीके से मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों के सभी अखरा में करम डाल को स्थापित कर बहनों ने विधि विधान से पूजा-अर्चना की। परंपरागत परिधान में महिला पुरुष तथा युवतियों ने जमकर झुमर खेले। भारी बारिश के बीच देर रात तक लोग नाचते गाते रहे। ढोल,नगाड़ा व मांदर के साथ गीत गाकर लोग झूमर खेलते नजर आये। भारी बारिश के बावजूद युवक युवतियों में करम पर्व को लेकर उत्साह चरम पर था। रविवार की सुबह करम डाल को विसर्जित करने के साथ ही करमा पूजा संपन्न हो गयी। लोगों ने सपरिवार कर्मडाली का देवनद में विसर्जन किया। लोगों ने बताया कि यह एक परंपरागत पूजा है। इसमें कर्म की डाली भाई-बहन के सद्भाव, स्नेह और प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि को मनाया जाता है। करमा पूजा को लेकर सभी गली मोहल्ले गुलजार रहे।

### करमा पूजा पर झूमर नृत्य खेला

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रकृति पर्व करमा पूरे धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। प्रकृति पर्व करमां को लेकर शनिवार की देर शाम प्रखंड क्षेत्र के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे विधि विधान पूर्वक करम की डाली गाड़ी गई और देर रात विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया गया। करम पर्व को लेकर कार्यक्रम स्थल को आयोजक समिति के द्वारा काफी आकर्षक तरीके से साज सज्जा की गई थी और ध्वनिविस्तारक यंत्र लगाए गए थे। इस दौरान बहनों ने अपनी भाइयों की लंबी आयु की कामना के साथ-साथ क्षेत्र में सुख शांति बनी रहे की मनोकामना को लेकर देर रात पूजा अर्चना किया और समूह में बनकर जमकर झूमर खेला। रविवार की सुबह में भी करमा पर्व को लेकर आयोजन स्थल पर महिला एवं युवावतियों ने जमकर झूमर नृत्य किया। इस दौरान युवकों का भी उत्साह चरंमपर रहा और समूह बनाकर युवक भी झूमर खेलते नजर आए। उसके पश्चात आज रविवार को करम डाली का विसर्जन आयोजन समिति के लोगों एवं श्रद्धालुओं के द्वारा नजदीक के नदी तालाब और सरोवर में गीत गाते हुए विसर्जन कर दिया गया।

### करमा पूजा पर शहर से लेकर गांव तक के लोगों में उत्साह

**बालूमाथ।** प्रखंड में शहर से लेकर गांव तक कर्म पूजा को लेकर लोगों में अच्छा खासा उत्साह देखा गया। शनिवार को कर्म डाली पर पूरी विधि विधान के साथ पूजा की गई। प्रखंड मुख्यालय स्थित मुरपा मोड़ ,गोविंद नगर, बुनियादी विद्यालय के पास, बिरहोर टोला, टमटम टोला, जैसे झाबर, मारंग लोईया, मुरपा, बसिया, चेताग,बालू , धाधु आदि सभी पंचायत के गांव गांव में पूजा को धूमधाम से मनाया गया। वहीं रविवार को भी श्रद्धालु करम डाल के पास नृत्य करते नजर आए और एक से बढ़कर एक कर्म का गीत भी गाते देखे गए। रविवार दोपहर को कर्म डाल का विभिन्न जलाशयों में विसर्जन कर दिया। बता दें कि भाई-बहन के प्रतीक यह प्राकृतिक त्योहार कर्म को लोग वर्षों से पूरे विधि विधान के साथ मनाते आ रहे हैं और लोगों में इस पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा जाता है।

### हाइवा ऑनर एसोसिएशन ने की बैठक, लिया कई निर्णय

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल कजरिया में हाइवा ओनर एसोसिएशन की एक अहम बैठक चंद्रदीप प्रसाद के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मगध कोलवरी से संचालित हाईवा का भाड़ा में आई गिरावट को लेकर चर्चा हुई एवं टुबेद कोल माइंस पर प्रबंधन द्वारा हो रहे हईवा ऑनर से शोषण पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कहा कि वर्ष 2018 को हुई तई भाड़ा की मांग की गई। अगर यह मांग पूरी नहीं होती है तो हाईवा ओनर हड़ताल पर जाएंगे। जिसके लिए अगली बैठक संगठन का 22 सितंबर को रखी गई है। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष चंद्रदीप प्रसाद, सचिव शाहनवाज आलम, कोषाध्यक्ष देवपाल प्रसाद, शंभू राम, गौतम प्रसाद, इरफान, आफताब, विकास यादव, दिनेश यादव, मो. मुजाहिद कौशल सुहेल समेत सैकड़ो ओनर उपस्थित थे।

### दो घरों से जेवर व नगद लेकर चंपत हुए चोर

**लातेहार।** शहर के वार्ड नंबर आठ स्थित अम्बाकोठी मुहल्ले में शनिवार की मध्य रात्रि अज्ञात चोरो ने दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने सहायक अध्यापक रेशमी कुमारी के घर घुस कर आलमीरा तोड़ा और उसमे रखे जेवर और नगद ले कर चंपत हो गए। चोर इसी मुहल्ले में विजय त्रिपाठी के घर में भी घुस कर चोरी की। हालांकि सूचना मिलने पर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देश पर पुलिस रात में ही मौके पर पहुंची और भरी बारिश में भी आसपास के क्षेत्रों का मुआयना किया। रविवार की सुबह भी थाना प्रभारी द्वारा सदल बल उक्त घर और आसपास क्षेत्रों मे पहुंच पड़ताल की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों द्वारा केवल नगद और जेवर की चोरी की जाती है। जिस वक्त चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।

### अभिजीत प्लांट से चोरी का लोहा बरामद, एक गिरफ्तार

**बालूमाथ।** पुलिस ने अभिजीत प्लांट से चोरी का लोहा ले जाते एक लोहा चोर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जिसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय ने बतलाया गुप्त सूचना मिली थी कि लोहे की तस्करी की जा रही है। सूचना की पुष्टि के लिए वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान में बालूमाथ-चंदवा मुख्य मार्ग एनएच 22 पर जोगियाडीह ग्राम के मिशन स्कूल के समीप मोटरसाइकिल में अवैध लोहा लादकर बालूमाथ की ओर आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक मो मुन्ना ग्राम पदमौल, थाना- अतरी, जिला गया, बिहार का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने एक क्विंटल 30 किलोग्राम स्क्रैप लोहा बरामद किया है। यह स्क्रैप चंदवा थाना क्षेत्र स्थित बंद पड़े अभिजीत पॉवर प्लांट से चोरी किया गया था। आरोपी को बालूमाथ थाना में भारतीय दंड विधान की विभिन्न सुसंगत धाराओं के साथ कांड दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया गया है। बता दें कि पिछले वर्षों से ही अभिजीत पावर प्लांट से लोहे तस्करी का खेल हो रहा है। इस तस्करी में अंतर जिला के लोग शामिल हैं। जो स्थानीय अभिजीत पावर प्लांट के इर्द-गिर्द लोगों के सहयोग से लोहा चोरी कर बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल से दिनदहाड़े मुख्य मार्ग होते हुए बालूमाथ के कुछ कबाड़ी दुकान पर बेच दी जाती है।

**AFFIDAVIT**

I, Basmati Devi, W/o Lalan Prajapati, R/o Bishrampur, PO+PS Bishrampur, Dist. Palamu, (Jharkhand) Mobile No. 7549188853, Affidavit No. 6445, Dated 14/09/2024 by declare that Mauza Kewala, P.S. Bishrampur, Dist. Palamu, P.S. No. 0028, Halka No. 7, Account No.-187, Khesra No.-353, Area 3.75 D. Kewala whose Kewala No. is 7258 dated 08/10/2004 and in the name of Kewala holder Shivnath Prasad Keshari. Had taken it on the basis of, he fell somewhere while coming from the registry office. My Advocate Rakesh Singh Amethiya mobile No. 7991101725.

# सीएम केजरीवाल के बाद अब कौन होगा दिल्ली का 'सरदार'?

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को आम आदमी पार्टी मुख्यालय में कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए दो दिन बाद पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। ऐसे में दिल्ली के अगले सीएम को लेकर अटकलों का बाजार गरम हो गया है। इस रेस में आप नेता आतिशी मालेर्ना का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है। आप आलाकमान का करीबी होना और महिला होना उनके पक्ष में जाता है। वह सीएम केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की भी भरोसेमंद सहयोगी हैं। ऐसे में संभावना है कि आतिशी दिल्ली सरकार की कमान संभाल सकती हैं। वह 2013 के विधानसभा चुनावों के लिए आप का घोषणापत्र तैयार करने वाली समिति की प्रमुख सदस्य थीं। वह आम आदमी पार्टी को विस्तार देने में अहम भूमिका निभाती रही हैं। दिल्ली सरकार के मुखिया केजरीवाल के बाद आतिशी इस वक्त सरकार में दूसरी सबसे पावरफुल मंत्री है। आतिशी के अलावा सौरभ भारद्वाज का नाम सियासी गलियारों में सुर्खियां बटोर रहा है। सौरभ भारद्वाज के पास इस वक्त भारी भरकम विभागों की जिम्मेदारी है। वो सरकार और संगठन के मोर्चे पर पार्टी में अपनी उपयोगिता साबित कर चुके हैं। ऐसे में तमाम सियासी समीकरणों को साधने के लिए पार्टी सीएम की कुर्सी उन्हें सौंप सकती है।

## केजरीवाल ने जेल जाने वाले सीएम के रूप में नया कीर्तिमान बनाया : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सत्ता का लालची बताते हुए कहा कि उन्होंने जेल जाने वाले मुख्यमंत्रियों में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अब तक जितने भी मुख्यमंत्री जेल गए, उन्होंने पहले इस्तीफा दिया। पार्टी मुख्यालय में भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नया कीर्तिमान बनाया है। पहले मुख्यमंत्री जेल जाने से पहले इस्तीफा दे देते थे, लेकिन अरविंद केजरीवाल ने सत्ता के लालच में ऐसा नहीं किया।

### भाजपा के सवाल

- **1. दिल्ली की जनता दिवाली पर पटाखे नहीं फोड़ सकती, लेकिन मुख्यमंत्री के जेल से निकलने पर पटाखे फोड़े जा रहे हैं। पार्टी के कार्यकर्ता अपनी ही सरकार के फैसले को ठेंगा दिखा रहे हैं।**
- **2. पद से इस्तीफा देने के लिए उन्हें 48 घंटे क्यों चाहिए। इसमें कोई रहस्य छिपा हुआ है।**
- **3. मुख्यमंत्री जल्द चुनाव कराए जाने की मांग कर रहे हैं। उनके पास राज्य में बड़ा बहुमत है। वे पद से इस्तीफा देकर विधानसभा भंग कर सकते हैं।**

## जनता अपने हाथ में लिखेगी मेरा केजरीवाल ईमानदार: राघव चड्ढा




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अग्निपरीक्षा देने का फैसला किया है। 2025 के विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता उस चुनाव के माध्यम से अपने मुख्यमंत्री को ईमानदार घोषित करेगी। जैसे फिल्म दीवार में अमिताभ बच्चन के हाथ में लिखा था ठीक उसके उलट दिल्ली की जनता अपने हाथ में लिखेगी। मेरा केजरीवाल ईमानदार है। वहीं, दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने ईमानदारी और सम्मान हासिल किया है।

## पहले जेल, फिर बेल और अब राजनीतिक खेल



**जम्मू।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि कोर्ट का आदेश ही ऐसा है कि उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि वह पहले मुख्यमंत्री हैं, जो पहले जेल वाले सीएम थे, फिर बेल वाले सीएम हुए और अब राजनीति के खेल वाले सीएम हो गए हैं। केजरीवाल राजनीति कर रहे हैं और लोगों की सहानुभूति लेना चाहते हैं, इसलिए वह ऐसे बयान दे रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट भी केजरीवाल को सीएम के लायक नहीं मानता : संदीप दीक्षित



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि उन्हें काफी पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था। अब इस इस्तीफे का कोई मतलब नहीं है। नैतिकता की दवा देकर वह मुख्यमंत्री तो बन गए, लेकिन उन्होंने इसकी कोई झलक नहीं दिखाई। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देते हुए क्या कहा है, जब किसी मुख्यमंत्री को पहली बार जमानत मिलती है तो उससे कहा जाता है कि आप दफ्तर नहीं जा सकते, आप अधिकारियों से नहीं मिल सकते, आप वहां कोई फाइल साइन नहीं कर सकते। मतलब साफ है सुप्रीम कोर्ट को अरविंद केजरीवाल पर भरोसा नहीं है।

# पूर्वजों ने ये गलती न की होती, तो आज हिंदुओं की दुर्दशा न होती : गिरिराज सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**




राजस्थान में जलझूलनी एकादशी के अवसर पर निकाले गए जुलूस पर कथित पथराव की घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि अगर मेरे पूर्वजों ने आजादी के समय सारे मुसलमानों को पाकिस्तान भेज दिया होता तो आज हिंदुओं की यह दुर्दशा नहीं होती। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं पर आक्रमण हुआ, उनकी हत्या की गई, लूट की गई, आगजनी और बलात्कार किया गया। इसके बाद कांग्रेसी नेताओं और टुकड़े-टुकड़े गैंग ने यही स्थिति भारत में होने की बात कही गई। मुसलमानों की ओर से राजस्थान से लेकर उत्तर प्रदेश तक पथराव की घटना जोरों पर चल रही है। मेरा देश के तमाम सनातनी लोगों से एक ही आग्रह है कि अब समय आ गया है कि आप लोग इकट्ठा हो जाइए। मैंने पहले भी कहा था अब भी कह रहा हूं नहीं तो आपको जीने नहीं दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने कहा, हमने कभी मुसलमानों के ताजिया पर पत्थर नहीं फेंके। लेकिन इसके बावजूद हमारी पूजा पद्धति पर उन्हें आपत्ति क्यों है। अगर आज पूजा पद्धति पर विरोध है, हिंदुओं के जुलूस पर विरोध है। तो कल यह लोग भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति करना चाहते हैं। हिंदुओं को हर संभव इसका प्रतिकार करना चाहिए। आज भागलपुर में आए हुए मुस्लिम युवक द्वारा अयोध्या के राम मंदिर को उड़ाने की धमकी दी जा रही है। इस पर मुझे फिर से अपने पूर्वजों की गलतियां याद आती हैं। अगर मेरे पूर्वजों ने जिसमें नेहरू या और लोग थे- ने उस समय सारे मुसलमानों को पाकिस्तान भेज दिया होता तो आज हिंदुओं की दुर्दशा नहीं होती।

## तीन मंजिला मकान गिरने से अब तक 10 लोगों की मौत

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में तीन मंजिला इमारत गिरने के कारण अब तक 10 लोगों की मौत हो गई है। मेरठ के जिला मजिस्ट्रेट दीपक मीणा ने बताया कि मृतकों में एक पुरुष, तीन महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा, शनिवार को मेरठ की जाकिर कॉलोनी में अचानक तीन मंजिला इमारत ढह गया था। इसके बाद मौके पर पहुंच बचाव अभियान शुरू किया गया। शनिवार से अब तक 10 लोगों के शवों को बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त मकान में 15 लोग मौजूद थे, लेकिन 12 लोग मलबे में फंस गए। डीएम ने बताया कि मलबे में फंसे 12 लोगों में से एक पुरुष समेत 10 लोगों की मौत हो गई है। शेष दो की तलाश जारी है।

## पंजाब-हरियाणा बॉर्डर सील, लोग हो रहे परेशान



**एजेंसी। कैथल**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच रविवार को उचाना में प्रस्तावित किसानों की महापंचायत के मद्देनजर हरियाणा-पंजाब बॉर्डर को सील कर दिया गया है। इससे पड़ोसी राज्यों की सीमा के आर-पार आने-जाने वाले लोगों को काफी समस्या हो रही है। उनका कहना है कि प्रशासन ने इस तरह से बैरिकेडिंग की है कि पैदल चलने वाले राहगीरों को भी परेशानी हो रही है। सीमावर्ती कैथल जिले में लोगों का कहना है कि बैरिकेडिंग को लेकर प्रशासन की ओर से कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है। यहां पर प्रशासन से कोई अधिकारी नहीं है जो लोगों को इस संबंध में बता पाए। बैरिकेडिंग होने से बड़े-बुजुर्ग बच्चे परेशान हो रहे हैं। एक व्यक्ति ने कहा कि उसे दवाइयां लेने के लिए पटियाला जाना था।

## वाराणसी में महिला हेड कांस्टेबल से 10 लाख रुपये की ठगी

**एजेंसी। वाराणसी**

साइबर अपराधी इन दिनों पुलिसकर्मियों को भी नहीं बख्श रहे हैं। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक महिला हेड कांस्टेबल से साइबर जालसाजों ने 10 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित महिला की पहचान शहर के पुलिस लाइन इलाके की निवासी गीता सिंह के रूप में हुई है। वह एक महीने में रिटायर होने वाली थीं। महिला ने साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि 6 सितंबर को एक अज्ञात नंबर से महिला कांस्टेबल के पास कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को ट्रेजरी विभाग का कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनकी पेंशन का सेटलमेंट हो गया है, वह इसे ऑनलाइन चेक कर सकती हैं। इसके बाद जालसाज ने एक लिंक भेजा और जैसे ही महिला ने लिंक पर क्लिक किया, उसके खाते से 10 लाख रुपये निकल गए। खाते से पैसे निकलने का मैसेज मिलने पर पीड़िता के होश उड़ गए। उसने अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी और फिर साइबर थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस लिंक के आईपी एड्रेस, अकाउंट नंबर, मोबाइल नंबर आदि के आधार पर मामले की जांच कर रही है। साइबर अपराधी आजकल उन कर्मचारियों को निशाना बना रहे हैं, जो रिटायरमेंट के करीब हैं।

## विस चुनाव से पहले बिहार यात्रा पर निकलेंगे उपेंद्र कुशवाहा

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव नजदीक है। ऐसे में तमाम राजनीतिक पार्टियां अपना आधार मजबूत करने के लिए जिला स्तर पर कार्यक्रम कर रही हैं और सदस्यता अभियान चल रही हैं। राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के संस्थापक उपेंद्र कुशवाहा भी अगले साल के अंत में संभावित विधानसभा चुनाव से पहले यात्रा कर एनडीए को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने रविवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, विधानसभा चुनाव नजदीक है। इसे लेकर अन्य पार्टियों की तरह मेरी पार्टी भी सदस्यता अभियान चला रही है।

## कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या, टीएमसी नेता पर आरोप

**एजेंसी। मालदा**

पश्चिम बंगाल के मालदा में रविवार सुबह कुछ बदमाशों ने दिनदहाड़े कांग्रेस के एक नेता की हत्या कर दी। इस घटना से आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई है। घटना मानिकचक के धरमपुर स्टैंड के पास स्थित बाजार की बताई जा रही है। मृतक का नाम शेख सैफुद्दीन बताया जा रहा है जो कांग्रेस से जुड़े थे। मृतक कांग्रेस नेता के बेटे के मुताबिक, उनके पिता रविवार सुबह करीब 9 बजे मानिकचक गए थे। इसी दौरान नकाबपोश बदमाशों ने कांग्रेस नेता को घेर लिया और उन पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। जानकारी के अनुसार, इस दौरान बदमाशों ने बम से भी हमला किया। हमले में कांग्रेस नेता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक के बेटे ने इस हमले का आरोप टीएमसी समर्थित अपराधियों पर लगाया है। बेटे ने आरोप लगाया कि इस घटना में गोपालपुर क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष शेख नासिर शामिल हैं। उनके नेतृत्व में ही बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया और मेरे पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। फिलहाल घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## राजस्थान में सड़क हादसे में मप्र के छह श्रद्धालुओं की मौत

**भोपाल।** राजस्थान के बूंदी जिले के हिंडोली इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-21 पर रविवार तड़के करीब 4 बजे ट्रक और कार के बीच हुई भिड़ंत में मध्य प्रदेश के छह श्रद्धालुओं की मौत हो गयी। कार सवार लोग देवास से खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। हादसे में तीन लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और शव उसमें बुरी तरह फंस गए थे। शवों को निकालने के लिए क्रेन की मदद लेनी पड़ी। कार सवार सभी लोग एक ही परिवार के थे।

## वक्फ संशोधन विधेयक लाने की जरूरत नहीं थी : जस्टिस मुंशी

**एजेंसी। पटना**



वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को लेकर पटना में इमारत-ए-शरिया ने एक बैठक की। इस बैठक में कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश शाहिदुल्लाह मुंशी ने भी शिरकत की। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मुंशी ने कहा, वक्फ (संशोधन) विधेयक के बारे में बताने के लिए हमें आज इस बैठक में बुलाया गया था। केंद्र सरकार द्वारा विधेयक संसद में पेश किया गया। विपक्षी सांसदों के कड़े विरोध के बाद इसे अधिक चर्चा करने के लिए संसद की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में भेज दिया गया है। जेपीसी में चर्चा के दौरान अगर इसे सही पाया गया तो विधेयक को संसद में पारित कराया जाएगा नहीं तो सरकार इसे वापस लेगी। उन्होंने कहा कि वक्फ विधेयक, 1995 में साल 2013 में जो संशोधन लाया गया था, उसके बाद मौजूदा सरकार द्वारा प्रस्तावित संशोधनों की जरूरत नहीं थी। इस विधेयक से सिर्फ नुकसान ही होगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है।

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती है।

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

**मकर :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा।

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाए। नैतिक दायरे में रहें।

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

## अमेरिकी से 4 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाला किया गया गिरफ्तार

**एजेंसी। मुंबई**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने मुंबई में रह रहे एक अमेरिकी नागरिक से चार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान विष्णु राठी के रूप में हुई है। सीबीआई की टीम ने धोखाधड़ी के इस मामले में मुंबई में सात ठिकानों पर छापेमारी भी की। टीम को आरोपित के पास से 100 ग्राम की 57 सोने की छड़ें, 16 लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन, क्रिप्टोकरेंसी के लिए इस्तेमाल किया गया लैपटॉप, लॉकर विवरण और अन्य दस्तावेज मिले। अन्य आरोपितों की तलाश सीबीआई टीम कर रही है। सीबीआई सूत्रों के अनुसार विष्णु राठी ने तकनीकी सहायक होने का दावा कर एक अमेरिकी नागरिक से 4.5 लाख अमेरिकी डॉलर (तीन करोड़ 77 लाख रुपये) की ठगी की थी। इसका इनपुट अमेरिका की जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन यानी एफबीआई ने सीबीआई को दिया था। इसके बाद सीबीआई की ओर से साइबर अपराधियों के खिलाफ 'ऑपरेशन चक्र 3' शुरू किया गया। एफबीआई से मिली जानकारी के बाद जांच में पता चला कि बूलियन समर्थित साइबर अपराध नेटवर्क 2022 से विदेश में रहने वाले लोगों को निशाना बना रहा था। आरोपित विष्णु राठी ने जून और अगस्त 2022 के बीच एक अमेरिकी नागरिक के कंप्यूटर और बैंक खाते तक अनधिकृत रिमोट एक्सेस प्राप्त किया। फिर आरोपित ने तकनीकी सहायता की आड़ में सिस्टम हैक कर बैंक का पैसा अपने नाम कर लिया। राठी ने अमेरिकी को अपने क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में 453,953 अमेरिकी डॉलर ट्रांसफर करने के लिए कहा था।

## जम्मू-कश्मीर में हालात सुधरने का दावा झूठा : महबूबा मुफ्ती

**कुलगाम।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की तारीखें नजदीक आने के साथ-साथ राजनीतिक बयानबाजियों का दौर भी तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में, रविवार को जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भाजपा पर जुबानी हमला बोला। कुलगाम में पत्रकारों से बात करते हुए पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भाजपा सरकार पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि यह शर्म की बात है कि सरकार बार-बार दावा करती है कि जम्मू-कश्मीर में हालात सुधर गए हैं, लेकिन दस साल से चुनाव नहीं कराए गए हैं। लोग तंग आ गए हैं, उनका दम घुटता है। जम्मू कश्मीर के लोग चाहते हैं कि कोई सरकार बने जो उनकी मुश्किलों को दूर करे। पीडीपी चुनाव सिर्फ इसलिए लड़ रही है, ताकि भाजपा मुद्दों को दबा न सके और कश्मीर की आवाज सुनी जाए।

## जादू-टोना के शक में प्रधान आरक्षक समेत पांच की हत्या, पांच गिरफ्तार

**एजेंसी। सुकमा (छत्तीसगढ़)**



जिले के कोंटा थाना क्षेत्र के ग्राम एतकल में जादू-टोने के शक में ग्रामीणों ने एक ही परिवार के पांच लोगों को लाठी-डंडों से बेहरमी से पीट-पीट कर मौत के घाट उतार दिया। इनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही सुकमा एसपी पुलिस बल और अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गए हैं। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर किया है। जानकारी के अनुसार सुकमा जिले के कोंटा थाना क्षेत्र के ग्राम एतकल में एक परिवार पर गांव के लोग जादू टोना करने का शक करते थे। इसे लेकर ग्रामीणों ने एक ही परिवार के पांच सदस्यों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। ग्रामीणों ने मौसम कन्ना (60), उसकी पत्नी मौसम बिरी, मौसम बुच्चा (34), उसकी पत्नी मौसम अरजो (32) और करका लच्छी (43) को लाठी और डंडे से पीट-पीटकर बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद कोंटा पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में इसी गांव के निवासी सवलम राजेश (21), सवलम हिड़मा, कारम सत्यम (35), कुंजाम मुकेश (28) और पोड़ियामि एंका को गिरफ्तार कर लिया है। इतनी बड़ी घटना की सूचना मिलने पर सुकमा एसपी भी अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए हैं। साथ ही कोन्टा एसडीएम शबाब खान भी मौके पर मौजूद हैं।फिलहाल पुलिस इस मामले में आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है। इससे पहले छत्तीसगढ़ के बलोदाबजार जिले के कसडोल थाना क्षेत्र के छरछेद गांव में भी 12 सितंबर को इस तरह की एक सनसनीखेज वारदात हुई थी। यहां भी जादू टोने के शक में चार लोगों की हत्या कर दी गई थी।

## गुजरात प्रवास पर पहुंचे प्रधानमंत्री राज्यपाल और सीएम ने किया स्वागत

**एजेंसी। अहमदाबाद**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार शाम अपने तीन दिवसीय गुजरात प्रवास पर अहमदाबाद हवाईअड्डे पर पहुंचे। हवाईअड्डे पर राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल, प्रोटोकॉल मंत्री जगदीश विश्वकर्मा, अहमदाबाद शहर की महापौर प्रतिभाबेन जैन, राज्य के मुख्य सचिव राज कुमार, जीएडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव कमल दयाणी, राज्य के पुलिस महानिदेशक विकास सहाय, अहमदाबाद शहर के पुलिस आयुक्त जीएस मलिक, मेजर जनरल गौरव बग्गा, अहमदाबाद कलक्टर प्रवीणा डी.के. समेत अन्य अधिकारियों ने भी प्रधानमंत्री मंत्री का स्वागत किया। पीएम मोदी 15 से 17 सितम्बर तक गुजरात प्रवास पर रहेंगे। 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री का जन्मदिन है, वे इस अवसर पर भी अपने गृह प्रदेश में ही रहेंगे। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद वे पहली बार गुजरात पहुंचे हैं। 16 सितम्बर को प्रधानमंत्री मोदी अहमदाबाद के जीएमडीसी ग्राउंड में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में वे 8 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। इससे पूर्व वे 16 सितम्बर को सुबह 10 बजे महात्मा मंदिर में ग्लोबल रीइन्वेस्ट रिन्यूएबल एनर्जी समिट का उद्घाटन करेंगे। दिन के 1.30 बजे वे गांधीनगर के सेक्टर-1 मेट्रो स्टेशन जाएंगे। वे मेट्रो ट्रेन से गिफ्ट सिटी तक की सवारी करेंगे। इसके बाद जीएमडीसी के स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 6 बजे राजभवन लौटेंगे। यहां वे रात्रि विश्राम करेंगे। 17 सितम्बर को सुबह 9 बजे वे भुवनेश्वर के लिए रवाना हो जाएंगे।

## मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने लगाई फांसी

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में रविवार को एक जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुसाइड करने वाले डॉ. नवदीप सिंह पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे थे। वह रेडियो डायग्नोस्टिक के छात्र थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन अब तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की छानबीन जारी है। आत्महत्या के कारणों को पता लगाया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं है कि मौके से कोई सुसाइड नोट मिला है या नहीं। राष्ट्रीय राजधानी में पिछले साल दिसंबर में भी एक ऐसी ही घटना सामने आई थी।

## स्थापना दिवस पर महिला कांग्रेस ने वेबसाइट लांच कर शुरू किया सदस्यता अभियान



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी की महिला इकाई ने रविवार को अपने स्थापना दिवस पर एक वेबसाइट लांच की। इस वेबसाइट के माध्यम से महिला कांग्रेस देशभर में सदस्यता अभियान चलाएगी। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से महिला कांग्रेस से जुड़ने की अपील करते हुए विश्वास दिलाया कि न्याय की लड़ाई में पार्टी उनका साथ देगी। उन्होंने कहा कि पार्टी महिला कार्यकतार्ओं को लीडरशिप ट्रेनिंग देकर सशक्त बनाने का काम भी करेगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार को दी वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड राज्य के रांची एयरपोर्ट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई, जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को एक अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए। इसमें बिहार के विभिन्न शहरों में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का तोहफा मिला है। प्रधानमंत्री ने भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।








# जेएमएम-कांग्रेस मजहब के नाम पर केवल वोट बैंक बना रहे : पीएम मोदी

## जेएमएम के लिए आदिवासी समाज का सम्मान नहीं, परिवार सबसे ऊपर

**रांची। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के गोपाल मैदान में आयोजित भाजपा के परिवर्तन रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें एक बात साफ-साफ समझनी होगी कि जेएमएम और कांग्रेस जैसे दलों को आपका वोट नहीं चाहिए। ये दल मजहब के नाम पर अपना वोट बैंक बनाना चाहते हैं। यही समय है। हमें इस खतरे को यहीं पर रोकना होगा। इसके लिए झारखंड के हर एक नागरिक को एकजुट होना होगा। भाजपा को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति करने वाले लोग किसी के भी सगे नहीं होते। जेएमएम सरकार के 5 साल का कार्यकाल इसका सबूत है। वोट लेने के लिए ये लोग आदिवासियों के नाम पर राजनीति करते हैं लेकिन जेएमएम के लिए आदिवासी समाज का सम्मान नहीं, अपना सियासी फायदा सबसे ऊपर है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड का गरीब आदिवासी पूछ रहा है कि क्या चंपाई सोरेन आदिवासी नहीं थे?

### भर्ती परीक्षा के नाम पर राज्य में 15 से ज्यादा युवाओं की जान गई

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन लोगों ने जब तक नौकरी नहीं, तब तक बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। किसी बेरोजगार को मिला क्या? शहरी रोजगार की योजना शुरू की, रोजगार मिला क्या? नहीं मिली। उल्टे योजनाएं दो महीने में बंद हो गईं। भर्ती परीक्षा के नाम पर राज्य में 15 से ज्यादा युवाओं की जान चली गई। 15 नौजवान, अपनी मां के लाडले, बहन के भाई इस सरकार की गलत व्यवस्था के कारण अपनी जान गंवा बैठे। जिन युवाओं की जान गई है, उनको मैं श्रद्धांजलि देता हूं। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली ऐसी सरकार को हमें झारखंड से हटाना ही होगा।

### जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें हैं, वहां-वहां झूठ की दुकानें

मोदी ने कहा कि अब ये लोग महिलाओं को पैसे देने के नाम पर गरीबों को बहलाने के लिए नए-नए तिकड़म लगा रहे हैं। ऐसे धोखेबाजों को आपको सरकार से बाहर निकालना है। वादे करना और उसे पूरे करना सिर्फ भाजपा का काम है। हमारी सरकार ने और तीन करोड़ गरीबों को पक्का मकान देने का वादा किया है। हम हर घर तक जल पहुंचा रहे हैं। छोटे किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि ढेर सारी घोषणाएं कांग्रेस पार्टी ने भी की थी। कांग्रेस ने पिछले लोकसभा चुनाव में युवाओं और महिलाओं को एक-एक लाख रुपए देने का वादा किया था। महिलाओं ने कांग्रेस दफ्तर पर पैसे मांगने गईं, तो उन्हें अपमानित किया गया, जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें हैं, वहां-वहां ऐसी ही झूठ की दुकान खोली जा रही है।


### मईयां सम्मान योजना के नाम पर लोगों को लूटने का काम कर रहे

प्रधानमंत्री ने कहा कि जेएमएम वाले भी जब-जब कुछ देने की बात करें, तो सावधान हो जाइए। इनको भी ये ट्रेनिंग कांग्रेस से ही मिली है। जब भी ये कुछ देने की बात करेंगे, तो आपकी ही जेब पर डाका डालेंगे। मंईयां सम्मान योजना के नाम पर महिलाओं से 300-300 रुपये मांगे जा रहे हैं। अबुआ आवास के नाम पर 25,000 रुपये तक की वसूली हो रही है। ये पिछले दरवाजे से लाभार्थियों को गुमराह करके उनसे भी वसूली कर रहे हैं।

### झारखंड का गरीब आदिवासी पूछ रहा है कि क्या चंपाई सोरेन आदिवासी नहीं थे

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री के झारखंड में रविवार को चार कार्यक्रम तय थे। इनमें से दो कार्यक्रमों में वह आभासी रूप से शामिल हुए। एक कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री की यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा। करीब दो से ढाई घंटे के इंतजार के बाद आखिरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का काफिला सड़क मार्ग से जमशेदपुर के लिए रवाना हुआ। मौसम खराब होने की वजह से हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। इसकी वजह से प्रधानमंत्री को सड़क मार्ग से ही निकलना पड़ा। इससे पहले प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री मोदी ने जिन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी है उनमें बरहामपुर-टाटा, राउरकेला-हावड़ा, देवघर-बनारस, हावड़ा-गया और हावड़ा-भागलपुर शामिल हैं।

## कांग्रेस ने कभी भी आदिवासियों का हित नहीं सोचा : चंपाई सोरेन



पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस ने कभी भी आदिवासियों के हित के लिए नहीं सोचा। झारखंड अलग राज्य में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कांग्रेस ने यहां के आदिवासी मूलवासी के सम्मान को कुचला और दबाया है। भाजपा ही झारखंड की आदिवसियों की अस्मिता बचा सकती है। संथाल परगना में बंगलादेशी घुसपैठ का एक बड़ा मुद्दा बन गया है। आदिवसियों के हक और अधिकार को मारा जा रहा है। केवल भारतीय जनता पार्टी ही बंगलादेशी घुसपैठ को खत्म कर सकती है। साथ ही कहा कि इसलिए मैंने सोचा कि झारखंड के आदिवासियों की अस्तित्व को बचाना है, झारखंड का विकास करना है तो भारतीय जनता पार्टी में ही रहकर यह हो सकता है।

## युवाओं को नौकरी के बदले मौत बांट रही हेमंत सरकार: अमर बाउरी



अमर बाउरी ने कहा कि हेमन्त सोरेन ने हर बेरोजगार युवाओं को पांच हजार एवं सात हजार बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी और युवाओं को हर साल पांच लाख नॉकरी देने की बात कही थी। अपनी बात को भारी बनाने के लिए शिबू सोरेन का भी नाम लेके उनके बेटे होने की बात शहीद निर्मल महतो की समाधि स्थली पर जाके घोषणा की थी और पूरा नही होने और राजनीति से सन्यास की घोषणा भी की थी। जेल से जमानत से बाहर आने पर भी सप्ताह भी बिना सत्ता के कारण नहीं रह पाने के कारण चम्पई दा को अपमानित करके मुख्यमंत्री की कुर्सी हथिया ली।

## झारखंड की जनता हेमंत सोरेन को दिला देगी संन्यास : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जमशेदपुर के गोपाल मैदान में रविवार को आयोजित परिवर्तन रैली में परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने कहा कि पांच लाख लोगों को नौकरी नहीं देंगे तो हम राजनीति से संन्यास ले लेंगे। इस बार झारखंड की जनता हेमंत सोरेन को जरूरत सन्यास दिला देगी। हेमंत सोरेन को पांच साल का जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में विकास का काम रूका हुआ है। ये लोग कमाने के लिए सत्ता में बैठे हैं। बाबू-पत्थर और जमीन की लूट हो रही है। 1932 के खतियान के साथ फजीवाड़ा कर आदिवासियों की जमीन को बेचा गया है। इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। आप सचमुच में झारखंड में आदिवासियों को बचाना चाहते हैं,



आदिवासियों की जमीन को बचाना चाहते, आदिवासियों की बेटी को बचाना चाहते हैं तो आप सर्वे कराईए, एनआरसी कराईए ताकि इस प्रदेश के आदिवासी को बचाया जा सके। भाजपा इस झारखंड की चिंता करती है। आदिवासियों की चिंता करती है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र में महिलाओं को दो हजार रुपये चूल्हा खर्च, ग्रीन कार्ड से मुफ्त अनाज, युवाओं को साल में पांच लाख नौकरी, नवविवाहिता को सोने का सिक्का, वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगों को ढाई हजार पेंशन, जैसे तमाम वादे झूठे निकले। शहीद निर्मल महतो की शहादत स्थली से झूठे वादे करने वाले हेमंत सोरेन ने विधानसभा में घोषणा किया था कि ग्रेजुएट को 5000 हजार एवं पोस्ट ग्रेजुएट को 7000 रुपये बेरोजगारी भत्ता देंगे। जल, जंगल एवं जमीन बचाने की बात करने वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जल, जंगल एवं जमीन का सबसे अधिक लूट और दोहन किया है। 1951 के जनगणना में 44 प्रतिशत जनजातीय आबादी से लेकर 2011 में 28 प्रतिशत तक सीमित होती जनजातीय आबादी में 16 प्रतिशत की गिरावट आयी है जो हम सभी के लिए चिंता की बात है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ऐसे तमाम घोषणा करके झारखंड की जनता की भावनाओं का दोहन एवं विश्वासघात करने वाली हेमंत सोरेन को उखाड़ फेंकने और परिवर्तन का संकल्प झारखंड की जनता ले चुकी है।

## झारखंड में दलालों एवं बिचैलियों की सरकार : अन्नपूर्णा देवी



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इतनी भारी बारिश में भी इतनी बड़ी तादाद में आई जनता झामुमो-कांग्रेस के महागठबंधन वाली भ्रष्ट हेमन्त सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एवं परिवर्तन के लिए कृत संकल्पित है। झारखंड की वर्तमान भ्रष्ट एवं निक्कमी दलालों एवं बिचैलियों की सरकार से झारखंड को मुक्त करा कर परिवर्तन लाने का संकल्प हम सभी को यहां गोपाल मैदान से लेके जाना है। झारखंड मोदी के लिए एक राज्य नहीं है। झारखंड मोदी के दिल में बसता है। इसलिए ही इतनी लंबी सड़क यात्रा करके मोदी हम सभी से मिलने आए।

## भाजपा ही आदिवासियों को हक देने का कार्य कर सकती है : अर्जुन मुंडा



पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जो झारखंड के आदिवासियों को उचित मान सम्मान के साथ हक व अधिकार देने का कार्य कर सकती है। उन्होंने कहा कि अपने पांच साल को झारखंड को लूटने और बर्बाद करने में गंवाने वाली हेमंत सोरेन सरकार सिर्फ चुनाव और जनता के आक्रोश को देखते हुए चुनावी योजना लायी है।

## राज्यस्तरीय एक दिवसीय प्रांतीय अधिवक्ता सम्मेलन 16 को

**रांची।** राज्यस्तरीय एकदिवसीय प्रांतीय अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन 16 सितंबर को रांची विश्वविद्यालय स्थित आर्यभट्ट सभागार मोराबादी में होगा। यह आयोजन अधिवक्ता परिषद झारखंड के द्वारा किया गया है। यह जानकारी अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि पूरा कार्यक्रम तीन सत्रों में होगा, जो प्रातः 10:30 से शाम 4:30 बजे तक चलेगा, जिसमें पूरे राज्य से लगभग 750 अधिवक्ताओं के सम्मिलित होने की संभावना है। राजेंद्र ने बताया कि कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र कृष्णा, अध्यक्ष झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद होंगे एवं इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक रौशन होंगे। राजेंद्र ने बताया कि अतिथि के रूप में दीपेंद्र सिंह कुशवाह, राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद सह अपर महाधिवक्ता मध्य प्रदेश उपस्थित रहेंगे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य का केंद्र सरकार पर

## कोल रॉयल्टी के बकाया के मुद्दे पर बात नहीं की : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जमशेदपुर आये। पहले से तय था कि वे यहां से छह वंदे मातरम ट्रेनों की शुरूआत करेंगे औ? झारखंड को कुछ बड़ी सौगात देंगे। सुप्रियो ने कहा कि हमें भरोसा था कि इसके साथ वे राज्य का केंद्र सरकार पर



कोल रॉयल्टी का बकाया 01 लाख 36 हजार कोरड़ रुपये का भुगतान की घोषणा भी करेंगे लेकिन इन मुद्दों पर उन्होंने कोई बात ही नहीं की। उल्टा उन्होंने डिस्ट्रिक माईनिंग फाउंडेशन ट्रस्ट की बात की। कहा, ये सिर्फ झारखंड के लिए नहीं है। ये देश के उन सभी राज्यों के जिलों के लिए है, जहां माइन्स और मिनरल्स हैं। जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य रविवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन जिलों से जो रॉयल्टी आती थी, उसका सिर्फ नाम बदल कर डिस्ट्रिक माईनिंग फाउंडेशन ट्रस्ट कर दिया। ये कोई बहुत चमत्कार की बात नहीं थी, जिसकी चर्चा की गयी। दूसरी बड़ी बात उन्होंने ये कही कि पीएम आवास योजना को फिर से शुरू करेंगे। सुप्रियो ने कहा, आपको याद होगा कि 2014 और 2019 में वो बार-बार कहते थे कि 2022 तक देश के हर व्यक्ति का अपना घर होगा।

## बंग्लादेशी घुसपैठ के चलते बदली डेमोग्राफी से सभी का भविष्य चिंतित : हिमंता बिस्वा सरमा



**जमशेदपुर।** असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जमकर हमला किया। वह जमशेदपुर के बिस्टुपुर गोपाल मैदान में रविवार को आयोजित परिवर्तन महारैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बंग्लादेशी घुसपैठियों से पूरा संथाल सहित कोल्हान एवं समस्त झारखंड परेशान है और बदले डेमोग्राफी से सभी का भविष्य चिंतित है। घुसपैठिये झारखंड के आदिवासियों एवं मूलवासियों के संसाधन जल , जंगल एवं जमीन को अपने कब्जे में ले रहा है फिर भी हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी हेमंत सोरेन की सरकार वोट बैंक के लिए आंखों पर पट्टी बांध रखी है एवं संरक्षण देकर वोट के लिए झारखंड में बसा रही है। उन्होंने लोगों से पूछा कि इस बार कोल्हान की 14 में से कितनी सीटें मिलेंगी। भीड़ का जवाब मिला सभी 14 सीटें भाजपा जीतेगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड के तीन दुश्मन...**

ही काम किया है। वह है लूट और भ्रष्टाचार। उन्होंने कहा कि गरीब और शहर के मध्यम वर्ग के लोग एक-एक रुपये के लिए पसीना बहाते हैं, लेकिन झारखंड के मंत्री, सांसदों और उनके नौकरों के ठिकानों से सैकड़ों करोड़ कैश बरामद होते हैं। झारखंड के चुनाव में आपके धन को लूटने वाले, देश और झारखंड के खजाने को लूटने वालों के पाई-पाई का हिसाब करना है। इसके पूर्व रांची में मौसम खराब होने के कारण प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर के लिए रवाना नहीं हो सके। काफी इंतजार के बाद वे सड़क मार्ग से जमशेदपुर पहुंचे। इस कारण छह वंदे भारत ट्रेनों को उन्होंने रांची से वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। वहीं जमशेदपुर में उनका प्रस्तावित रोड शो भी स्थगित हो गया।

**जेएमएम बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़ी है :** मोदी ने कहा कि कांग्रेस को झारखंड से नफरत है। उसने कितने दशक तक दिल्ली में बैठकर देश पर राज किया। उन्होंने देश के दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज को कभी आगे नहीं बढ़ने दिया। ये जेएमएम वाले, जिन्होंने आपके वोट से अपनी राजनीति चमकाई, आज वो किसके साथ खड़े हैं। उन लोगों के साथ खड़े हैं, जो आदिवासियों की जमीन पर कब्जा करने वालों के साथ हैं। इस समय झारखंड में बांग्लादेशी व रोहिंग्या की घुसपैठ बहुत बड़ा खतरा है। यह हर झारखंडी के लिए चिंता का विषय है। जवान बेटियों के हर मां-बाप के लिए चिंता का विषय है। झारखंड हाई कोर्ट ने घुसपैठ पर एक आदेश दिया लेकिन झारखंड सरकार मानने को तैयार नहीं है कि राज्य में घुसपैठ हो रही है। यहां की डेमोग्राफी बहुत तेजी से बदल रही है। सच्चाई यह है कि जेएमएम के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ हमेशा साथ खड़े हैं। ये कट्टरपंथी जेएमएम को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है। क्योंकि, जेएमएम में कांग्रेस का भूत घुस गया है।

**पलामू एसपी रीष्मा ने...**

प्रकृति से जुड़ा हुआ है। हर दिन का अपना विशेष महत्व होता है और इस पर्व को भगवान विष्णु के वामन अवतार और राजा महाबली से भी जोड़ा जाता है। मान्यता है कि राजा महाबली ओणम के दौरान अपनी प्रजा से मिलने आते हैं, जिसके स्वागत में फूलों की रंगोली बनाई जाती है। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि झारखंड में पोस्टिंग होने के बाद वह छठ पूजा भी करती हैं और केरल की परंपराओं के अनुसार ओणम भी धूमधाम से मनाती हैं। उन्होंने राज्य और जिले के लोगों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर एसीबी एसपी अंजनी अंजन ने भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि जब लातेहार में एसपी थे, तब बूढ़ा पहाड़ जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। सितंबर माह में काफी परेशान थे कि कैसे बूढ़ा पहाड़ तक अपनी टीम के साथ जाया जाए। इसी क्रम में कड़ी मेहनत के बाद लातेहार पुलिस पुल तैयार किया। उस दिन ओणम का  पर्व था, जिस कारण पुल का नाम ओणम रखा गया। झारखंड के नक्सल विरोधी अभियान में इस  पुल का विशेष महत्व रहा है। लातेहार के बूढ़ा पहाड़ इलाके में  14 घंटे की मेहनत से 'ओणम सेतु' नामक पुल तैयार हुआ था, जो नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी का हिस्सा बना। इस पुल का निर्माण तत्कालीन लातेहार एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व में किया गया था, जिसने 'ऑपरेशन ऑक्टोपस' को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बहनों की तरफ से पीएम मोदी को 'जावा' दिया : आरती कुजूर



**रांची।** रांची पहुंचने पर पीएम मोदी का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने करमा पर्व के प्रतीक 'जावा' से स्वागत किया। पीएम मोदी के कान पर जावा लगाने वाली आरती कुजूर ने बताया कि पीएम मोदी ने उनसे बातचीत की और झारखंड के करमा पर्व के बारे में भी जाना। उन्होंने कहा कि झारखंड भगवान बिरसा मुंडा और वीरों की धरती है। हम प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हैं और आज उनका रांची एयरपोर्ट पर स्वागत करने का अवसर मिला। 14 सितंबर को भाद्रपद एकादशी पर झारखंड का महापर्व करमा का त्योहार था। आरती कुजूर ने आगे बताया कि बहुत सारी चीजें एयरपोर्ट लेकर गए थे, पहले सिक्योरिटी और स्थानीय प्रशासन ने ले जाने से मना कर दिया। लेकिन, जब हमने कहा कि यह जावा पूजा का है। इसके बाद उन्होंने इसे लाने की अनुमति दी। जब मैंने प्रधानमंत्री मोदी को जावा दिया तो उन्होंने इसके महत्व के बारे में पूछा। मैंने पीएम मोदी को करमा त्योहार, जावा के बारे में सारी चीजें बताई। वो खुश हुए और उन्होंने पूछा किसे देते है तो मैंने कहा कि जावा बहनें अपने भाइयों को देती हैं।

## जेएमएम का मतलब जुर्म, मर्डर और मनी माफिया: शिवराज



**जमशेदपुर।** केंद्रीय कृषि मंत्री और भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने जमशेदपुर के बिस्टुपुर गोपाल मैदान में रविवार को भाजपा की परिवर्तन महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि जेएमएम में जे का मतलब जुर्म माफिया, म से मर्डर माफिया एवं म से मनी माफिया। शिवराज ने कहा कि यहां के सत्ताधारी नेताओं के यहां से करोड़ों रुपये निकल रहे है और ये जनता का पैसा बेशर्मी से लूटकर खाने वालों की सरकार को उखाड़ फेंकना है। ऐसा कब हुआ है कि 3 महीने के अंदर 40 लाख मकान स्वीकृत कर दिए गए और तीन करोड़ मकान के लिए राशि स्वीकृत कर दी गयी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि अब कोई गरीब कच्ची छत के नीचे नहीं रहेगा। मोदी गरीबों को सिर्फ घर नहीं दे रहे, बल्कि आत्मसम्मान से जिदंगी जीने का अवसर भी दे रहे हैं। मोदी प्रधानमंत्री से पहले आपके परिवार के सदस्य हैं। इसीलिए उन्हें सदैव जनता और गरीबों के कल्याण की चिंता रहती है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# मोदी 3.0 : पहले 100 दिनों में 3 लाख करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में तीन लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है। सरकार ने कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को सुविधाजनक बनाने के लिए बुनियादी ढांचे में 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। पीएम मोदी ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है। पिछले महीने के अंत में, पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में 76,000 करोड़ रुपये की लागत वाली मेगा वधवन पोर्ट परियोजना और कई अन्य विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। मुंबई से बमुश्किल 150 किलोमीटर दूर दहानू कस्बे के पास स्थित वधवन बंदरगाह देश के सबसे बड़े गहरे पानी के बंदरगाहों में से एक होगा और केंद्र के बंदरगाह-आधारित अर्थव्यवस्था दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा।

यह भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बड़े बंदरगाहों को महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बनाने की परिकल्पना करता है। इसके पूरा होने पर, इससे देश में 12 लाख नौकरियां और लगभग 1 करोड़ अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। केंद्रीय बजट में राजमार्गों, बंदरगाहों, रेलवे और बिजली संयंत्रों सहित बुनियादी ढांचे के क्षेत्र के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, और विकास को गति देने और अधिक नौकरियां पैदा करने के लिए अगले पांच वर्षों तक इस योजना को जारी रखने की योजना है। सरकार ने अगले दशक में बंदरगाह क्षमता और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए अपने ह्यमैरीटाइम इंडिया विजन 2030 के तहत बड़े पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे कुछ क्लस्टरों में आपूर्ति-मांग में असंतुलन पैदा हो सकता है। इसके परिणामस्वरूप बंदरगाहों के लिए प्रतिस्पर्धा और मूल्य निर्धारण दबाव बढ़ सकता है।




## हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे में अगले 3-4 वर्षों में लगभग 60 हजार करोड़ रु निवेश की उम्मीद

भारत सरकार पूंजीगत व्यय बढ़ाकर सड़क क्षेत्र में निवेश पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगी। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का इस क्षेत्र के लिए बजटीय आवंटन पिछले एक दशक में 8 गुना से अधिक बढ़कर 2025 में 2.7 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो 22 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर को दशार्ता है। हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे में अगले 3-4 वर्षों में 60 हजार करोड़ रुपये निवेश की उम्मीद है। इससे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के तहत नए ग्रीनफील्ड, ब्राउनफील्ड हवाई अड्डे का विस्तार होगा। 2024 में, 21 हवाईअड्डों पर नए टर्मिनल भवनों का संचालन किया गया। इससे प्रति वर्ष लगभग 62 मिलियन यात्री हैंडलिंग क्षमता में वृद्धि हुई। बड़े बुनियादी ढांचे के अभियान पर सवार होकर, देश में निर्माण क्षेत्र में वित्त वर्ष 2025 में 12-15 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है।

# उपराष्ट्रपति ने मुंबई के 434 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 'संविधान मंदिरों' का उद्घाटन किया

एजेंसी



**मुंबई।** भारत की उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को मुंबई में कहा कि संविधान मंदिर भारत के संविधान के प्रति जागरुकता के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर भारतीय संविधान के निमार्ता हैं और भारतीय संविधान हर तरह से अद्वितीय है। मुंबई के एल्फिंस्टन टेक्निकल स्कूल और जूनियर कॉलेज में कौशल विकास विभाग और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण निदेशालय के तहत संचालित 434 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 'संविधान मंदिर' का उद्घाटन रविवार को उपराष्ट्रपति के हाथों किया गया। जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीय संस्कृति का सार हमारे संविधान में समाहित है। भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का संविधान निर्माण में महान योगदान रहा है। भारत का संविधान हर तरह से अद्वितीय है और संविधान के सार को समझना आवश्यक है। वंचितों के विकास के लिए भारत रत्न डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर ने जीवन भर कड़ी मेहनत की। आरक्षण का आधार सामाजिक न्याय है और वंचितों को मुख्यधारा में लाने पर जोर दिया जाना चाहिए। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे संविधान के निमार्ता डॉ. बाबा साहब अंबेडकर ने 1904 से 1907 तक जहां पढ़ाई की थी, वहां खड़ा होने पर गर्व महसूस हो रहा है। एलफिंस्टन टेक्निकल हाई स्कूल देश में आज के कौशल विकास विभाग की नींव रखने वाला पहला स्कूल है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि महाराष्ट्र में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संविधान मंदिर स्थापित किये जा रहे हैं। सभी छात्रों को हमारे संविधान की रचना और उससे जुड़ी सभी जानकारियों को समझना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य शिक्षा प्रणाली को बदलना, कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए छात्रों को 21वीं सदी के लिए तैयार करना है।

## तूफान प्रभावित तीन देशों को भारत ने भेजी राहत सामग्री

**नई दिल्ली।** भारत प्रकृति आपदा जैसे संकट में मदद का हाथ बढ़ाने में सबसे आगे रहता है। इसी क्रम में भारत ने चक्रवात तूफान यागी से प्रभावित म्यांमार, वियतनाम और लाओस के लिए राहत सामग्री भेजी है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूखा राशन, कपड़े और दवाइयों सहित 10 टन सहायता म्यांमार को भेजी गई है। 35 टन सहायता वियतनाम को भेजी गई है, जिसमें जल शुद्धिकरण सामग्री, पानी के कंटेनर, कंबल, रसोई के बर्तन, सौर लालटेन शामिल हैं।

## कोलकाता के मेयर को नहीं मिली विदेश यात्रा की अनुमति

**कोलकाता।** केंद्र सरकार ने कोलकाता के महापौर फिरहाद हकीम को विदेश यात्रा की अनुमति नहीं दी। हकीम को रूस में 17 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाले ब्रिक्स देशों के महापौरों के सम्मेलन के लिए मॉस्को के महापौर ने आमंत्रित किया था। विदेश मंत्रालय के मुताबिक फिरहाद हकीम को रूस दौरे की अनुमति नहीं दी जा रही है। इस फैसले से राज्य प्रशासन और नगर निगम दोनों हैरान हैं, क्योंकि इस तरह की अनुमति न मिलने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है। मेयर हकीम ने कहा कि केंद्र सरकार से अनुमति न मिलने के कारण उनकी रूस यात्रा रद्द हो गई है।

# सॉफ्टवेयर में हुआ बदलाव, अगले माह मिलेगा पहला एलसीए तेजस एमके-1ए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके-1ए पर इजरायली सॉफ्टवेयर का परीक्षण पूरा हो गया है। अब अंतिम परीक्षण के बाद अक्टूबर के अंत तक भारतीय वायु सेना को पहला तेजस एमके-1ए मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में अपनी वाशिंगटन यात्रा के दौरान तेजस एमके-1ए में लगने वाले इंजन की आपूर्ति में देरी का मुद्दा उठाया था। सहमति बनने के बाद इंजन निमार्ता कंपनी ने कार्यक्रम संशोधित किया है, जिसके मुताबिक भारत को नवंबर से नए जनरल इलेक्ट्रिक एफ-404 इंजन मिलने लगेंगे। भारतीय वायु सेना के साथ फरवरी, 2021 में अनुबंध होने के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को इसी साल मार्च से नए विमान की आपूर्ति होनी थी। हालांकि, विमान ने पहली उड़ान मार्च में भरी थी, जिसके बाद वायु सेना को सौंपे जाने से पहले कई परीक्षण किये गए हैं और कई अभी बाकी हैं। सॉफ्टवेयर में बदलाव की मांग वायु सेना ने ही की थी, जिसके चलते विमान की डिलीवरी में कम से कम चार महीने की देरी हुई है। पहला तेजस विमान बी श्रेणी के इंजन के साथ दिया जाएगा। यह इंजन तेजस विमानों के लिए अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ सौदे के पहले हिस्से के रूप में भारत को मिला था।

**1983 में जब एलसीए कार्यक्रम शुरू किया गया था, तब 1994 तक पहले विमान की आपूर्ति करने की योजना थी।**

वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि सॉफ्टवेयर में बदलाव का काम पूरा हो चुका है और पहला विमान अक्टूबर के अंत तक डिलीवर हो जाएगा। सॉफ्टवेयर में अपग्रेड के चलते वायु सेना को समय पर विमान की आपूर्ति को लेकर आशंकाएं थीं। जब 1983 में एलसीए कार्यक्रम शुरू किया गया था, तब 1994 तक पहले विमान की आपूर्ति करने की योजना थी। दिसंबर 2013 में तेजस को शुरूआती परिचालन मंजूरी मिली और 2019 में वायु सेना को अंतिम मंजूरी के साथ पहला विमान दिया गया। यानी परियोजना शुरू होने के 18 साल बाद 2001 में प्रोटोटाइप विमान उड़ान भर पाया।

## भारत को नवंबर से अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक शुरू करेगी इंजन की आपूर्ति

### 2025 में पहली उड़ान भर सकता है तेजस मार्क-2

**जोधपुर।** स्वदेशी आधुनिक लड़ाकू विमान एलसीए तेजस मार्क-2 के 2025 में अपनी पहली उड़ान भरने की संभावना है। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) ने राजस्थान के जोधपुर में एक कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी। भारतीय वायुसेना के स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के विमान एएमसीए और तेजस मार्क-2 के मॉडल को प्रदर्शित किया गया। भारतीय वायुसेना इस स्वदेशी और आधुनिक लड़ाकू विमान को में 2035 तक अपने बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। साथ ही स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के विमान एमका (एएमसीए) को 2040 तक अपने बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य है।



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने अमेरिकी यात्रा में उठाया था एफ-404 इंजन में देरी का मुद्दा

# एजुकेशन/करियर

भारत के सबसे प्राचिन विषयों मेंसे एक है। इस विषय की पढ़ाई कर के करियर के कई अवसर मिलते है। संस्कृत विषय की पढ़ाई भारत के लगभग सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालय में होती है। संस्कृत विषय की पढ़ाई कर के रोजगार के कई दरवाजे खूलते है। इन दिनों करियर की दृष्टि से संस्कृत महत्वपूर्ण भाषा साबित हो रही है. बीते कुछ सालों में संस्कृत का दायरा तेजी से बढ़ा है. यह सही है कि संस्कृत बोलने-समझने वालों की संख्या कम है, लेकिन जानकारों के लिए नौकरी के कई अवसर उपलब्ध हैं. कई स्टूडेंट्स संस्कृत को स्कोरिंग स जेक्ट मानते हैं और इसके बढ़ते महत्त्व को देखते हुए इसमें रुचि लेने लगे हैं.

## संस्कृत में भी संवार सकते हैं अपना भविष्य

### संस्कृत की पढ़ाई के लिए भारतीय संस्थान


- फर्ग्यूसन कॉलेज, पुणे
- डिपार्टमेंट ऑफ़ संस्कृत, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी
- केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर
- संस्कृत विभाग, केरल यूनिवर्सिटी
- गवर्नमेंट संस्कृत कॉलेज, कलकत्ता
- जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर
- महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन (मप्र)
- कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा
- कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय, बेंगलुरु
- कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, नागपुर
- कुमार भास्कर वर्मा संस्कृत और प्राचीन अध्ययन विश्वविद्यालय, असम
- महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय
- सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्व विद्यालय, वाराणसी
- श्री शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय, इर्नाकुलम
- श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, गुजरात
- उत्तराखंड संस्कृत विश्व विद्यालय, हरिद्वार
- इसके अलावे भारत के हर कॉलेज और विश्वविद्यालय में संस्त की पढ़ाई होती है।

### संस्कृत की पढ़ाई कर के रोजगार के अवसर

- प्रशासनिक सेवा
- प्राथमिक अध्यापक
- प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक
- सहायक प्रध्यापक
- अनुसन्धान सहायक
- सेना में धर्मगुरु
- अनुवादक
- पत्रकार
- लिपिक
- लेखक
- ज्योतिषी
- वास्तु सलाहकार
- पुरोहित-
- प्रवाचक

### शीर्ष भर्तीकर्ता

- नरोपा विश्वविद्यालय
- महर्षि प्रबंधन विश्वविद्यालय
- ऐतिहासिक सोसायटी
- एनसीईआरटी



**कोर्स व योग्योता :** संस्कृत एक ऐसा विषय है जिसकी शिक्षा पारंपरिक व आधुनिक दोनों तरह से दी जाती है। संस्कृ त में ग्रेजुएशन करने के लिए आपको किसी भी मान्यसता प्राप्त संस्थाकन से 12वीं की परीक्षा संस्कृतत विषय में 50 फीसदी मार्क्सक के साथ पास करनी होगी। इसके बाद आप किसी भी ऐसे कॉलेज या इंस्टीट्यूट्स में दाखिला ले सकते हैं जहां पर संस्कृत विषय के स्पेशलाइजेशन के साथ आपको बैचलर ऑफ आर्ट एवं अन्य डिप्लोमा कोर्सेस कराए जाते हों। संस्कृत विषय को स्पेशल स जेक्ट के तौर पर चुन करके 3 साल की अवधि में आपकी ग्रेजुएशन डिग्री कंप्लीट की जा सकती है। तो वहीं 1 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स किए जा सकते हैं। इसके अलावा आप मास्टर ऑफ आट्र्स संस्कृत भी कर सकते हैं। इसकी अवधि 2 वर्ष की होती है। हालांकि संस्कृत विषय में रिसर्चर के तौर पर गहन शोध करने के लिए आपको डॉक्टरेट की उपाधि लेनी होगी जिसके लिए पीएचडी करना होगा।

